You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-11 | अंक-315 | मंगलवार, 19 दिसम्बर 2023 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



तकनीकी पर हर किसी का अधिकार होना चाहिए. इसका उपयोग सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाना चाहिए न कि समाज में दूरियां बढ़ाने के लिए। डिजिटल भुगतान प्रणाली आम लोगों के जीवन को सरल बनाने वाली प्रौद्योगिकी का सबसे अच्छा उदाहरण है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

सुरक्षा मुद्दे पर सांसदों का निलंबन लोकतंत्र की हत्या : कांग्रेस 11

एम्स ऋषिकेश को लीवर ट्रांसप्लांट की मिली मंजूरी 12

## संक्षेप

### हाइटेक होगी विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था

**लखनऊ।** लोकसभा में पिछले दिनो सुरक्षा में सेंध लगाने की घटना से चौकन्नी उत्तर प्रदेश सरकार ने विधानभवन के सुरक्षा इंतजामों को अत्याधुनिक तकनीक से लैस करने का फैसला लिया है। इस सिलसिले में सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सुरक्षा व्यवस्था के विषय में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलायी, जिसमें प्रमुख सचिव, विधान सभा,प्रमुख सचिव (गृह),प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन,अपर पुलिस महानिदेशक (इंटेलिजेंस), पुलिस कमिश्नर, लखनऊ,डीआईजी (सुरक्षा) और जिलाधिकारी, लखनऊ ने हिस्सा लिया। बैठक में विधानसभा की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्थाओं का आकलन किया गया एवं उसको सुदृढ़ करने पर विस्तृत विचार किया गया। विधान सभा में दर्शकों एवं अन्य की प्रवेश प्रक्रिया एवं सुरक्षा संबंधी अन्य बिंदुओं के विषय में विशिष्ट व्यवस्था करने पर विचार किया गया। श्री महाना ने सुरक्षा के मद्देनजर एडीजी (सुरक्षा) की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया , जिसमें एसपी (आर), एसपी विधान भवन, मार्शल, विधान सभा एवं संयुक्त सचिव, सचिवालय प्रशासन सदस्य होंगे। समिति विधान सभा की सुरक्षा से संबंधित पहलुओं पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी जिसके बाद विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिकतम तकनीक से लैस करके उच्च स्तरीय बनाया जाएगा।

### अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद कराची के अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

**मुंबई।** भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम कासकर को तबीयत बिगड़ने के बाद पाकिस्तान में कराची के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बतायी गयी है। रिपोर्टों के मुताबिक कि मुंबई निवासी 68 वर्षीय दाऊद को संभवतः जहर दिया गया है, हालांकि सूत्रों ने कहा है कि अभी इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आईएसआई समर्थित दाऊद 12 मार्च, 1993 के उन सिलसिलेवार विस्फोटों का मास्टरमाइंड है, जिसमें 257 लोग मारे गये थे और 713 अन्य घायल हुए तथा कई करोड़ रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। सूत्रों के मुताबिक मुंबई पुलिस अंडरवर्ल्ड डॉन के अस्पताल में भर्ती होने के बारे में उसके रिश्तेदारों से अधिक जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रही है। भारतीय अधिकारी दाऊद की तलाश में हैं। वह कराची में रहता है और अक्सर खाड़ी देशों की यात्रा करता रहता है।

### उपभोक्ता आयोग ने एचएएल पर लगाया 10 लाख रुपये का हर्जाना

**लखनऊ।** राज्य उपभोक्ता आयोग ने हिंदुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) पर 10 लाख रुपये का हर्जाना लगाया है। एचएएल को यह पैसा मैनेजर अरुण कुमार श्रीवास्तव की पत्नी विनीता श्रीवास्तव को देना होगा। उसकी पत्नी ने आयोग में दावा किया था कि एचएएल द्वारा इलाज के लिए पैसा न दिए जाने से उनके पति की मौत हो गई। इसीलिए उन्हें कुल खर्च का 23.85 लाख रुपये दिया जाए।

# एक दिन में 78 सांसद पूरे सत्र के लिए निलम्बित

## लोकसभा के 33 सांसद, राज्यसभा से 45 सांसद निलंबित, शीत सत्र अब तक 92 सांसद सस्पेंड

एजेंसी



नई दिल्ली। लोकसभा के बाद अब राज्यसभा से भी आज 45 सांसदों को निलंबित किया गया है। इन सभी सांसदों को लोकसभा में हुई सुरक्षा चूक को लेकर हंगामा करने पर सस्पेंड किया गया है। इससे पहले आज ही लोकसभा के भी 33 सांसद निलंबित हुए थे। बीते सप्ताह भी कुल 14 सांसद निलंबित हुए थे। इस तरह शीत सत्र में अब तक 92 सांसदों को निलंबित किया जा चुका है। राज्यसभा से जिन सांसदों को सस्पेंड किया गया है, उनमें जयराम रमेश, रणदीप सुरजेवाला और केसी वेणुगोपाल जैसे नेता शामिल हैं। सपा के सांसद रामगोपाल यादव को भी निलंबित किया गया है। इन सभी लोगों को शीत सत्र से निलंबित किया गया है और वे सदन की किसी भी कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

राज्यसभा में अमर्यादित आचरण और आसन की अवहेलना करने के लिए विपक्ष के अनेक प्रमुख सदस्यों सहित 45 सदस्यों को सोमवार को सदन से निलंबित कर दिया गया जिनमें से 11 सदस्यों के आचरण का मामला सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजा गया है जो तीन महीने में अपनी रिपोर्ट देगी। सदन ने 34 सदस्यों को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया है जबकि 11 सदस्यों का निलंबन विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक लागू रहेगा। निलंबित किये जाने वाले सदस्यों में कंग्रेस के सदन में उपनेता प्रमोद तिवारी, कंग्रेस के जयराम रमेश, के सी वेणुगोपाल, समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव, तृणमूल कंग्रेस के सुखेंदु शेखर राय, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा, जनता दल युनाईटेड के रामनाथ ठाकुर, राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी की वंदना चव्हाण और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जान ब्रिटास के नाम प्रमुख हैं। सभापति जगदीप धनखड़ ने चार बार के स्थगन के बाद शाम चार बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरु करते हुए सदस्यों से शांत रहने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। विपक्ष के सदस्य उनकी अपील को अनुसना कर शोर शराबा करते रहे। सभापति ने सदस्यों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी लेकिन इसका असर ना होते देख उन्होंने विपक्ष के 34 सदस्यों के नाम पुकारे। इसके बाद नेता सदन पीयूष गोयल ने नियम 256 के तहत इन सदस्यों के निलंबन का प्रस्ताव सदन में पेश किया जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद सभापति ने 11 अन्य सदस्यों के नाम लिये और श्री गोयल ने उनके निलंबन तथा उनके आचरण का मामला सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजने के लिए नियम 191 के तहत प्रस्ताव पेश किया जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। सभापति ने कहा कि इन 11 सदस्यों का निलंबन विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक लागू रहेगा और यह समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट देगी। प्रस्ताव में कहा गया है कि इन सभी सदस्यों ने सदन में अमर्यादित आचरण किया है और सभापति के बार बार निर्देश दिये जाने के बावजूद उनके निर्देशों की अवहेलना की है। विपक्ष के सदस्य इस दौरान नारेबाजी करते रहे। सभापति ने कहा कि ये 11 सदस्य सदन में तख्तियां लहरा रहे थे जो सदन की परंपराओं और नियमों का घोर उल्लंघन है। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से आत्मचिंतन करने अपील करते हुए कहा कि उनके आचरण से ऐसा लगता है कि विपक्ष सदन में हल्ला ब्रिगेड की तरह काम कर रहा है। सभापति ने निलंबित किये गये सभी 45 सदस्यों से तत्काल सदन से बाहर जाने को कहा ● शेष पेज 11 पर

# लखनऊ पीजीआई की ओटी में आग, मासूम समेत दो की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के ऑपरेशन थिएटर में सोमवार को भीषण आग लगने से 25 दिन के नवजात और एक महिला की मौत हो गई। आग लगी तो महिला का ऑपरेशन कर रहे डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी उसे छोड़कर भाग निकले। अग्निशमन कर्मियों ने महिला का झुलसा शव बाहर निकाला। ओटी कॉम्पलेक्स, आईसीयू और सीसीएम में धुआं भरने से दम घुटने लगा। ओटी में मौजूद 30 से अधिक डॉक्टर, रेजिडेंट, नर्स और दूसरे कर्मचारी पहले भी भाग निकले थे। इस बीच पोस्ट आपरेशन आईसीयू, क्रिटिकल केयर मेडिसन (सीसीएम) में भर्ती दो दर्जन मरीजों को दूसरे वार्डों में शिफ्ट किया गया। फायर सर्विस की आधा दर्जन गाड़ियों ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना को दुखद बताते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने संस्थान निदेशक से घटना की जानकारी ली।


एरसजीपीजीआई के पुराने ओटी कॉम्पलेक्स में पहले 17 ओटी चलती थी। अब केवल तीन ओटी चलती हैं। इंडोग्राइन सर्जरी विभाग की ओटी में पीलीभीत निवासी तयबा (26) और दूसरी ओटी में गाजीपुर निवासी नेहा 25 दिन के बच्चे की हार्ट सर्जरी चल रही थी। सोमवार दोपहर करीब 12:40 बजे मॉनीटर में स्पार्क होने के कारण आग लग गई। जब तक कर्मचारी कुछ समझ पाते तेज धमाके होने लगा। देखते-देखते कुछ ही मिनट में आग ऑपरेशन थिएटर में फैल गई। ओटी में मौजूद डॉक्टर और कर्मचारी मरीज को छोड़कर भाग निकले। एनीस्थीसिया देने के कारण दोनों मरीज बेहोश थे। महिला ने ओटी में ही झुलसकर मौत हो गई, जबकि बच्चे को ओटी से निकालकर डायलिसिस यूनिट की आईसीयू में शिफ्ट किया गया। फिर भी उसकी ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख, बृजेश पाठक से मांगी रिपोर्ट

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में एसजीपीजीआई में हुई घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से एसजीपीजीआई की घटना की जानकारी ली एवं उनसे घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की है। साथ ही सीएम ने वरिष्ठ अधिकारियों और फायर बिग्रेड की टीमों को मौके पर पहुंच कर राहत कार्य तेजी से करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाने और उचित उपचार देने का निर्देश दिया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# एएसआई ने अदालत में दाखिल की ज्ञानवापी मस्जिद की सर्वेक्षण रिपोर्ट

एजेंसी



वाराणसी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने सोमवार को वाराणसी जिला अदालत में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की अपनी वैज्ञानिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की।

हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि एएसआई के अधिकारी और उसके वकील अमित श्रीवास्तव जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में पेश हुए और एक सीलबंद लिफ़ाफ़े में वैज्ञानिक सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपी। अदालत ने रिपोर्ट स्वीकार कर ली और सुनवाई की अगली तारीख 21 दिसंबर तय की। श्री यादव ने कहा कि जिला जज के समक्ष हिंदू पक्ष ने उच्चतम न्यायालय के पिछले साल 10 अगस्त के लिखित आदेश को पेश किया, जिसमें कहीं भी सीलबंद लिफ़ाफ़े में रिपोर्ट सौंपने का जिक्र नहीं किया गया है, इसलिए रिपोर्ट की एक प्रति हिंदू पक्ष के वकीलों को दी जाए। हालांकि सर्वे रिपोर्ट को सार्वजनिक करने पर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति जताई। ज्ञातव्य है कि 11 दिसंबर को, एएसआई के वकील ने रिपोर्ट जमा करने के लिए एक सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा था। इसके पीछे तर्क था कि अधीक्षण पुरातत्वविद् अविनाश मोहंती का रक्तचाप बढ़ने से वह अदालत में पेश नहीं हो सके। जिला अदालत ने तब एक सप्ताह का समय बढ़ाया था और 18 दिसंबर तक रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। पिछली 21 जुलाई को वाराणसी जिला अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण का आदेश दिया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि मस्जिद का निर्माण हिंदू-मंदिर की पूर्व-संरचना पर किया गया था या नहीं। एएसआई द्वारा वज़ूखाना को छोड़कर पूरी ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण किया जा रहा था, जहां कोर्ट कमीशन की जांच के दौरान एक शिवलिंग जैसी संरचना पाई गई थी।

# चिड़ियाघर में हिप्पो का कर्मचारियों पर हमला, एक की मौत, दूसरा घायल

लखनऊ। लखनऊ चिड़ियाघर में सोमवार को हिप्पो ने दो कर्मचारियों पर हमला कर दिया। इसमें एक कर्मचारी की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल है। कुछ दिन पहले ही हिप्पो ने एक अन्य कर्मचारी पर भी हमला बोला था। उसका भी अभी तक इलाज चल रहा है। हिप्पो के हमले में कर्मचारी की मौत से हड़कंप मचा है। जिस हिप्पो ने हमला किया है उसे कुछ दिन पहले ही कानपुर चिड़ियाघर से लखनऊ लाया गया था। बताया जाता है कि कर्मचारी सूरज रोज की तरह काम करने के लिए बाड़े में गया था। इसी बीच हिप्पो ने हमला कर दिया। हमले में एक अन्य कर्मचारी राजू बाल्मिकी घायल है। चिड़ियाघर की निदेशक अदिति शर्मा भी सिविल अस्पताल पहुंची हैं। चिड़ियाघर प्रशासन के अनुसार बाड़े में कुछ काम के लिए कर्मचारी सूरज गया था। इसी दौरान हिप्पो ने उसपर अचानक हमला बोल दिया। घायल कर्मचारी को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। कहा जा रहा है कि सोमवार को चिड़ियाघर में ● शेष पेज 11 पर

# राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले अभेद्य किला बनेगी अयोध्या

एजेंसी



अयोध्या। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी को सुरक्षा के लिहाज से अभेद्य किले में तब्दील कर दिया जायेगा।

पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया ळ अयोध्या पहले से संवेदनशील क्षेत्र रही है। सुरक्षा योजना की दृष्टि से हमारे पास सीआरपीएफ, यूपीएसएसएफ, पीएसी और सिविल पुलिस मौजूद है। इसमें नई तकनीक का समावेश किया गया है। श्रद्धालुओं के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की गई है। जल्द ही राम मंदिर के लिए नई सुरक्षा योजना लागू होगी, जिसके तहत कोई भी व्यक्ति बगैर जांच पड़ताल के मंदिर के आस-पास भी नहीं फटक सकेगा। उन्होने बताया कि अयोध्या में जगहऽजगह चेकिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे। बगैर अनुमति के इस इलाके में ड्रोन नहीं उड़ाए जा सकेंगे। भविष्य में रिवर सिक्योरिटी को भी मजबूत किया जाएगा। नदी के किनारे सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। लोकार्पण के समय की सुरक्षा व्यवस्था के तहत जिले में 37 शासकीय और अशासकीय जमीनों पर पार्किंग व्यवस्था की जा रही है। यहां भी कैमरे लगे होंगे। श्री कुमार ने बताया कि 22 व 23 जनवरी को भारी वाहन शहर के भीतर से होकर नहीं जाएंगे। साथ ही जिन लोगों को आमंत्रण दिया गया होगा उनके आने के लिए बेहतर व्यवस्था रहेगी। लेकिन अन्य छोटे वाहनों के लिए भी व्यवस्था लागू की जाएगी कि वह अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच सकें। डायवर्जन की सूचना विभिन्न माध्यमों से दी जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान सुरक्षा के मददेनजर खुफिया विभाग चारों ओर सक्रिय रहेगा। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का भी सहयोग लिया जाएगा। अराजकतत्वों की जानकारी के साथ ही उन पर पैनी नजर रहेगी।

### तीन प्रतिमाओं में चुनी जायेगी रामलला की मूर्ति

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि स्थल पर भव्य राम मंदिर में पांच वर्ष के राजकुमार रामलला की प्रतिमा का चुनाव तीन मूर्तियों में से किया जायेगा जो 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश दुनिया के करोड़ों राम भक्तों को मोहपाश में बांधेगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पतराय ने आज पत्रकारों से बातचीत में कहा कि तीन लोगों में से जो भी मूर्तिकार पांच वर्ष के बालक की कोमलता को उकेरने में सफल होगा उसी की मूर्ति चुनी जाएगी। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का पूजन 16 जनवरी से ● शेष पेज 11 पर

# मोदी की गांरटी, भारत बनेगा दुनिया की तीसरी बड़ी ताकत : पीएम

एजेंसी




वाराणसी। काशी समेत समूचे देश के विकास के प्रति भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी ताकत बनाने में सफल होंगे।

वाराणसी में 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं के शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा अब से कुछ महीने बाद ही देश भर में चुनाव है और मोदी ने देश को गारंटी दी है कि वो अपनी तीसरी पारी में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी ताकत बनाकर रहेगा। ये गारंटी अगर मैं देश को दे रहा हूं, तो इसका कारण आप सभी हैं सेवापुरी ब्लॉक के बरकी ग्राम सभा में आयोजित कार्यक्रम में उन्होने कहा कि किसान, महिला, युवा और गरीब-वंचित ही उनके लिए चार जातियां हैं, इन चारों जातियों के शत प्रतिशत कल्याण से ही भारत विकसित राष्ट्र बन सकेगा। श्री मोदी ने कहा आज काशी समेत सारा देश विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित भारत संकल्प यात्रा हजारों गांव और हजारों शहरों में पहुंच चुकी है। इस यात्रा में गाड़ी चल रही है जिसे देशवासी मोदी की गारंटी वाली गाड़ी बता रहे हैं। हमारा प्रयास है कि भारत सरकार द्वारा गरीब कल्याण के लिए जो भी योजनाएं बनाई गई हैं, उनसे कोई लाभार्थी वंचित ना रहे। पहले गरीब सरकार के पास चक्कर लगाता था अब सरकार खुद चलकर गरीबों के पास जा रही है। इससे सबसे बड़ी चीज जो लोगों को मिली है वो है विश्वास। जिन्हें योजनओं का लाभ मिला है उन्हें ये विश्वास मिला है कि उनका जीवन और बेहतर होगा। जिन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उन्हे भी ये विश्वास मिला है कि एक ना एक दिन योजना का लाभ मिलेगा। देश के अंदर ये विश्वास भी बढ़ा है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब काशी का विकास होता है तो यूपी का विकास होता है और जब यूपी का विकास होता है तो देश का विकास होता है। इसी भाव के साथ यहां करीब 19 हजार करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें पीने के पानी की सप्लाई, ट्रॉमा सेंटर में क्रिटिकल केयर यूनिट, सड़क, बिजली, गंगा घाट, रेलवे, एयरपोर्ट, सौर ऊर्जा जैसे कई क्षेत्रों के प्रोजेक्ट विकास की गति को और तेज करेंगे। वाराणसी में हाल ही में संपन्न देव दीपावली का जिक्र करते हुये श्री मोदी ने कहा ळ इस बार जो लोग देव दीपावली के अद्भुत दृश्य देखकर आए, जिनमें विदेशी मेहमान भी शामिल थे, उन्होंने मुझे दिल्ली में पूरा हाल बताया था। जी20 में आए मेहमान हो या बनारस आने वाला कोई भी अतिथि, जब बनारस के लोगों की प्रशंसा करते हैं तो मेरा भी माथा ऊंचा हो जाता है। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने से उन्हें बहुत लाभ मिला है। आत्मविश्वास से भरे बच्चों और महिलाओं से मिलकर ये पता चलता है कि समाज के भीतर कैसी शक्ति छिपी पड़ी है। एक से बढ़कर एक सामर्थ्यवान माताओं, बच्चों, युवाओं को देखने, समझने जानने का अवसर मिला है। दो दिन के काशी प्रवास से इतना कुछ सीखने को मिला कि उनका जीवन धन्य हो गया है। प्रधानमंत्री ने भोजपुरी में जनता से पूछा कि ळ एक बार बतावा, गोदौलिया से लंका तक टूरिस्टन क संख्या बढ़ल हव कि नाही।' उन्होंने ● शेष पेज 11 पर

## बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ देने की गारंटी है ये नया भारत : योगी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के पथ पर चल रहा 'नया भारत' सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ बिना भेदभाव के देने की गारंटी देता है। सेवापुरी ब्लॉक के बरकी ग्राम सभा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा (ग्रामीण क्षेत्र) कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होने कहा ळ आज विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी गांव गांव में श्री मोदी की गारंटी की गाड़ी बन रही है। जो लोग अभी तक वंचित हैं उन्हें योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के देने की गारंटी है ये नया भारत। हम 2047 तक भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाकर एक विकसित भारत बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज हम सब देशवासी एक नये भारत का दर्शन कर रहे हैं। एक ऐसा भारत जिस पर 140 करोड़ भारतवासी गौरव की अनुभूति कर रहा है। वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनते हुए पूरा देश देख रहा है। हम सब भारतवासी इस बात के लिए अभिभूत हैं कि पहली बार गरीब किसी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना है। बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ और योजनाओं की जानकारी मोदी जी की गारंटी वैन के माध्यम से हमें देखने को मिल रही है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के काशी में दो दिवसीय सघन कार्यक्रम में देश पहली बार देख रहा है कि अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के बीच जाकर खुद प्रधानमंत्री मोदी योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं और उनसे संवाद स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी गांव गांव में मोदी जी की गारंटी की गाड़ी बन रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का अंगवस्त्रम और सिंह की नक्काशी वाली प्रतिमा देकर कार्यक्रम में स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश सरकार में मंत्री जयवीर सिंह, रविन्द्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र दयालू, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री ने वाराणसी और नई दिल्ली के बीच दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## इसकी नियमित सेवा 20 दिसम्बर से शुरु होगी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियों कंफ्रेंसिंग के माध्यम से बनारस और नई दिल्ली के बीच दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया । बनारस और दिल्ली के बीच पहली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी फरवरी, 2019 में शुरू की गई थी । वंदे भारत एक्सप्रेस में सभी कोच वातानाकूलित कुर्सीयान के हैं । 22415/22416 नई दिल्ली-बनारस-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी की नियमित सेवाएं दोनों दिशाओं में 20.12.2023 से शुरू होंगी । 22415 बनारस-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी बनारस से प्रातः 6.00 बजे प्रस्थान करके उसी दिन दोपहर 02.05 बजे नई दिल्ली पहुँचेगी । वापसी दिशा में 22416 नई दिल्ली-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी नई दिल्ली से दोपहर 03.00 बजे प्रस्थान करके उसी दिन रात्रि 11.05 बजे बनारस पहुँचेगी । यह रेलगाड़ी मार्ग में दोनों दिशाओं में प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर ठहरेगी । यह रेलगाड़ी मंगलवार को छोड़कर सप्ताह के 6 दिन सेवा प्रदान करेगी। 16 डिब्बों वाली इस रेलगाड़ी में 14 कुर्सीयान और 2 एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान होंगे । इस रेलगाड़ी में ऑनबोर्ड वाई-फाई इंफोटेनमेंट, जीपीएस-आधारित यात्री सूचना प्रणाली, आलीशान आंतरिक सज्जा, टच-फ्री सुविधाओं के साथ बायो-वैक्यूम शौचालय, विसरित एलईडी लाइटिंग, हर सीट के नीचे चार्जिंग पॉइंट, व्यक्तिगत टच-आधारित रीडिंग लाइट्स और छुपा हुआ रोलर ब्लाइंड जेसी बेहतर यात्री सुविधाएं हैं । इसके अतिरिक्त, इसमें हवा की रोगाणु-मुक्त आपूर्ति के लिए यूवी लैंप के साथ बेहतर हीट वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम भी है। इसकी सेंसर आधारित एयर कंडीशनिंग प्रणाली तापमान की स्थितियों के अनुसार वातानुकूलन को व्यवस्थित करती है। आज से प्रारंभ होने वाली दूसरीनई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलसेवा और पहले से ही इसी रेलमार्ग पर चलने वाली रेलसेवा के बीच मुख्य अंतर यह है कि नई वंदे भारत एक्सप्रेस बनारस से सुबह प्रस्थान करेगी, जबकि पहले वाली वंदे भारत दिल्ली से सुबह के समय प्रस्थान करती है । इसलिए, यह रेलगाड़ी सुबह वाराणसी से दिल्ली, प्रयागराज या कानपुर पहुंचना चाहने वाले यात्रियों की मांग को पूरा करने में मदद करेगी ।

# रालोद 23 दिसम्बर से गांव चलो अभियान सप्ताह का करेंगी शुरूआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) पार्टी की ओर से 23 दिसम्बर 2023 से ''गांव चलो'' अभियान की शुरूआत की जा रही है। यह अभियान 31 दिसम्बर 2023 तक चलाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के द्वारा जनमानस को जागरूक किया जाएगा व पार्टी से जोड़ा जाएगा। यह जानकारी सोमवार को रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व प्रधानमंत्री, किसान मसीहा स्व0 चौधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती को 'किसान सप्ताह' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत 23 दिसम्बर से ''गांव चलो'' अभियान प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पार्टी नेतागण व कार्यकर्ता अपने–अपने क्षेत्रों के गांवों में ग्रामीणों के बीच जाएंगे और जनसभाएं, संगोष्ठियां का आयोजन करेंगे। इनके माध्यम से नई पीढ़ी को चौधरी चरण सिंह के आदशों, उनकी सामाजिक, आर्थिक एवं कृषि नीति के विषय में बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों से हमें अपने किसान-कामगार भाइयों की समस्याओं को जानकारी की करनी है। इसके बाद उनके समाधान में पार्टी स्तर पर मदद की जाएगी। साथ हमें इस तरह का सम्बंध स्थापित करना है कि वे राष्ट्रीय लोकदल के कार्यक्रमों के प्रति आकर्षित हों तथा अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जुड़ें। रालोद के ''गांव चलो'' सप्ताह को लेकर राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी द्वारा पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पत्र जारी करते हुए कार्यक्रम आयोजन की तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए गए हैं।

## चिड़ियाघर में हिप्पो के हमले से कर्मचारी की मौत

लखनऊ। चिड़िया घर में सोमवार को सफाई करने के लिए बाड़े में घुसे दो कर्मचारियों पर हिप्पो ने हमला बोल दिया। इसमें एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। चिड़िया घर की निदेशक डॉ.अदिति शर्मा ने बताया कि ठाकुरगंज के कंपवेल रोड बरौरा निवासी सूरज दस साल से चिड़िया घर में सफाई का काम कर रहा था। सोमवार को वह अपने साथी राजू के साथ सफाई करने के लिए हिप्पो के बाड़े में घुसे थे कि तभी हिप्पो ने उन पर हमला कर दिया। हिप्पो कुछ दिन पहले ही कानपुर के चिड़ियाघर से लाया गया था। हिप्पो के हमले से कर्मचारी सूरज की मौत हो गई। सूरज की मौत की खबर मिलने पर परिवार में रोना–पीटना मचा रहा। निदेशक ने बताया कि हर सोमवार को जानवरों के बाड़ों की सफाई की जाती है। सोमवार को दोनों कर्मचारी सफाई के लिए बाड़े में पहुंचे थे, जहां हिप्पो ने उन पर हमला बोल दिया। सूरज को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

## चरित्र मजबूत है तो देश भी मजबूत होगा : प्रेम भूषण

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथावाचक प्रेम भूषण महराज ने राम के गुणों का गुणगान करते हुए कहा कि यदि आपका चरित्र मजबूत है तो देश भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि मानवता एवं मानव मात्र की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि ममता चैरिटेबल ट्रस्ट सेवा, सहायता, सहयोग एवं लोक कल्याण के क्षेत्र में अविस्मरणीय कार्य कर रही है। प्रेम भूषण महाराज ने कहा कि श्रीराम कथा करवाना सशक्त भारत,सशक्त प्रदेश व सशक्त लख़नऊ बनाने की दिशा में एक अद्भुत कदम है। आयोजक राजीव मिश्रा प्रतिवर्ष कथा कराते हैं। इस वर्ष भी 17 दिसंबर से 25 दिसम्बर तक कथा चल रही है। आज दूसरे दिन श्रीराम कथा पर प्रेम मूर्ति के भजनों पर भक्त झूम उठे। प्रेम भूषण महराज के सानिध्य में श्री गणेश वंदना,श्री रामायण जी की आरती एवं दीप प्रज्जवलित कर श्रीराम कथा का शुभारंभ विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यसभा सांसद विद्या सोनकर सहित प्रतिष्ठित डाक्टर,लोकप्रिय समाज सेवक,प्रशानिक अधिकारी एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

## समाज और शासन की स्थापना में अपने मत का उचित प्रयोग करें : डॉ अरविंद मिश्र

प्रयागराज। लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। इस प्रणाली पर आधारित समाज व शासन की स्थापना के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के अपने मत का उचित प्रयोग करें। यह बातें एनएसएस प्रभारी डॉ अरविंद कुमार मिश्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज में ल्लमतदाता जागरूकता अभियान'' के तहत छात्र–छात्राओं को मतदाता की शपथ दिलाने के उपरान्त कहा। उन्होंने 18 वर्ष के सभी विद्यार्थियों को मतदाता के रूप में रजिस्टर होने और मतदाता के रूप में अपनी क्षमताओं को जानने–समझने के लिए प्रेरित किया एवं शपथ दिलायी–''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अटूट विश्वास रखते हुए, अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं और स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनावों की गरिमा को बनाए रखने और हर चुनाव में निडर होकर और धर्म के विचारों से प्रभावित हुए बिना मतदान करने की प्रतिज्ञा करते हैं।'' तत्पश्चात मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ गायत्री सिंह, डॉ रेफाक अहमद एवं डॉ शैलेश कुमार यादव, डॉ कृष्णा सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता रैली महाविद्यालय परिसर स्थित मुक्तांगन से निकलकर विकास विद्यालय एवं राजेंद्र छात्रावास से होते हुए वाणिज्य विभाग, शुक्ला मार्केट, सलोरी, टेम्पो स्टैण्ड होते हुए बड़ी बगिया से वापस महाविद्यालय स्थित गांधी उद्यान में समाप्त हुआ। प्रो. मनोज कुमार दूबे ने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली का प्रमुख उद्देश्य, नागरिकों में निर्वाचकीय जागरूकता पैदा करना और उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन डॉ कृष्णा सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ गायत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ रेफ़ॉक अहमद, डॉ शैलेश यादव, डॉ आलोक कुमार मिश्रा, डॉ रुचि गुप्ता तथा महाविद्यालय के सभी यूनिट के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## हिंदूवादी नेता से सचिन सिरोही से हाईकोर्ट ने हटाया गुंडा एक्ट

मेरठ। हिन्दुओं के संरक्षण की बात करने वाले हिन्दूवादी नेता सचिन सिरोही पर लगे गुंडा एक्ट को हाईकोर्ट ने हटा दिया है। सचिन सिरोही ने कहा कि उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कानून व्यवस्था पर भरोसा था। हिन्दू जागरण मंच के पूर्व महानगर अध्यक्ष सचिन सिरोही लगातार हिन्दुओं के संरक्षण की बात उठाते रहे हैं। 2022 में खजूरी गांव में हुए दीपक त्यागी हत्याकांड के बाद आंदोलन करने पर पुलिस ने सचिन सिरोही को अपने निशाने पर ले लिया था। उनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज किए गए। इसके बाद पुलिस ने सचिन सिरोही पर गुंडा एक्ट लगाते हुए नोटिस जारी किया। इसके खिलाफ सचिन सिरोही ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट ने पुलिस के गुंडा एक्ट के नोटिस को निरस्त कर दिया है। सचिन सिरोही के अधिवक्ता अजय कुमार के अनुसार, हाईकोर्ट ने गुंडा एक्ट के नोटिस को खारिज कर दिया है। सचिन सिरोही ने इसे न्याय की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा गुंडा एक्ट को नोटिस भेजा गया था। इसके खिलाफ हम हाईकोर्ट गए। हाईकोर्ट ने नोटिस को निरस्त कर दिया है। हिंदुओं के संरक्षण की बात कहने पर मेरा उत्पीड़न किया जा रहा है। इसके बाद भी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई। उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा भरोसा है, इसलिए मेरे साथ न्याय हुआ है।

## मेडा उपाध्यक्ष ने पकड़वाए रिश्वत लेने वाले दो कर्मचारी, निलंबित

मेरठ। मेरठ विकास प्राधिकरण (मेडा) के उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने सोमवार को रिश्वत लेने वाले दो कर्मचारियों को एंटी करप्शन विभाग को सौंप दिया। इसके बाद दोनों को निलंबित कर दिया। उपाध्यक्ष ने भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ अभियान तेज करने की बात कही है। लावड़ कस्बे के लोगों ने मेडा उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय से दो अनुचरों वेदप्रकाश और सुदेश पर अवैध निर्माण पर सीलिंग के नाम पर रिश्वत लेने की शिकायत की थी। ये कर्मचारी लोगों से चार से पांच हजार रुपए वसूल रहे थे। सोमवार को उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने एंटी करप्शन विभाग के इंस्पेक्टर दुर्गेश कुमार को बुलाकर दोनों कर्मचारियों को उन्हें सौंप दिया। इसके बाद वेदप्रकाश और सुदेश को निलंबित कर दिया गया। मेडा उपाध्यक्ष ने एसएसपी को दोनों कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए पत्र लिखा है। मेडा सचिव चंद्रपाल तिवारी को पूरे मामले की जांच सौंपी गई है। सचिव को 15 दिन में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। रिश्वतखोरी के आरोप में न केवल दो अनुचरों को निलंबित कर दिया। वीसी ने खुद दोनों कर्मचारियों को दफ्तर में बुलाकर एंटी करप्शन टीम को सौंप दिया। साथ ही एसएसपी को एफआईआर के लिए पत्र भेजकर सचिव को जांच सौंप दी है। सचिव को 15 दिन के अंदर रिपोर्ट देनी है। इस कार्रवाई से मेडा कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है।

## गाजियाबाद की कपड़ा फ़ैक्टरी में लगी भीषण आग, चारों ओर धुंआ–धुंआ

गाजियाबाद। साहिबाबाद थाना इलाके में मोहन नगर लोनी रोड पर कृष्ण इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने शाही एक्सपोर्ट कपड़ा फैक्टरी में सोमवार की दोपहर की आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर कर लिया और फ़ैक्टरी की बिल्डिंग में दरार आ गयी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश में लगी हैं। दमकल की कि14 गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी है। नोएडा व मेरठ से भी गाड़ियां मंगाई गई हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि कपड़ा फैक्टरी में लगी आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत की जा रही है। घटना के समय कर्मचारियों को बाहर निकालने के दौरान दो लोग गिर गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। आग पर नियंत्रण पाने का काम लगातार चल रहा है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में कंपनी के कर्मचारियों ने भी आग बुझाने का प्रयास किया था । लेकिन आग की लपटें तेजी से फैलती गईं। फिलहाल फैक्टरी के अंदर किसी के फंसे होने की सूचना नहीं है।

# ग्रेटर नोएडा में इंस्टीट्यूशनल प्लॉट आवंटन की नई स्कीम लायी योगी सरकार, प्रक्रिया शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के निर्देश पर यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने ग्रेटर नोएडा में पांच कैटेगरी के इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स की ई-ऑक्शन प्रक्रिया शुरु कर दी है। जेवर एयरपोर्ट से नजदीकी के चलते प्राइम लोकेशन पर स्थित इन प्लॉट्स के आवंटन के जरिए ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 18, 20 व 22 ई में नर्सिंग होम, हॉस्पिटल, मैटरनिटी सेंटर, कॉर्पोरेट ऑफिस व सीनियर सेकेंडरी स्कूल की स्थापना व संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा। यीडा द्वारा हाल ही में लॉन्च की गई इस स्कीम में प्लॉट पाने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 1 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है तथा 29 फरवरी 2024 को ई-ऑक्शन प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

**प्राइम लोकेशन पर स्थित हैं प्लॉट्स**

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट से नजदीकी के चलते ये प्लॉट्स प्राइम लोकेशन पर स्थित हैं तथा स्कीम के जरिए सभी प्लॉट्स को 90 साल के लीज होल्ड पर आवंटित किया जाएगा। प्लॉट आवंटन स्कीम के तहत 1000 स्क्वेयर मीटर से लेकर 10900 स्क्वेयर मीटर के कुल 11 प्लॉट्स के लिए ई-ऑक्शन के जरिए बोली लगने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इन प्लॉट्स का रिजर्व्ड प्राइस 4.75 करोड़ से लेकर 25.95 करोड़ रुपये के बीच रखा गया है तथा आईसीआईसीआई बैंक ई-ऑक्शन प्रक्रिया में बैंकिंग पार्टनर की भूमिका निभा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि ई-ऑक्शन में भाग लेने के लिए यीडा की आधिकारिक साइट पर 25 हजार रुपये की प्रोसेसिंग फीस जमा करके ब्रोशर डाउनलोड किया जा सकता है। इस स्कीम के जरिए आवंटित होने वाले प्लॉट्स जेवर एयरपोर्ट के साथ ही इंटरनेशनल फिल्म सिटी (नोएडा), एफ-1 मोटोजीपी ट्रैक, मेडिकल डिवाइस पार्क, इलेक्ट्रानिक मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर, टाय पार्क से भी निकटता होगी तथा यमुना एक्सप्रेसवे से सटा होगा। इसके अतिरिक्त, प्रस्तावित ईस्टर्न पेरिफ़ेरल एक्सप्रेसवे से भी इसका संपर्क सुनिश्चित किया जाएगा।

**इंस्टीट्यूशंस को करना होगा कई प्रकार की सुविधाओं का विकास**

उन्होंने बताया कि प्लॉट आवंटन स्कीम के जरिए जो इंस्टीट्यूशंस आवंटित भूमि पर अपनी इकाई लगाएंगी, उन्हें कई मानकों को सुनिश्चित करना होगा। इसके अतिरिक्त, उन्हें अपनी इकाई में कई प्रकार की नागरिक सुविधाओं का विकास भी करना होगा। स्कीम के जरिए हॉस्पिटल की स्थापना के साथ ही इंस्टीट्यूशंस को मेडिकल ट्रीटमेंट व फैसिलिटीज के साथ एक ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करना होगा जिसमें हॉस्पिटल के ट्रीटमेंट सेंटर समेत एटीएम, ऑडिटोरियम, बैंक काउंटर एक्सटेंशन, इनफॉर्मेशन सेंटर, कैंटीन, स्टोर्स, इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर, केमिस्ट शॉप्स, इंटरनेट सेंटर समेत तमाम सुविधाओं का विकास सुनिश्चित करना होगा।

इसी प्रकार, नर्सिंग होम के लिए ट्रीटमेंट सेंटर के साथ क्लीनिकल लैबोरेट्री व केमिस्ट शॉप्स जैसी सुविधाओं का विकास करना होगा। इस प्रकार, कॉर्पोरेट ऑफिस स्पेस के लिए प्राप्त स्थान पर कॉर्पोरेट ऑफिस, कॉन्फ्रेंस रूम, सेमिनल हॉल, मल्टीलेवल पार्किंग व ऑडिटोरियम समेत तमाम सहूलियतें तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल इकाई में स्कूल प्रांगण समेत कैंटीन, स्वीमिंग पूल, लाइब्रेरी, लैब्स, इंडोर गेम्स हॉल तथा होस्टल का निर्माण व विकास किया जाएगा।

# एसजीपीआई में आग लगने से दो मरीज की मौत, जांच के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के न्यूरो विभाग के आपरेशन थियेटर में सोमवार को आग लग गयी। आग लगने से एक महिला व एक बच्चे समेत दो मरीज की मौत हो गयी। एसजीपीजीआई प्रशासन के अनुसार आग तुरंत पूरे ओटी में फैल गयी। इस दौरान एन्डो सर्जरी के आपरेशन थियेटर में एक महिला और साथ ही एक बच्चे की ह्रदय की सर्जरी चल रही थी। इसलिए उन्हें बचाया नहीं जा सका। ओटी में मौजूद सभी मरीजों को पोस्ट आपरेटिव आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसजीपीजीआई में लगी आग की घटना का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों और फायर बिग्रेड की टीमों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाने और उचित उपचार देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एसजीपीजीआई में आग लगने की घटना के कारणों की जांच के आदेश दिए हैं। ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा को मौके पर भेजा गया है।

# इंडियन ऑयल टर्मिनल से पूर्वांचल को लगेंगे पंख, खुलेंगे रोजगार के द्वार

एजेंसी

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश जैसे भारत देश का सबसे बड़ा राज्य है और देश की अर्थव्यवस्था में इसकी बड़ी भूमिका है, वैसे ही उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इच्छाशक्ति से पूर्वांचल को पंख लग गए हैं। अब जल्द ही विश्व विख्यात विंध्य क्षेत्र यानी मीरजापुर पूर्वांचल का सबसे बड़ा इंडियन ऑयल टर्मिनल होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इसकी आधारशिला रखी। इसके निर्माण पर 1076 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। विंध्य क्षेत्र में इंडियन ऑयल टर्मिनल खुलने से बेरोजगारों के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसदीय क्षेत्र काशी से वर्चुअल तरीके से महज एक क्लिक पर विंध्य धरा को 1076 करोड़ रुपये की सौगात दे गए। इस 1076 करोड़ रुपये से मीरजापुर के डगमगपुर के पास हिनौती गांव में पूर्वांचल का सबसे बड़ा इंडियन ऑयल टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा, जो देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देगा। इंडियन ऑयल टर्मिनल के लिए मीरजापुर के सर्वांगीण विकास को संकल्पित केंद्रीय राज्यमंत्री व मीरजापुर की सांसद अनुप्रिया पटेल वर्षों से प्रयासरत थीं। इससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। शिलान्यास के अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि मीरजापुर के विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। जल्द ही मीरजापुर विकासशील जनपद की श्रेणी में आएगा। मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज, केंद्रीय विद्यालय, ट्रामा सेंटर, फोरलेन सड़क, निर्यात केंद्र, विंध्य विश्वविद्यालय और अब इंडियन ऑयल का पूर्वांचल का सबसे बड़ा यह टर्मिनल। सांसद ने कहा कि धार्मिक, पर्यटन, रोजगार व विकास के लिए अभी और कार्य किए जाएंगे।

## संतानहीन दम्पत्तियों के चेहरे पर मुस्कराहट देखना एक सुखद अनुभूति : डॉ वंदना बंसल

प्रयागराज। जीवन ज्योति हॉस्पिटल स्थित अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर का 24वां स्थापना दिवस सोमवार को आयोजित हुआ। जिसमें हॉस्पिटल की निदेशक व आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ वंदना बंसल ने कहा कि सफल इलाज के बाद जब हम संतानहीन दम्पतियों के चेहरे पर मुस्कराहट देखते हैं तो एक सुखद अनुभूति होती है। इस दौरान उन्होंने अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के 24 साल की गौरवपूर्ण यात्रा को साझा भी किया। डॉ. वंदना बंसल ने कहा कि हम ऐसे लोगों का जीवन बदलने का प्रयास करते हैं। जीवन ज्योति हॉस्पिटल के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. ए.के बंसल के साथ व उनकी प्रेरणा से शुरू हुई यह यात्रा बहुत ही संतोषजनक व सुखद है। आज से 24 वर्ष पूर्व प्रयागराज जैसी जगह पर टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में सुविधा लाना बहुत कठिन था, लेकिन आज उसी का परिणाम है कि यहां पर भारत के विभिन्न प्रदेशों से ही नहीं बल्कि ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम, दुबई आदि से भी यहां पर निःसंतान दम्पतियों का सफलतापूर्वक इलाज हुआ है।

# एलडीए के निबंधन शिविर में 107 आवंटियों ने करायी रजिस्ट्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ। एलडीए की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए लगाये गये विशेष निबंधन शिविर में सोमवार को भी भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान 107 आवंटियों ने अपनी रजिस्ट्री करवाई और रजिस्ट्री करवाने के लिए 5 नये आवंटियों ने प्रार्थना पत्र दिए हैं। अपर सचिव ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। इनमें काफी संख्या में सम्पत्तियों की रजिस्ट्री अभी तक नहीं हो पायी है। इसे ध्यान में रखते हुए आवंटियों की सहूलियत के लिए 5 दिसम्बर 2023 से 20 दिसम्बर 2023 तक प्राधिकरण भवन के बारादरी लॉन में विशेष निबंधन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कैम्प में प्राधिकरण के गणना, लेखा, नियोजन व सम्पत्ति अनुभाग के समस्त सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ निबंधन विभाग की टीम भी मौजूद रही। इससे सम्पत्तियों के निबंधन सम्बंधी दस्तावेज तैयार करने तथा उनके पंजीयन की कार्यवाही एक ही जगह सम्पादित की गयी। दिन भर चली कार्यवाही के दौरान 107 आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी। जिसमें विभिन्न अपार्टमेंट्स के फ्लैट, प्रधानमंत्री आवास,

बसन्तकुंज, कानपुर रोड, शारदा नगर व गोमती नगर विस्तार समेत अन्य योजनाओं की सम्पत्तियां शामिल हैं। अपर सचिव ने बताया कि उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देशानुसार आवंटियों से समन्वय बनाकर रजिस्ट्री की कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में आवंटियों को रजिस्ट्री कराने के सम्बंध में सूचना भी भेजी जा रही है। शिविर में विशेष कार्याधिकारी डीके सिंह, राजीव कुमार, प्रिया सिंह, देवांश त्रिवेदी, रविनंदन सिंह, रोहित सिंह, उप सचिव माधवेश कुमार एवं अतुल कृष्ण समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# उप्र राज्य हज समिति की वेबसाइट का शुभारम्भ

## अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को राज्य हज समिति की वेबसाइट hajcommittee.up.gov.in का शुभारम्भ किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को राज्य हज समिति की वेबसाइट hajcommittee.up.gov.in का शुभारम्भ किया। इस वेबसाइट में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, काउन्सल जनरल आफ इण्डिया जदाह, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उप्र व हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट की महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध रहेंगी। इससे हज यात्रियों को सहायता व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

यह वेबसाइट अंग्रेज़ी व हिन्दी में कार्य करेगी। वेबसाइट पर हज कमेटी ऑफ इण्डिया का लॉगइन पेज उपलब्ध है जहां से हज यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इससे आपको यात्रा के लिए रजिस्टर करने में सुविधा मिलती है।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि इस वेबसाइट से हज यात्रा से जुड़े महत्वपूर्ण परिपत्र, प्रमुख अपडेट्स, एक्शन प्लान उड़ान शिड्यूल आदि सूचनाएं भी उपलब्ध हैं। वेबसाइट में दिव्यांगजन फीचर्स एवं दिव्यांग हितैषी मानकों का उपयोग किया गया है। इससे कोई भी दिव्यांग वेबसाइट का प्रयोग कर सकता है। उप्र राज्य हज समिति की वेबसाइट भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित डोमेन hajcommittee.up.gov.in पर संचालित की गई।

इससे पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में उप्र राज्य हज समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें प्रदेश के हज यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान किये जाने के लिए विचार-विमर्श किया गया व सुझाव लिये गये। हज-2024 के लिए किये गये प्रयासों से अवगत कराया गया। प्रत्येक ज़िले में ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों की देख-रेख में कुल 199 हज ई-सुविधा केन्द्र स्थापित किये गये हैं। यहां से इच्छुक हज यात्री ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी बरेली, गाज़ियाबाद व लखनऊ को हज-2024 के इच्छुक हज आवेदकों के पासपोर्ट के प्रकरण शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये गये हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हज यात्रियों के आला हज़रत हज हाउस गाज़ियाबाद से समस्त प्रपत्रों को तैयार करवाने व वहीं से सीधे दिल्ली एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करने का प्रबन्ध करने हेतु व पूर्वी उत्तर प्रदेश के यात्रियों की सुविधार्थ वाराणसी को उड़ान स्थल बनाये जाने हेतु हज कमेटी आफ इण्डिया से अनुरोध किया है। महरम श्रेणी की महिलाएं जिनकी आयु 45 वर्ष से अधिक है चार महिलाओं के ग्रुप में हज पर जा सकेंगी। अकेली विदआउट महरम श्रेणी में आवेदन करे सकेंगी, हज कमेटी उनको एक साथ चार के ग्रुप में करने में सहयोग महिलाओं को एक साथ उड़ान में जिसमें महिला खादिमुल हुज्जाज भी होंगी, भेजने व सऊदी अरब में उनको ए सुविधा दी जायेगी। उनके लिए विशेष बसों की व्यवस्था रहेगी, उनकी सुरक्षा व स्वास्थ्य हेतु महिला चिकित्सक, नर्स, असिस्टेंट हज आफिसर, हज असिस्टेंट, खादिमुल हुज्जाज तैनात रहेंगे। मंत्री द्वारा लेडीज़ विदआउट महरम श्रेणी में इच्छुक महिलाओं को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने राज्य हज समिति की वेबसाइट तैयार किए जाने पर बधाई दी और कहा कि उप्र राज्य हज समिति की वेबसाइट भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नयी तकनीक के साथ तैयार की गयी है। वेबसाइट पर हज यात्री के सुझाव, प्रश्न, और समस्याओं के लिए ऑनलाइन फीडबैक का विकल्प दिया गया है, जो हज यात्रियों के लिए उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर उप्र राज्य हज समिति के सदस्यगण भी उपस्थित रहे।बैठक में अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मोनिका एस गर्ग ने कहा कि हज यात्रा के संबंध में मंत्री से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा और सभी व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण की जाएंगी।

इस अवसर पर निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण जे0 रीभा, सचिव, हज समिति के सचिव एसपी तिवारी, वित्त एवं लेखाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह एवं हज से संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एलडीए की सुल्तानपुर रोड पर कार्यवाही, अवैध निर्माण किया ध्वस्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन 1 की टीम ने सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए खुर्दही बाजार में एक अवैध निर्माण के ध्वस्त कर दिया। यहाँ प्रवर्तन जोन 1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि सुनील अग्रवाल व अन्य द्वारा सुल्तानपुर रोड स्थित खुर्दही बाजार में लगभग 3500 वर्गफिट में प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा था। जिसके खिलाफ़ विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता शिवा सिंह व अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से इस अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया।

# मेधावी छात्रों को मिला बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा अचीवर्स पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी सोमवार को बक्शी का तालाब स्थित आर.आर.ग्रुप.ऑफ़ इंस्टीटूशन्स में मेधावी छात्रों के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा अचीवर्स समारोह का आयोजन किया गया,जिसमे बैंक ऑफ बड़ौदा ने छात्रों को उच्च अध्ययन,खेल और उद्यमिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शैक्षणिक वर्ष 2022-2023 में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने वाले आर.आर.ग्रुप ऑ.फ़ इंस्टीटूशन्स के छात्रों को सम्मानित किया।शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ अक्षरा श्रीवास्तव बी.टेक,तृतीय वर्ष इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग,खेल में सर्वश्रेष्ठ आदित्य साहू,डिप्लोमा,तृतीय वर्ष सिविल इंजीनियरिंग विभाग।सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर श्रेया दीक्षित-बी.टेक,चतुर्थ वर्ष-बायोटेक्नोलॉजी विभाग।मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा के उप क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश गुप्ता ने कहा ल्लशिक्षा का महत्व और भारत में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदम,बैंकिंग क्षेत्र,विशेषकर बैंक ऑफ बड़ौदा में हो रही विभिन्न तकनीकी प्रगति के बारे में भी विस्तार से बताया।उन्होंने इस तथ्य को दोहराया कि आर.आर.ग्रुप ऑ.फ़ इंस्टीटूशन्स के प्रबंधन के सहयोग से आने वाले वर्षों में भी ऐसी पहल जारी रहेगी।वरिष्ठ प्रबंधक मार्केटिंग, श्रीमती नौशाबा ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा में उपलब्ध विभिन्न ऋण योजनाओं के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकी दी।

# स्मारक समिति कर्मचारियों का एलडीए पर धरना प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को स्मारकों पार्कों व उपवनों आदि के प्रबंधन सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति के कर्मचारियों ने अपनी मांगो को लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण मुख्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना दिया। इस धरने में भारी संख्या में कर्मचारी पहुंचे थे और धरना स्थल पर जमकर नरबाजी कर रहे थे। यहाँ धरना दे रहे कर्मचारियों की मांग थीं की पुनरीक्षित वेतनमान व मृत्यु आश्रितों को सेवा प्रदान करना तथा अस्थाई करण व पदोन्नति का लाभ दिया जाए और उनका सीपीएफ खाता खोला जाए तथा चिकित्सा अवकाश लागू किया जाए तथा दीपावली बोनस दिया जाए। यहां मौजूद कर्मचारी आदित्य ने बताया कि यह हमारा धरना अनिश्चितकालीन है तथा अपनी मांगों से संबंधित प्रार्थना पत्र हम प्रमुख सचिव व जिलाधिकारी, एलडीए के उपाध्यक्ष सहित कई अधिकारियों को दे चुके हैं किंतु आज तक हमारी सुनवाई नहीं हुई है।

## मन्दिर के 32वें स्थापना दिवस पर श्रीराम कथा का आयोजन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्वनाथ मन्दिर के 32वें स्थापना दिवस के मौके पर श्रीरामलीला पार्क सेक्टर-ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में शुरू हुई श्रीराम कथा के पहले दिन कथा सुनाते हुये कथाव्यास आचार्य गोविंद मिश्रा ने राम नाम की महिमा एवं मानस सरोबर का सुन्दर वर्णन किया। उन्होंने राम नाम की महिमा बताते हुए कहा कि कलयुग में योग, यज्ञ, जप, तप, व्रत, पूजा जैसे साधना के कठिन मार्ग संभव नहीं है। केवल भगवान के नाम का सुमिरन ही भवसागर से पार कर सकता है।

## आज से शुरू होगा दो दिवसीय फैशन वीक, इवेंट में होंगे 10 शो

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बहुप्रतीक्षित लखनऊ टाइम्स फैशन वीक का द्वितीय संस्करण 19 और 20 दिसंबर को होटल हॉलिडे इन में आयोजित होगा। जिसमें प्रतिष्ठत फैशन डिजाइनर्स के परिधानों में देश की नामी गिरामी मॉडल्स वॉक करेंगी। इस फैशन वीक के प्रेजेंटिंग पार्टनर हैं ओरियन, पावर्ड बाय स्पॉन्सर हैं गोल्डी मसाले, लक्जरी पार्टनर हैं शालीमार गेटवे मॉल और पीआर पार्टनर हैं सेवन हॉर्स कम्युनिकेशंस। लखनऊ टाइम्स फैशन वीक का ये दूसरा एडिशन है जो दो दिन चलेगा जिसमें देश के विभिन्न शहरों के फैशन डिजाइनर्स अपने कलेक्शंस का प्रदर्शन करेंगे। बताते है कि दो दिवसीय इवेंट में 10 शो होंगे, जिनमें त्रिधा चौधरी, आस्था पोखरियाल व दीप्ति गुजराल जैसी नामी गिरामी मॉडल्स रैंप पर वॉक करेंगी।

## प्रगति विचारधारा फाउंडेशन ने किया कवि सम्मेलन का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रगति विचारधारा फाउंडेशन द्वारा शहीद पथ पर चल रहे महोत्सव में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विकास श्रीवास्तव 'बावा' प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा, अति विशिष्ट अतिथि डॉ मोह?म्मद शफीक वरिष्ठ चिकित्सक, डॉ शोभा मोवार वरिष्ठ चिकित्सक, डॉ मोह?म्मद नफीस खान, वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे। इस अवसर पर पर्यावरण के लिए उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रतिमा शुक्ला को प्रगति विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया।

## छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ व रैली का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवयुग कन्या महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में बीएड विभाग व रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बीएड की प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ व रैली का आयोजन किया गया। 15 से 31 दिसंबर तक चलने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान का मकसद शीत ऋतु में घनी कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौत को कम करना और जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। रैली का आरंभ सड़क सुरक्षा क्लब की नोडल अधिकारी डॉ सीमा पांडेय के द्वारा छात्रों को शपथ दिलाकर किया गया। कॉलेज की प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी दी।

## सेंध काटते हुए पकड़ा गया चोर

लखनऊ।चोर दुकान के पीछे सेंध काट रहा था उसी समय वह स्थानीय लोगो द्वारा दबोच लिया गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे कस्टडी मे लेकर जेल भेज दिया। मामला गोसाईगंज कोतवाली का है। कस्बे मे मोहनलालगंज मार्ग पर रमाकांत सोनी की ज्वेलरी की दुकान है।वे 17 दिसंबर 2023 की रात 9:30 बजे दुकान बंद करने के वही खड़ा होकर किसी से मोबाइल पर बात करने लगा ,उसी समय उसे दुकान के पीछे खट पट की आवाज सुनाई पड़ी। दुकानदार ने छत पर चढ़ कर देखा कि दुकान के पीछे कुछ चोर सेंध काटने मे व्यस्त थे।यह देखकर दुकान मालिक ने शोर मचाना शुरू कर दिया साथ ही दुकान मालिक रमाकांत सोनी पुत्र राम गोपाल सोनी ने पुलिस को भी जानकारी दे दी । मौके पर पहुंचे लोगो ने चोरो को दौड़ाया और चोरों मे से एक पकड़ लिया गया।उसके अन्य साथी फरार होने में कामयाब हो गए।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से सेंध काटने के औजार गैस कटर, छेनी, हथौड़ी, गैस सिलेण्डर व गैस पाइप बरामद किया गया।पुलिस ने अभियुक्त सतीश गौतम (21) पुत्र राम लखन गौतम को हिरासत जेल भेज दिया। गोसाईगंज एस एच ओ दिनेशचंद्र मिश्र के अनुसार जानकारी होते ही उपनिरीक्षक नरेन्द्र कनौजिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अभियुक्त को हिरासत मे ली लिया। पूछ ताछ में अभयुक्त ने अपना मूल निवास विसवां थाना सिधौली जनपद सीतापुर बताया।वह इस समय सेक्टर -5 जानकीपुरम मे रह रहा था।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने की बॉब ब्रो बचत खाते की शुरुआत

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बैंक ऑ.फ़ बड़ौदा ने बॉब ब्रो बचत खाते की शुरुआत की है। यह एक ऐसा जीरो बैलेंस बचत खाता है जो विशेष रूप से 16 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आरंभ किया गया है।

## क्रिसमस और नये साल पर कार्यक्रम की लेनी होगी अनुमति

लखनऊ। राजधानी स्थित होटल, रेस्टोरेंट और क्लबों में क्रिसमस एवं नये साल के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जिला प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। इस संबंध में सोमवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने आदेश जारी किए हैं।

जिलाधिकारी ने अपने आदेश में कहा है कि जनपद में समस्त, होटल, रिजॉर्ट, रेस्टोरेंट, क्लब और पार्क के संचालकों को अपने यहां होने वाले क्रिसमस एवं न्यू ईयर पार्टी पर आयोजित कार्यक्रम की अनुमति लेनी होगी। इसके लिए 20 दिसम्बर तक निवेशमित्र पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# समीर फिशिंग अवार्ड 2022 का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर ।सरोजनी नगर विधानसभा की शमा बिहार कोलोनी में प्रथम समीर फिशिंग अवार्ड 2023 आयोजित किया गया। जिसका आयोजन इमरान फिशिंग शॉप द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद देवेन्द्र यादव 'जीतू' उपस्थित रहे। इस आयोजन में 150 शिकारियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें इमरान फिसिंग शॉप के बैनर तले समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान एवं पार्षद देवेन्द्र यादव 'जीतू' द्वारा इनाम देकर पुरस्कृत किया गया। इस वर्ष की भांति ही आने वाले वर्षों में भी इमरान फिसिंग शॉप द्वारा समीर फिशिंग अवार्ड का आयोजन किया जायेगा, जिससे इमरान फिसिंग शॉप द्वारा अधिक से अधिक शिकारियों को जोड़ने का प्रयास रहेगा।इस अवसर पर आदिल खान, ताहा भाई, आबिद मिर्ज़ा, समीर अहमद, इमरान खान, संजीव थापा, इस्लाम खान, भल्ले भाई एवं अतीक अंसारी के साथ दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## अनियंत्रित तेज़ रफ़्तार डाले की टक्कर से छात्र घायल,डाला चालक फ़रार

मलिहाबाद/लखनऊ। अनियंत्रित तेज़ रफ़्तार डाले की भीषण टक्कर से परीक्षा देने जा रहा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने छात्र को नजदीकी अस्पताल पहुँचाया जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफ़र कर दिया। सोमवार को आकाश 21 वर्ष पुत्र रामबिलास निवासी राजाजीपुरम लखनऊ से संडीला अपनी मोटरसाइकिल यूपी 30 एआर 2012 से पेपर देने संडीला जा रहा था। तभी रहीमाबाद थाना क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने हरदोई की तरफ से आ रहे डाला यूपी 32 एलएन 5890 ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से छात्र गंभीर घायल हो गया।दुर्घटना के बाद डाला चालक मौका पाकर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल युवक को नज़दीकी अस्पताल पहुँचाया जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। साथ ही पुलिस ने मौके से डाले को कब्जे में ले लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना ने घायल युवक को इलाज हेतु ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

# अकबर नगर के 8 विस्थापितों ने आवास के लिए कराया पंजीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों को आवास व दुकानें आवंटित करने के लिए सोमवार को भी विशेष पंजीकरण शिविर लगाया गया। इस दौरान 4 विस्थापितों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण कराया है जबकि 4 लोगों ने डूडा की आसरा आवास योजना के लिए फार्म भरे हैं। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों को आवास व दुकानें आवंटित की जा रही हैं। जिसके लिए पंजीकरण कराने में विस्थापितों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो इसके लिए 9 दिसम्बर 2023 से 21 दिसम्बर 2023 तक अकबर नगर पुलिस चौकी के निकट ही विशेष पंजीकरण शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को कैम्प में पहुंचे लोगों ने योजना व पंजीकरण के सम्बंध में पूरी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान 18 लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के फार्म लिये। जिसमें से अकबर नगर प्रथम के अवसान कश्यप, शाह मोहम्मद, तरूण विश्वास एवं इसलामुन निशा ने समस्त दस्तावेजों के साथ 5 हजार रूपये जमा कराके प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण कराया। इसके अलावा मो इरफान, माला देवी, मो जमील एवं परवीन ने डूडा आसरा आवास योजना के लिए पंजीकरण कराया। अपर सचिव ने बताया कि उपाध्यक्ष के आदेश पर विस्थापितों को कई सहूलियतें दी जा रही है। इसमें एक तरफ प्रधानमंत्री आवास की पंजीकरण धनराशि 10,000 रूपये से घटाकर 5,000 रूपये कर दी गयी है। तो वहीं दूसरी तरफ व्यावसायिक श्रेणी में 25 प्रतिशत के स्थान पर मात्र 15 प्रतिशत धनराशि के अग्रिम भुगतान पर ही दुकानों का कब्जा दिया जा रहा है। इसके अलावा जिनके परिवार बड़े हैं या फिर जो अधिक क्षेत्रफल के आवास लेना चाहते हैं तो वे प्राधिकरण की योजनाओं में रिक्त फ्लैटों को 15 प्रतिशत के अग्रिम भुगतान पर लेकर निवास कर सकते हैं। इन सभी श्रेणियों में शेष धनराशि 10 वर्षों की आसान किस्तों में जमा करने का विकल्प दिया गया है।

# अनुसूचित जाति समुदाय की 25 महिलाओं को किया प्रशिक्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। एनबीएफजीआर द्वारा मिशन नवशक्ति में एक्वेरियम असेम्बली, निर्माण और उसके रखरखाव का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन नवशक्ति के तहत जयसमन्द झील उदयपुर के आसपास की महिलाओं के लिए आजीविका और उद्यमिता के विकास के लिए सजावटी मछली पालन और एक्वेरियम रखरखाव पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन अनुसूचित जाति समुदाय की 25 महिलाओं, को प्रशिक्षित किया गया। महिलाओं की शैक्षिक योग्यता कक्षा 5 से स्नातक तक थी। सजावटी मछली उद्योग में पर्याप्त अवसर हैं जो महिलाओं को आत्मनिर्भर होने में मदद करेंगे।

जिन महिलाओं और उनके परिवारों के छोटी भूमि भी है वे इसे कर सकेंगी। ओएफटीआरआई, उदयपुर भी महिलाओं से मछलियाँ क्रय करेगा जो शहर में बेचने के लिए पालेंगी। यह एक पूरे समुदाय को बढ़ने में मदद करता है और अन्य लोगों को अनुकरण द्वारा काम करने के लिए प्रेरित करेगा और जयमंद झील के आसपास के लोगों के लिए आजीविका के अधिक अवसर पैदा होंगे। प्रशिक्षण में महिलाओं ने एक्वेरियम को असेम्बल करना सीखा और समझा कि एक्वेरियम में फिल्ट्रेशन प्रणाली कैसे काम करती है। प्रशिक्षण उपरांत महिलाओं को सभी घटकों यूजी फिल्टर एयरपंप, लाइट, हीटर, बैकग्राउंड पोस्टर कवर प्लांट, एयरस्टोन, वातन ट्यूब, फ़ीड तथा मछली के साथ एक एक्वेरियम दिया गया। यह कार्य आईसीएआर एनबीएफजीआर की एससीएसपी परियोजना के तहत किया जा रहा है, जिसे एससीएसपी परियोजना की नोडल अधिकारी डॉ पूनम जयंत सिंह द्वारा संयोजित किया गया है और आईसीएआर एनबीएफजीआर के रवि कुमार और ओएफटीआरआई, उदयपुर के डॉ अतुल जैन और डॉ अभिनिखा जैन द्वारा समन्वयित किया गया है।

# 26 दिसम्बर को आयोजित होगा एकेटीयू का 21वां दीक्षांत समारोह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का 21वां दीक्षांत समारोह 26 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस बार विश्विद्यालय से सम्बद्ध संस्थान मेरठ इंस्टी्ट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी मेरठ के बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्र मोहसिन अफरोज ने टॉप किया है। दीक्षांत समारोह में मोहसिन अफरोज को चांसलर मेडल दिया जाएगा। जबकि कमलरानी वरूण मेडल पीएसआईटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कानपुर के बीटेक इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की छात्रा प्रज्ञा गौतम को दिया जाएगा। समारोह में कुल 95 गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल दिये जाएंगे। कुलपति प्रो जेपी पांडेय की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित विद्या परिषद की बैठक में सभी पदक, डिग्री और पीएचडी अवार्ड का अनुमोदन किया गया। इस दौरान अलग अलग पाठ्क्रमों के 49452 छात्रों को डिग्री भी दी जाएगी। जबकि 105 छात्रों को पीएचडी डिग्री अवार्ड होगी। वहीं बैठक में अन्य कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। इसमें बीटेक सेकेण्ड ईयर के चौथे सेमेस्टर में एनईपी 2020 के तहत मेजर और मानइर डिग्री पढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी। सत्र 2023-24 के इवेन सेमेस्टर से यह लागू कर दिया जाएगा।

# दुर्गेश मिश्रा शेरु सवर्ण स्वाभिमान संस्थान के जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए

## समाज की दशा और दिशा सवर्ण समाज तय करेगा : प्रभाकर सिंह चौहान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। आज सवर्ण स्वाभिमान संस्थान उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष श्री प्रभाकर सिंह चौहान की संस्तुति पर प्रदेश महासचिव श्री पंकज शुक्ला ने सीतापुर जनपद में जिलाध्यक्ष व नगर अध्यक्ष का मनोनयन किया

श्री दुर्गेश मिश्रा ''शेरू महाराज''को सवर्ण स्वाभिमान संस्थान उत्तर प्रदेश में सीतापुर जनपद के जिलाध्यक्ष व श्री अंशुमान सिंह गौर ''अंशू ठाकुर''को सीतापुर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया

दोनों ही पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देने के लिए संस्थापक अध्यक्ष स्वयं मौजूद रहे। नियुक्ति के बाद जिलाध्यक्ष श्री दुर्गेश मिश्रा ने कहा कि सवर्ण हितों की रक्षा मेरा प्रथम कर्तव्य रहेगा इसी क्रम में नगर अध्यक्ष श्री अंशुमान सिंह गौर ने कहा कि सवर्ण समाज के पास जाकर उन्हें संगठित करने का काम करेंगे दोनों ही पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संस्थापक अध्यक्ष श्री प्रभाकर सिंह चौहान ने कहा कि समय आ



गया है कि सवर्ण समाज के निचले स्तर के लोगो को सरकारी सुविधाएं दिलाते हुये उन्हें समान धारा में लाने का काम किया जाएगा साथ ही कहा कि समाज की दशा और दिशा अब सवर्ण समाज तय करेगा।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारणी से प्रदेश महासचिव श्री पंकज शुक्ला ,प्रदेश उपाध्यक्ष श्री नंद किशोर शुक्ला,प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अनुज सिंह चौहान,प्रदेश सचिव सुश्री कृति तिवारी ,दीपक सिंह,वैभव सिंह,सहित जिले के सवर्ण समाज के तमाम लोग उपस्थित रहे ।

# पुलिस पिकेट से चंद कदमों की दूरी पर एक ही रात में चोरी की हुई कई वारदातें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रेउसा सीतापुर। पुलिस पिकेट से चंद कदमों की दूरी पर अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदातों का प्रयास करते हुए पुलिस को चुनौती देने का काम किया है। एक बार फिर रेउसा थाना इलाके में चोरों का गैंग सक्रिय हो गया है।

चोरों ने रविवार की बीती देर रात रेउसा कस्बे में अटल चौक पुलिस पिकेट से चंद कदमों की दूरी पर तोड़फोड़ कर सर्राफा व्यापारी के दुकान और कॉस्मेटिक चूड़ी विक्रेताओं समेत नौ दुकानों को अपना निशाना बनाया। जिससे व्यापारी वर्ग में काफ़ी रोष भी देखने को मिला। दरअसल बीती रात रेउसा के बहराइच रोड पर कच्ची और पक्की दुकानों का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों की,और चोरी कर मौके से फरार हो गए।

ज्ञात हो कि बहराइच रोड पर स्थित प्रदीप रस्तोगी, छंगा, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद आसान,लाल मोहम्मद, मुन्ना,आसिफ व जमील सड़क किनारे खोखे रखकर ज्वेलरी चूड़ी व सौंदर्य प्रसाधन की दुकान किए हैं। रविवार की बीती रात चोरों ने धावा बोलकर कुछ का ताला तोड़कर व कुछ के पीछे व छत काट कर दुकान के अंदर से हजारों का माल पार पर हाथ साफ कर दिया। वही चोरी के दूसरे मामले में पीड़ित प्रदीप रस्तोगी ने बताया कि हमारी सर्राफा की दुकान है। दुकान में रखा पुराना सोना चांदी के पायल और सिक्के चोरी कर ले गए । चोरों ने सोना करीब चालिस हजार का माल पार कर दिया है। इसके अतिरिक्त लाल मोहम्मद, आसिफ मुन्ना,छंगा आदि की भी चूड़ी व कास्मेटिक की दुकान है। जिसमे चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर हजारों का माल पार कर दिया। जब कि दो दुकानों का ताला तो तोड़ा लेकिन दुकान का सामान ले जाने में असफल रहे। सभी दुकानदारों ने एक साथ रेउसा थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक रेउसा घनश्याम राम से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि चोरी का प्रार्थना पत्र मिला है। कार्यवाही की जाएगी। साथ ही रेउसा थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम ने अंदेशा जताते हुए किसी नशेड़ी युवक के द्वारा तोड़फोड़ करने की भी बात कही ।

पेंशनरों के लिए डीएम की पहल, महज एक शिकायत पर दूर होगी समस्या

मीरजापुर। सरकारी सेवा से मुक्त होने वाले कर्मचारियों को अब किसी भी समस्या के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। कर्मचारियों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई के साथ समस्या का निपटारा किया जाएगा। जिलाधिकारी की पहल पर अब बुजुर्ग सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कोई फजीहत नहीं होगी। किसी भी समस्या के निस्तारण के लिए महज शिकायती पत्र काफी है। चलने-फिरने में असमर्थ पेंशनर घर बैठे ही किसी के माध्यम से जिलाधिकारी के पास शिकायती पत्र भेज सकते हैं।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन ही बुढ़ापे की लाठी है। ऐसे में इन्हें सबसे अधिक परेशानी पेंशन संबंधी समस्या को लेकर होती है। इसके लिए काफी परेशानी के साथ भागदौड़ करना पड़ता है। इन सभी समस्याओं के साथ अन्य किसी भी समस्या के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने एक नई पहल की शुरूआत की है। जिलाधिकारी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से कहा कि किसी

# कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु हिंदी साहित्य सेवा सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां- सीतापुर । जनपद के विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु , राष्ट्रीय मंत्री राष्ट्रीय कवि संगम को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ के निराला सभागार में हिंदी साहित्य सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें नवोदय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा साहित्य सृजन, हिंदी के विकास एवं निष्ठावान साहित्य सेवा के लिए प्रदान किया गया।

अवसर था संस्था के संस्थापक आष्ठाना महेश ''प्रकाश बरेलवी'' के काव्य संग्रह ''मेरी पहचान'' के लोकार्पण का। कार्यक्रम अध्यक्ष ओम नीरव व महेश प्रकाश आष्ठाना प्रकाश बरेलवी ने सम्मान पत्र प्रदान किया। नगर व क्षेत्र के अनेक साहित्यकारों, साहित्य



प्रेमियों, जनप्रतिनिधियों ने इस सम्मान हेतु श्री मृदु को बधाई दी है। बधाई देने वालों में क्षेत्रीय सांसद राजेश वर्मा, विधायक निर्मल वर्मा , पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव, एम एल सी पवन सिंह चौहान, साहित्य कार घनश्याम शर्मा, आनंद खत्री, सभासद अशोक गुप्त पुष्प, अधिवक्ता बृजेश नारायण गुप्त, पत्रकार संजय पांडे, ग्राम प्रधान रामा भारी अरबाब अहमद आदि प्रमुख है।

## बीडीओ सकरन की महिमा अपरम्पार

# पंचायत सचिव व प्रधान गौ वंशों को रहे मार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन(सीतापुर)। विकास खंड सकरन अंतर्गत ग्राम पंचायत महराजनगर स्थित

### साहब तस्वीरें झूठ नहीं बोलतीं

अस्थाई गौ आश्रय स्थल गौवंशों के लिए किसी कत्लखाने से नहीं कम।भीषण ठंडक के बीच किसी भी व्यवस्था से दूर चारे की अनुपलब्धता के चलते कुपोषण के शिकार गौवंश समा रहे अकाल मृत्यु के गाल में।जिम्मेदार पंचायत सचिव भी बीडीओ साहब की तर्ज पर फोन उठाना भी नहीं समझते मुनासिब।पूर्व में ब पर भेजी गई तस्वीर पर भी सिर्फ व सिर्फ हुई खानापूर्ति,तस्वीरें झूठ नहीं बोलती साहब फिर भी जिम्मेदारों पर नहीं हो रहा कोई



एक्शन?तिरंगे के अपमान के साथ ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव गौवंशों की जान के बने दुश्मन और 265 गौवंशों के सापेक्ष क्या है स्थिति ये किसी से भी नहीं है छुपा करीब दर्जन भर नवजात गौवंशों के लिए भी कड़ाके की ठंड में भी नहीं दिख रहे टाट बोरे कंबल के झूल।ऐसी स्थिति में लूट में संलिप्त जिम्मेदारों पर क्यों नहीं हो रही कार्यवाई?जो भ्रष्टाचार मुक्त सरकार को भ्रष्टाचार में संलिप्त कर प्रतिमाह रहे लाखों डकार और निरीह गौवंशों सहित भारतीय शान तिरंगे का कर रहे खुलेआम अपमान।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर सीतापुर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहेत ब्लाक कंसमण्डा की ग्रामपंचायत महोली व ग्रामपंचायत लुधौरा मे कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ कंसमण्डा स्टेट के कुंवर दिनकर प्रताप सिंह व प्रधान महोली धर्मेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया कार्यक्रम मे एल ई डी स्कीन पर ग्रामीणो को देश प्रदेश की मोदी योगी सरकार की योजनाओ के बारे मे दिखाया गया प्राथमिक विद्यालय के बच्चो ने देशभक्ती गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए कार्यक्रम मे सामुदायिक स्वास्थ्य कसमण्डा की स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीण का चिकित्सीय परीक्षण व निःशुल्क दवाऐ वितरण की कार्यक्रम मे पी एम किसान



सम्मान निधि, के लाभार्थियो को प्रमाण पत्र वितरण किए गए कार्यक्रम मे विद्यालय के बच्चो को मुख्य अतिथ ने कलम कापी वितरण किया साथ ही ग्रामीणो को प्रधान मंत्री मोदी की फोटो छपी 2024 के कैलेन्डर बाटे गए कार्यक्रम मे मौजूद सभी लोगो को 2047 तक भारत देश को विकसित व आत्मनिर्भर देश बनाने का संकल्प दिलाया गया इस मौकेपर सचिव विवेक कुमार गुप्ता,नीतू वर्मा ,प्रधान लुधौरा पवन कुमार, पंचायत मित्र अरविंद सिंह चौहान, ग्राम रोजगार सेवक पति अरून मिश्र,बी टी एम कृषि विभाग मनोज कुमार, गोकरन नाथ मिश्र, प्रधान प्रतिनिधि हमीरपुर विद्याधर पाण्डेय, विनय सिंह, कमलेन्द्र सिंह, अनुज बाजपेई, ,पुणेन्द्र सिंह चौहान, प्रताप यादव, टिल्लू मिश्र,रवि तिवारी,क्षेत्रीय लेखपाल पवन राय, मधुकर पाण्डेय, ज्ञानेंद्र धनगर,संतोष राठौर,बेबी तिवारी,के साथ सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# अज्ञात कारणों से लगी आग से घर में रक्खा क़रीब बीस हजार का सामान जल कर राख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरगांव सीतापुर । थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत नौनेर में सोमवार को दोपहर क़रीब दो बजे दिन में श्रीकृष्ण पुत्र बिहारी के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई जो देखते ही देखते बडा रूप ले लिया। जिससे चारों तरफ अफरातफरी मच गई ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया वहीं दूसरी बड़ी घटना होते हुए बच गई फिलहाल इससे कोई जानमाल की कोई सूचना नहीं मिली सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जिस समय घर में आग लगी वह घर पर मौजूद नहीं थे वह अपने परिवार के साथ किसी रिस्तेदार के वहां गए हुऐ थे जिसकी सूचना उनको दे दी गई है ग्रामीणों ने जान जोख़िम में डाल कर कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया जिससे कोई हताहत नहीं हुई वहीं कुछ सामान



जलने की बात बताई जा रही है जिसकी कीमत क़रीब बीस हजार रुपए है ग्रामीणों का कहना है कि सही समय पर आग पर काबू पाया न गया होता तो कोई बड़ी घटना घट सकती थी फिलहाल आग कैसे लगी इसका कारण नही पता चल सका

# कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त महिला आरक्षी सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक महोदय चक्रेश मिश्र द्वारा पुलिस कार्यालय में सीतापुर रिजर्व पुलिस लाइन्स में तैनात महिला आरक्षी साक्षी(गृह जनपद बागपत) को सम्मानित किया गया। इन्होने जिला मधुबन, हरियाणा में दिनांक 04.10.23 से 08.10.23 तक आयोजित 72वीं ऑल इंडिया पुलिस की कुश्ती प्रतियोगिता (62 किग्रा) में प्रतिभाग किया एवम् स्वर्ण पदक प्राप्त कर उत्तर प्रदेश पुलिस की कुश्ती प्रतियोगिता में पहली विजेता महिला खिलाड़ी बनी, जिन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से 50,000/-रुपये नगद पुरस्कार राशि एवम् आरक्षी से मुख्य आरक्षी के पद पर प्रोन्नति प्रदान की गयी है।


## सुभारती विश्वविद्यालय में हॉस्टल की छत से कूदकर छात्र ने की आत्महत्या

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में बिहार के सीतामढ़ी जिले के छात्र ने हॉस्टल की छत से कूदकर आत्महत्या कर दी। छात्र को सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को अभी कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बिहार के सीतामढ़ी जिले का शशि रंजन मेरठ के स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में बीसीए प्रथम वर्ष का छात्र था। वह विश्वविद्यालय परिसर में बने छात्रावास में रहता था। रविवार की देर रात शशि रंजन ने हॉस्टल की चौथी मंजिल से कूद गया। गंभीर हालत में उसे सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को पुलिस ने फिर से हॉस्टल में पहुंच कर जांच पड़ताल की। पुलिस को अभी तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। छात्र के परिजनों को सूचना दे दी गई है और वे मेरठ के लिए अपने घर से रवाना हो गए हैं। बताया जाता है कि शशि रंजन के साथ दो छात्राएं भी पढ़ती थीं। एक छात्रा से रात में वह फोन पर बात करना चाहता था।

# डीएम व एसपी के सामने चल रहीं झोलाछाप सेक्सोल्जिस्टों की दुकानें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। कोर्ट कचेहरी में जहाँ हर फरियादी न्याय पाने की आस लेकर पहुँचता है वहीं इन दिनों इस परिसर में ही कुछ लोग हर मर्ज की दवा देने का भी दावा कर रहे हैं। इस परिसर में जड़ी-बूटियाँ व शिलाजीत व मर्दाना ताकत की दवा बेचने वाले भी बेखौफ होकर सालों से जगह बनाकर दुकान सजाए हैं। कोर्ट परिसर लखीमपुर खीरी में घूमने वालों, पक्षकारों व अन्य लोगों की भीड़ इकट्ठा हो जाती है। लखीमपुर जिला न्यायालय परिसर पक्षकारों की भीड़ से पटा रहता है वहीं कई अन्य लोग भी इसी मार्ग का इस्तेमाल कर रहे हैं जनता की सुरक्षा की दृष्टि से सरकार द्वारा जगह-जगह ऐहतियातन कदम उठाए जा रहे हैं वहीं कोर्ट परिसर में बाहरी लोगों की आवा-जाही जस की तस बनी हुई है। हालत यह है कि इस परिसर में कई अनजान चेहरे भी काफी देर




तक भटकते देखे जा सकते हैं भिखारियों एवं फ़ेरीवाले, कान साफ करने वालों की बात तो दूर, अब यहाँ लखीमपुर न्यायालय परिसर में शिलाजीत, मर्दाना ताकत की जड़ी-बूटियाँ बेचने वाले भी जगह बनाकर बैठ रहे हैं जिम्मेदारो के कार्यालय के चन्द कदमों की दूरी पर यह सब खुलेआम होता रहता है फिलहाल इसके बावजूद ऐसे लोगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

रोक लगना जरूरी!

नाम न छापने की शर्त पर अधिवक्ताओं ने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर न्याय भवन का मार्ग एकांकी होना चाहिए साथ ही फ़ेरीवालों और जड़ी-बूटी बेचने वालों को परिसर के बाहर बैठना चाहिये।

### अधिकृत चिकित्सकों से ही उपचार कराएँ!

मरीजों को निर्धारित चिकित्सालयों एवं अधिकृत चिकित्सकों से ही उपचार कराना चाहिए। शिकायत मिलने पर सड़क किनारे बैठकर इलाज करने वालों के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की जाती है।

(डॉ. संतोष गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी, खीरी)

स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़!

इस तरह कहीं भी सड़क किनारे बैठकर उपचार करने वालों के पास न तो डिग्री है, और न ही अधिकृत दवाईयाँ दूर दराज से आए ग्रामीणों को बहलाकर ये लोग हर मर्ज की दवा बताकर उनका उपचार करते हैं। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकता है।

# सीओ और थानाध्यक्ष पर पुलिसिया दबंगई दिखाने का इल्जाम, अधिवक्ताओं ने दिया एसपी को ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। चर्चित सीओ कादीपुर और करौंदीकला थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगा है। आरोप है कि अधिवक्ता की दीवार गिराने की धमकी देते हुए उन्हें थाने में जबरन घंटो बैठाया गया। जिसकी शिकायत आज बार एसोसिएशन ने एसपी सोमेन बर्मा से की है। एसपी ने जांच कराकर कार्रवाई की बात कही है।

मामला कादीपुर सर्किल क्षेत्र के करौंदीकला थाना अंतर्गत अमरेमऊ गांव से जुड़ा है। गांव निवासी अधिवक्ता फूलचंद तिवारी पुत्र ईश्वरदेव तिवारी ने बताया कि उन्होंने अपनी पुश्तैनी आबादी की जमीन पर बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रखा था। उनका आरोप है कि क्षेत्राधिकारी शिवम मिश्रा और थानाध्यक्ष अकरम खान ने उन्हें बाउंड्रीवाल गिराने की धमकी दिया। इसके बाद बीते 13 दिसंबर को जबरन हमें थाने पर बैठा लिया। इसी दिन सीओ की शह पर दबंग राजपति उपाध्याय, सुरेंद्र उपाध्याय उर्फ देवी, विवेक उपाध्याय, गौरव उर्फ गोलू आदि ने रात में दो घंटे के अंदर हमारी बाउंड्रीवाल ढहा दिया। परिवार द्वारा मना करने पर दर्जनों की संख्या में पहुंचे दबंगों ने गाली-गलौज किया। आरोप ये भी है कि गोलू उर्फ गौरव ने फूलचंद के भाई के ऊपर फायर झोका। गोली की आवाज सुनकर गांव वाले दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मेरे घर वालों को मारपीट में काफी चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि दबंग हत्या तक की वारदात को अंजाम दे सकते हैं। हमने थाने पर तहरीर दिया लेकिन दबंगों से हाथ मिलाई पुलिस ने मुकदमा तक दर्ज नहीं किया। उधर आज बार एसोसिएशन सचिव आर्तमणि मिश्र के नेतृत्व में एसपी को घटना को लेकर ज्ञापन दिए गया। एसपी ने ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अफसरों की कार्यशैली की जांच करने का अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया है।

# कोशिश एक उम्मीद के तत्वाधान में हुआ 3 दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। इटकौली में ल्लकोशिश एक उम्मीदल्ल के तत्वाधान में तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का बीती रात सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला गया। टूर्नामेंट में कई जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी शबीह अहमद रिजवी बबलू पत्रकार ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेला जाना चाहिए। खेल से मन प्रफुल्लित होता है और व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है।

कोशिश एक उम्मीद संस्था के प्रबंधक ज़ुनूर अहमद ने बताया कि यह टूर्नामेंट पिछले कई वर्षों से आयोजित हो रहा है। इसका मक़सद है लोगो के आपस में भाईचारा बढ़ाया जाए। बच्चो में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है। उन्होंने बताया कि पहला सेमीफाइनल अजीत, यूसुफ चैरेबाजार की टीम और विपुल, इंद्रेश की टीम के बीच हुआ। जिसमें विपुल, इंद्रेश ने 2-0 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल अनूप, रयान और रजत, कुलदीप अयोध्या के बीच खेला गया। जिसमें रजत कुलदीप की टीम ने 2-1जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच विपुल, इंद्रेश और रजत, कुलदीप के बीच हुआ। जिसमें विपुल इंद्रेश ने अयोध्या को 2-0 से हराकर फाइनल अपने नाम किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले के जाने-माने वरिष्ठ समाजसेवी शबीह अहमद रिजवी उर्फ बबलू व अपना दल एस के जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल मे मौजूद रहे। फाइनल टूर्नामेंट के पश्चात जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल एवं समाज सेवी बब्लू रिजवी द्वारा विजेता टीम को ?10 हजार तथा उपविजेता टीम को ?6 हजार का पुरस्कार देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर डॉ सादिक अली, शाकिब, हकीकउज जमा, डॉ. रिजवान, ओपी वर्मा, एसपी नेता इमरान, अहमद, सैय्यद एहसान मौजूद रहे।

# जीआरपी पुलिस ने यात्रियों के गुम हुए मोबाइलों को किया बरामद, मोबाइल पाकर यात्री हुए खुश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। जीआरपी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के निर्देश पर जीआरपी सुलतानपुर की टीम यात्रियों के गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी हेतु एक अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत जीआरपी सुल्तानपुर की टीम ने यात्रा के दौरान यात्रियों के खोये हुए मोबाइलों के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के नंबरों को सर्विलांस सेल की मदद से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपद एवं अन्य राज्यों से गुम हुए 08 अदद मोबाइल फोनों को बरामद किया। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 85000/-रुपये है, मोबाइल स्वामी को जीआरपी ने थाने पर बुलाकर उनसे आवश्यक प्रपत्र प्राप्त कर उनके खोए मोबाइल सुपुर्द किए गये। मोबाइल मिलने के बाद यात्रियों के चेहरों पर मुस्कान दिखी सभी ने जीआरपी पुलिस के कार्यों की सराहना की।

# आईपीएस एवं सारेगमपा की उपविजेता का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। भू-चुम्बकत्व संस्थान मुंबई में रिसर्च स्कालर्स, वैज्ञानिकों को तथा आईआईएम पवई में (भारतीय व्यापार संस्थान) मोटिवेशनल व्याख्यान देने के लिए पधारे सुलतानपुर जनपद पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के पुलिस अधीक्षक बृजेश मिश्र तथा सा.रे.गा.मा.पा. की उपविजेता निष्ठा शर्मा को श्रीरामलीला उत्सव समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर आर. शुक्ल के द्वारा आयोजित अभिनंदन तथा सत्कार कार्यक्रम सागर पार्क, अमृतनगर घाटकोपर मुंबई में आयोजित किया गया था। जिसमे जनपद सुलतानपुर (पीटीएस पुलिस अधीक्षक) बृजेश मिश्र (आई.पी.एस.) एवं सा.रे.गा.मा.पा. की उपविजेता निष्ठा शर्मा का समिति अध्यक्ष/वरिष्ठ समाज सेवी चंद्रशेखर आर. शुक्ल ने अंग वस्त्र, श्रीफल, पुष्पगुच्छ और संकल्प पत्रिका भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। वही आई.पी.एस. बृजेश मिश्र ने कहा कि मुंबई से लेकर गांव तक समाजसेवा में अपना नाम रोशन करने वाले चंद्रशेखर आर. शुक्ल उर्फ बेबी भइया की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है और श्री मिश्र ने अपनी लिखित किताब ल्लसनातन धर्मल्ल श्री शुक्ल को भेंट करते हुए कहा कि इतनी बड़ी तादात में आप लोगो को देखकर मैं चंद्रशेखर आर शुक्ल सहित आप सभी का आभारी हूँ। साथ ही निष्ठा शर्मा सरगम क्वीन ने अपने सुमधुर गीत से सब का मन मोह लिया। आपको बताते चले कि निष्ठा शर्मा कई चैनलों पर विजेता के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुकी है। विख्यात सरगम क्वीन निष्ठा शर्मा को सुलतानपुर रत्न, दा. वाइस इंडिया किड्स विजेता जी.टी.वी एंड टी.वी., सा.रे.गा.मा.पा. 2023, उप विजेता जी.टी.वी., सुपरस्टार सिंगर फाईनलिस्ट सोनी टी.वी, जी. म्यूजिक कंपनी द्वारा रिलीज़ तीन ओरिजनल गीत, ब्रांड ऐम्बैसडर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हीमेश रेशमिया के लिए गाए तीन गीत, अन्नू मलिक के लिए गाया एक गीत, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और सांसद डिम्पल यादव द्वारा रानी लक्ष्मी बाई वीरता पुरस्कार से सम्मानित, प्रधानमंत्री मोदी के खेलो इंडिया कार्यक्रम की टाइटल प्लेबैक सिंगर, उनके सामने की प्रस्तुति, योनो एसबीआई कार्यक्रम की बेस्ट सिंगर पुरस्कार से सम्मानित, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उत्तरानिया कौथिग में सम्मानित, सुनील बंसल द्वारा उ.प्र. महोत्सव में सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर समिति कार्याध्यक्ष प्रभाकर शुक्ल उर्फ रिंकू भैया, पूर्व ब्लाक प्रमुख मंजू शुक्ला, पी.के. शुक्ल, रामबिलास पाठक, उमाकांत दुबे, सुलतानपुर जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार नित्यानंद शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश सिंह, राजेश सिंह, पत्रकार आदेश मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार सहित अन्य लोग मौजूद रहे और कार्यक्रम के समापन पर समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर आर शुक्ल ने आए हुए अतिथियों का तथा उपस्थित सभी गणमान्य लोगों के प्रति हृदय की गहराइयों से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा : चालकों–परिचालकों यात्रियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। मुख्य सचिव, उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जन मानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने एवं सडक दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से 31 दिसंबर तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा। सोमवार को पखवाड़ा के चतुर्थ दिवस को परिवहन और रोड़वेज़ महकमे के प्रयास से रोड़वेज बस अड्डा पर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक स्वास्थ्य विभाग के डा0 शिखर बाजपेयी, डा0 कृतिका रैना के सहयोग से स्वास्थ्य कैम्प (नेत्र/स्वास्थ परीक्षण) का आयोजन किया। इस स्वास्थ्य कैम्प में लगभग 300 रोड़वेज चालक-परिचालक एवं यात्रीगणों का नेत्र-स्वास्थ परीक्षण किया। स्वास्थ्य कैम्प में एआरटीओ आलोक कुमार, एआरएम मुकेश मेहरोत्रा एवं परिवहन विभाग,रोड़वेज विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे। सुरक्षित-सुगम यातायात के लिए समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराना जरूरी : एआरटीओ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एआरटीओ आलोक कुमार ने अपील की कि सुरक्षित एवं सुगम यातायात के लिए समस्त वाहन चालक समय-समय पर अपना नेत्र परीक्षण करायें तथा जरूरी हो तो चश्मा का प्रयोग करें। सुरक्षित वाहन संचालन में यातायात के नियमों की जानकारी होना जरूरी है, जिससे वाहन चालक स्वयं अथवा अन्य लोगों के जीवन की रक्षा कर सके। वाहन संचालन के दौरान नशे एवं मोबाइल फोन का कतई प्रयोग न करें। साथ ही शहर एवं उनके आस-पास के क्षेत्रों में लग रहे मार्गो पर भारी जाम की समस्या पर भी चर्चा की तथा वाहन चालकों को सुझाव दिये गये, जिससे मार्ग पर अकारण जाम की स्थिति न पैदा हो। कैम्प एवं बस अड्डा में उपस्थित लोगो को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा कार्मिकों द्वारा चालकों-आवेदकों को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी पेम्फलेट्स, स्टीकर्स व हैंडबिल वितरित किए। इसके अलावा परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल के अफसर एआरटीओ आलोक कुमार और पीटीओ कौशलेन्द्र यादव ने अलग-अलग चीनी मिलों में जाकर 90 ट्रैक्टर-ट्रालियों के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाये एवं मार्ग पर संचालित व्यवसायिक वाहनों में लगे बैक लाइट-फॉग लाइट के मानक अनुरूप लगे होने की संघन चेकिंग की।

## राष्ट्र उत्थान में सामूहिक सहयोग की भावना उत्पन्न करें: मंगलामुखी मन्नत मां

कानपुर। समाज के सभी वर्गों को मिलजुल कर प्रेम से रहना चाहिए और सामाजिक उत्थान तथा राष्ट्र उत्थान में सामूहिक सहयोग की भावना उत्पन्न करनी चाहिए। यह बात सोमवार को कानपुर में शिवा आर्ट की द्वितीय शाखा का उद्घाटन के बाद हिन्दू किन्न सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगलामुखी मन्नत मां किन्नर ने कहा। उन्होंने कहा कि देश एवं राष्ट्र हित के लिए सदैव एकजुट होकर आगे आना चाहिए। देश में सभी को मिलजुल कर रहना चाहिए। इस मौके पर हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने कहा कि हिन्दू किन्नर सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मन्नत मां किन्नर ने शिवा आर्ट की द्वितीय शाखा का उद्घाटन फीता काटकर किया । शिवा आर्ट एक प्रिंटिंग प्रेस है , जिसकी द्वितीय शाखा गायत्री मंदिर पनकी रोड कल्याणपुर में आरंभ की गई है । शिवा आर्ट के प्रबंधक कुलदीप शर्मा ने उद्घाटन के लिए किसी विधायक अथवा सांसद के स्थान पर हिन्दू किन्नर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगलामुखी मन्नत मां को प्राथमिकता दी ।

## अवैध संबंध का विरोध करने पर की ससुर की हत्या, दो गिरफ्तार

बुलंदशहर। नरसैना थाना क्षेत्र में अवैध संबंधों में बाधक बन रहे ससुर को उसकी पुत्रवधू ने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। नरसेना थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर के पोखर में 15 दिसम्बर को नत्थू सिंह (65) का शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम में खुलासा हुआ कि बुजुर्ग की हत्या ईंट से मारकर की गई थी। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। स्याना क्षेत्राधिकारी भास्कर मिश्रा ने सोमवार को यह बताया कि जांच के दौरान पुलिस को गांव के बाहर एक मकान में लगे सीसीटीवी फुटेज मिला। चेक किया गया तो 14 दिसम्बर की रात को नत्थू सिंह अपनी छोटी बहू के साथ जाता दिखा। पुलिस फुटेज के आधार पर नत्थू सिंह की पुत्रवधू रेखा को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। उसने बताया कि उसके संबंध मुजफ्फनगर निवासी जान मोहम्मद से हो गए थे। इसकी जानकारी जब उसके ससुर को हुई तो उसने दोनों के अवैध संबंधों का विरोध किया। इसी वजह से रेखा ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर ससुर की हत्या की योजना बनायी। घटना की रात पहले ससुर को नशीली चाय पिलाई, फिर उसे वह अपने साथ गांव से बाहर लेकर गई। इसके बाद उसने प्रेमी के साथ मिलकर नत्थू सिंह की हत्या कर शव को पोखर में फेंक दिया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## काशी के 'मिनी तमिलनाडु' में तमिल छात्रों ने किया भ्रमण

वाराणसी। काशी तमिल संगमम-2 के दूसरे दिन सोमवार को तमिलनाडु के छात्रों का समूह 'गंगा' हनुमान घाट पहुंचा। यहां छात्रों ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और मां गंगा से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। दल ने घाट पर मौजूद आचार्यों से विभिन्न घाटों के इतिहास की जानकारी ली। इसके बाद घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। सभी मेहमानों को मंदिरों के इतिहास, दिव्यता और भव्यता के बारे में जानकारी दी गई। इसके उपरांत तमिल मेहमान हनुमान घाट स्थित तमिल महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती के घर गए। वहां उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। छात्रों के दल में काफी कुछ जानने की जिज्ञासा दिखी। उन्होंने महाकवि के घर के समीप पुस्तकालय का भी भ्रमण किया और काफी कुछ वहां के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद छात्र दल कांची मठ पहुंचा और वहां के इतिहास के बारे में जानकारी हासिल। काशी में दक्षिण भारतीय मंदिर को देखकर युवाओं का दल उत्साहित दिखा। मठ में दक्षिण भारत के पंडित वेंकट रमण घनपाठी ने उन्हें बताया कि काशी और तमिलनाडु में गहरा रिश्ता है और ये समागम महज एक पखवाड़े का नहीं सदियों पुराना है। काशी के हनुमान घाट, केदारघाट, हरिश्चंद्र घाट पर मिनी तमिलनाडु बसता है। जहां एक दो नहीं बल्कि दक्षिण भारत के अलग-अलग राज्यों के हजारों परिवार बसते हैं, जो इन दोनों राज्यों के मधुर रिश्ते को दर्शाते हैं। केवल हनुमान घाट पर 150 से अधिक घर तमिल परिवारों के हैं, जिनकी गलियों में हर दिन काशी तमिल संगमम होता है।

## एएसआई ने ज्ञानवापी के सर्वे की रिपोर्ट अदालत में पेश किया

वाराणसी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में हुए सर्वे की रिपोर्ट सीलबंद लिफाफ़े में सोमवार को जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दाखिल कर दिया। इस मामले में जिला न्यायालय में अगली सुनवाई 21 दिसम्बर को होगी। सर्वे रिपोर्ट अदालत में पेश करने के पहले प्रतिवादी पक्ष अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद ने अर्जी लगाई कि बगैर हलफनामे के किसी को भी रिपोर्ट सार्वजनिक करने की इजाजत न दी जाए। इसके पहले एएसआई को 11 दिसम्बर को रिपोर्ट दाखिल करनी थी । लेकिन अदालत में रिपोर्ट दाखिल नहीं की जा सकी। अदालत को बताया गया कि एएसआई के वरिष्ठ सदस्य का ब्लड प्रेशर अचानक बढ़ने और तबीयत खराब होने की वजह से वह अदालत में पेश होकर रिपोर्ट दाखिल कर पाने में असमर्थ हैं। इसलिए रिपोर्ट दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय और दिया जाए। इस पर जिला जज की अदालत ने एक हफ्ते की मोहलत और देते हुए रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 18 दिसम्बर की तिथि नियत की थी। गौरतलब हो कि ज्ञानवापी मस्जिद में वजूखाना जहां शिवलिंग नुमा आकृति मिली थी। उस सील एरिया को छोड़कर पूरे ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का प्रार्थना पत्र वादी पक्ष की ओर से बीते 16 मई को जिला जज की अदालत में दाखिल किया गया था। इसे मंजूर करते हुए 21 जुलाई को जिला न्यायालय ने ज्ञानवापी परिसर (सुप्रीम कोर्ट द्वारा सील क्षेत्र को छोड़कर) का सर्वे करके का आदेश दिया था। इसके खिलाफ प्रतिवादी पक्ष अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद के अधिवक्ता 24 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट गए। जहां सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिवादी पक्ष को हाईकोर्ट जाने का आदेश देते हुए 26 जुलाई तक सर्वे पर रोक लगा दी थी। 25 जुलाई को हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए तीन अगस्त तक सर्वे पर रोक लगा दी। तीन अगस्त को हाईकोर्ट ने एएसआई को ज्ञानवापी परिसर में सर्वे की अनुमति दे दी।

## प्रयागराज की सीनियर पुरुष व महिला वॉलीबाल टीम घोषित

प्रयागराज। सिविल लाइंस स्थित प्रधान डाकघर के क्रीड़ा परिसर में वॉलीबाल खेल ट्रायल में खेल प्रदर्शन एवं मेरिट के आधार पर प्रयागराज जिले की पुरुष व महिला वॉलीबाल टीमों का चयन किया गया। सभी चयनित पुरुष व महिला वॉलीबाल खिलाड़ी 21 से 25 दिसम्बर तक मैनपुरी जिले में आयोजित ल्ल72वीं सीनियर स्टेट पुरुष व महिला वॉलीबाल चैम्पियनशिपल्ल में जिले की वॉलीबाल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के महासचिव आर.पी शुक्ला के अनुसार चयनित प्रयागराज वॉलीबाल टीम के पुरुष खिलाड़ियों में विवेक शुक्ला (कप्तान), जितेंद्र कुमार सिंह, अभिषेक यादव, सिद्धार्थ सिंह, आशीष यादव, अली जैदी, सुनील यादव, सिद्धार्थ, अंकित विश्वकर्मा, आदर्श मिश्रा, गौतम सिंह व रिजवान हैं। आरक्षित पुरुष खिलाड़ियों में अब्दुल्ला, सूरज यादव व शिवम चौहान हैं। इसी प्रकार महिला टीम में पूजा (कप्तान), दीपा पाल, खुशी सिंह, तेजस्वनी शुक्ला, दिव्या, रिंकी कुशवाहा, निशिका मिश्रा, दामिनी गौतम, साक्षी कुमारी, शालिनी पटेल, अंशु विश्वकर्मा व श्रेया हैं। आरक्षित महिला खिलाड़ियों में जिया भारतीया, तृप्ति मिश्रा व आकांक्षा हैं।

# बम्हनपुर में 108 गायत्री महायज्ञ में पहुंचे डाक्टर चिन्मय पांड्या

### सिद्ध पीठ गायत्री चेतना केंद्र पहुंचकर लोगों से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन-खीरी। बम्हनपुर ने चल रहे 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में पहुंचे देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉक्टर चिन्मय पंड्या ने गायत्री शक्तिपीठ में प्राण प्रतिष्ठा की उसके बाद उन्होंने सिद्ध पीठ गायत्री चेतना केंद्र पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। रामाधीन इंटर कालेज में आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन पहुंचे शांतिकुंज हरिद्वार के देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉक्टर चिन्मय पंड्या ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा हमारी सोई हुई भावना को जगाने का काम गायत्री मंत्र करता है। जीवन की परेशानी लेकर आए लोगों को यज्ञ से शांति मिलती है। भारत की परंपरा रही है दूसरों के दुखों को हरना। उन्होंने कहा कि तेजस्वी व्यक्ति जहां पर दीपक की भांति बैठ जाता है। वह अपना प्रकाश उसी जगह फैलाने लगता है। जिस स्थान पर आपको गुणों का अनुभव होता है वह स्थान आपके जीवन में देवत्व लाता है। डॉ चिन्मय पंड्या के उद्बोधन कार्यक्रम के बाद यज्ञ में आहुति डाली गई। सुबह पौने नौ बजे पहुंचे पंड्या ने सबसे पहले गायत्री मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की। उसके बाद आयोजक देशराज राठौर के सिद्ध पीठ गायत्री चेतना केंद्र रामपुर गए जहां कार्यकर्ताओं ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया। डॉक्टर चिन्मय पंड्या ने कार्यकर्ताओं को उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। डॉक्टर चिन्मय पंड्या से सम्मान पाने वाले में अमनदीप सिंह ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, प्रज्ञानंद श्रीवास्तव, आयोजक देशराज राठौर, रविंद्र राठौर, मोमराज, विकास गुप्ता, विवेकानंद मौर्य तथा आशीष गुप्ता आदि लोग शामिल रहे।

# बेहाल है गोण्डा के थानों का हाल,अनुभवी अधिकारियों की जगह युवा उप निरीक्षकों के भरोसे सुरक्षा की कमान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोण्डा। यूपी के गोण्डा जिले के एक नहीं बल्कि कई थानों में अनुभवी अधिकारियों की जगह युवा उप निरीक्षकों के भरोसे थाने की व्यवस्था छोड़ दी गई है।गोण्डा जिले में पुलिस विभाग की जो अवस्था है वह कितनी दयनीय है इस बात का अंदाजा समय-समय पर सामने आने वाली तस्वीरें अपने आप कर ही देती है।किस तरह से अधिकारी अपनी सुविधा के मुताबिक थानों का बंटवारा करते हैं, इसका एक ताजा मामला हाल ही में जिले से सामने आया है।

## यूपी के गोण्डा जिले के थानों का हाल बेहाल

जिले के 18 थानों में 11 थानाधिकारी निरीक्षक हैं और बाकी या तो फिर पुलिस ऑफिस में बैठ कर रजिस्टर के मोटे-मोटे पन्ने पलट रहे हैं या फिर वह लाइनों में दिखाई दे रहे हैं और उन्होंने सारे काम की कमान युवा उप निरीक्षकों के कंधों पर सौंप दी है।

एक नहीं बल्कि 6 से 7 थानों में यही आलम देखने को मिल रहा है।जिसमें परसपुर, मोतीगंज,कौड़िया, धानेपुर, उमरी बेगमगंज, छपिया,और वजीरगंज थाने शामिल है।इन सबके अलावा महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने जो महिला हेल्फ डेस्क की शुरुआत की थी।महिला हेल्फ डेस्क होने के बावजूद भी थाने में महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा है।वहीं जिले के कई ऐसे थाने जहां पर प्रभारी उप निरीक्षक है वहां की स्थिति अत्यंत दयनीय है।

बात अगर थाने की करी जाए जहां के प्रभारी अंकुर वर्मा है वहाँ पर छेड़छाड़ पीड़िता के साथ न्याय नहीं होता है एक व्यक्ति पीड़िता के मोबाइल पर पीड़िता को बद्दी - बद्दी गालियां और जान से मारने की धमकी देता है पीड़िता जब उसकी शिकायत थाने में करती है तो उसकी नहीं सुनी जाती है।

बहुत परेशान होने के बाद पीड़िता की मुकदमा दर्ज किया जाता है।ऐसे न जाने कितने थाने हैं जिनकी व्यवस्था की कमान उप निरीक्षकों पर छोड़ दी गई हैं।ऐसे में यह बड़ा सवाल है कि आखिरकार बड़े-बड़े पुलिस अधिकारियों द्वारा इस तरह से सुरक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है।अनुभवी और विपरीत परिस्थितियों में सामंजस्य बैठाने वाले निरीक्षकों को पुलिस ऑफिस और लाइन में बैठा कर रखना और नए युवा उप निरीक्षकों को बिना अनुभव के महत्वपूर्ण थानों का चार्ज देना आखिर ये किसके इशारे पर किया जा रहा है।जो भोली भाली जनता इन थाना क्षेत्रों में रहती है इनकी सुरक्षा के दायित्व से जुड़ा ये बहुत ही अहम सवाल है।

# तरबगंज के भाजपा विधायक को फोन पर मिला धमकी, खुद को बताया परिवहन मंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। जिले में जालसाजों के हौसले इतने बुलंद है कि विधानसभा तरबगंज से बीजेपी विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय को फोन कर सरकारी राशन की दुकान दिलाने का दबाव बनाते हुए धमकी तक दे डाली। बीजेपी विधायक ने जब परिवहन मंत्री को फोन किया तो मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद विधायक ने तरबगंज थाने में जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।आरोप है कि किसी शख्स ने खुद को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह बताते हुए तरबगंज विधान सभा क्षेत्र के काशीपुर गांव की उचित दर दुकान के विक्रेता चयन के लिए काशीपुर के रहने वाले बब्लू अली के पक्ष में काफी दबाव बनाकर पैरवी की। फोन करने वाले ने कहा कि मैं बब्लू अली को भेज रहा हूं। इन्हें किसी भी तरह उचित दर विक्रेता बनवा दीजिए।

कुछ शक होने पर विधायक प्रेम नरायण पाण्डेय ने परिवहन मंत्री से बात की।तब सच्चाई का खुलासा हो गया।

तब मंत्री ने कहा कि उन्होंने कोई फोन नहीं किया है। साफ हो गया कि कोई दूसरा शख?स है जो फर्जी तरीके से परिवहन मंत्री का नाम बताकर गुमराह कर रहा है जालसाज, इतने पर ही नहीं रुका।उसने किसी दूसरे नंबर से विधायक को फिर फोन किया और मंत्री द्वारा उसके पक्ष में फोन किए जाने की बात बताते हुए सरकारी राशन की दुकान दिलाने का दबाव बनाने लगा।आरोपी ने एसडीम तरबगंज को भी परिवहन मंत्री का परिचय देकर बार-बार मोबाइल पर धमकाते हुए बब्लू अली के पक्ष में सात दिन के अंदर उचित दर विक्रेता बनाने का दबाव बनाया। विधायक ने मामले की शिकायत पुलिस से की। उनकी तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। तरबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है।

# अयोध्या मण्डल की क्रिकेट टीम 04 रन से हुई विजयी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कानपुर। पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष 2023-24 के अवसर पर प्रदेश स्तरीय (सीनियर पुरुष वर्ग में) क्रिकेट प्रतियोगिता के क्रम में सोमवार को पहला मैच अयोध्या मण्डल बनाम मिर्ज़ापुर मण्डल के मध्य कमला क्लब ग्राउंड पर खेला गया। जिसमें अयोध्या मण्डल की टीम 04 रन से विजयी हुई। यह जानकारी कानपुर के उप क्रीडाधिकारी अमित पाल ने दी।

उन्होंने बताया कि पहला मैच अयोध्या मण्डल बनाम मिर्ज़ापुर मण्डल के मध्य कमला क्लब ग्राउंड पर खेला गया, जिसमें अयोध्या मण्डल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अयोध्या मण्डल ने 18 ओवरों में अपने 09 विकेट खोकर 89 रन बनाये, जिसमें शिवेन्द्र ने 14 व मृदुल ने 15 रन का योगदान दिया। मिर्ज़ापुर मण्डल के गेंदबाज सुभाष, पंकज व अखिलेश ने 02-02 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मिर्ज़ापुर मण्डल की टीम ने 18 ओवर में 08 विकेट खोकर 85 रन ही बना सकी। जिसमें मिर्ज़ापुर मण्डल टीम के बल्लेबाज पंकज ने 22 रन व गौरव ने 16 रन बनाये। अयोध्या मण्डल के गेंदबाज असद व समर्थ ने 02-02 विकेट लिये। जिसमें अयोध्या मण्डल की टीम 04 रन से विजयी हुई।

दूसरा मैच बस्ती मण्डल बनाम चित्रकूट मण्डल के मध्य डी0ए0वी0 ग्राउण्ड पर खेला गया, जिसमें बस्ती मण्डल ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। चित्रकूट मण्डल ने निर्धारित 20 ओवरों में अपने 05 विकेट खोकर 179 रन बनाये। चित्रकूट मण्डल के बल्लेबाज तरुण ने सर्वाधिक 70 व पीयूष ने 33 रन का योगदान दिया।बस्ती मण्डल के गेंदबाज नरेन्द्र ने 3 विकेट एवं श्याम व आयुष ने 1-1 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बस्ती मण्डल की टीम ने 20 ओवर में 06 विकेट खोकर 146 रन ही बना सकी। जिसमें बस्ती मण्डल के बल्लेबाज आदर्श ने सर्वाधिक 56 व शुभम ने 28 रन बनाये। चित्रकूट मण्डल के गेंदबाज रिंकू ने 03 विकेट व सुधांशु ने 02 विकेट लिये, जिसमें चित्रकूट मण्डल की टीम 33 रन से विजयी हुई।

तीसरा मैच गोरखपुर मण्डल बनाम मेरठ मण्डल के मध्य क्राइस्ट चर्च ग्राउण्ड पर खेला गया, जिसमें मेरठ मण्डल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मेरठ मंडल की टीम ने 16 ओवरों में 10 विकेट खोकर मात्र 48 रन ही बना सकी। मेरठ मण्डल के बल्लेबाज उज्जवल ने 11 व रविन ने 10 रन बनाये। गोरखपुर मण्डल के गेंदबाज कृष्णकांत ने 05 व नीरज 03 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोरखपुर मण्डल टीम ने 06 ओवर 05 गेंद पर 03 विकेट खोकर 53 रन बनाकर विजय प्राप्त कर ली, जिसमें अंश ने 21 व ओम तिवारी ने 10 रन बनाये। मेरठ मण्डल के गेंदबाज रोहित व रविन ने 1-1 विकेट लिये। गोरखपुर मण्डल की टीम 07 विकेट से विजयी हुई।

चौथा मैच मुरादाबाद मण्डल बनाम आगरा मण्डल के मध्य कमला क्लब ग्राउण्ड पर खेला गया, जिसमें मुरादाबाद मण्डल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मुरादाबाद मण्डल की टीम ने 15 ओवरों में 07 विकेट खोकर 60 रन बनाये, जिसमें अमन वारसी ने 33 रन व सी.पी. सिंह 10 रन बनाये। आगरा मण्डल के गेंदबाज जतिन व प्रिन्स ने 02-02 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछे करने उतरी। आगरा मण्डल की टीम ने 10 ओवर 3 गेंदों पर 4 विकेट खोकर 61 रन बनाकर जीत प्राप्त कर ली। आगरा मण्डल के बल्लेबाज अंगेश ने 23 रन व अरुण ने 13 रन का योगदान दिया। जिसमें मुरादाबाद मण्डल के गेंदबाज यश ने 2 एवं विशाल व भूपेन्द्र ने 1-1 विकेट लिये। आगरा मण्डल की टीम 06 विकेट से विजयी हुई।

पाँचवाँ मैच- सहारनपुर मण्डल बनाम झाँसी मण्डल के मध्य डी0ए0वी0 ग्राउंड में खेल गया, जिसमें सहारनपुर मण्डल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सहारनपुर मण्डल ने 16 ओवरों में 02 विकेट खोकर 155 रन बनाए, जिसमें प्रशांत वीर ने सर्वाधिक 76 व मोहम्मद नाज ने 50 रन बनाये।

झाँसी मण्डल के गेंदबाज अंकित व निरुद्ध ने 01-01 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी झाँसी मण्डल की टीम ने 13 ओवर 05 बाल में 10 विकेट खोकर मात्र 47 रन ही बना सकी। जिसमें अजय कुमार ने 9 रन व अंकित ने 8 रन बनाये। सहारनपुर मण्डल के गेंदबाज गौतम, अभिषेक व पुण्डीर ने 02-02 विकेट लिया। सहारनपुर मण्डल की टीम 108 रनों से विजयी हुई।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय लखनऊ के निर्देश पर 15 से 21 दिसम्बरतक पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष 2023-24 के अवसर पर प्रदेश स्तरीय (सीनियर पुरुष वर्ग में) क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मण्डलों वाराणसी, अयोध्या, आगरा, बस्ती, गोण्डा, गोरखपुर, प्रयागराज, आज़मगढ़ बरेली, मेरठ, बाँदा, झाँसी, मिर्ज़ापुर, सहारनपुर, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, अलीगढ़ की टीमें प्रदेशीय प्रतियोगिता में लीग कम नाक-आउट बेसिस पर (04 खेल मैदानों) क्रमशः 1-ग्रीन पार्क स्टेडियम ग्राउण्ड, 2-एच0बी0टी0यू0 ग्राउण्ड, 3-डी0ए0वी0 ग्राउण्ड, 4-क्राइस्ट चर्च ग्राउण्ड पर आयोजित की जा रही है।

# वारिष्ठ नागरिको व पेंशनर्स का समस्त विभाग सम्मान करें सीडीओ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन कोषागार गोंडा द्वारा 17 दिसंबर को टाउन हाल गोंडा मे पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी महोदया की गयी मुख्य अतिथि अपर ज़िला अधिकारी गोंडा रहे।कार्यक्रम के संयोजक श्याम लाल जायसवाल मुख्य कोषाधिकारी गोंडा पेंशनर्स दिवस के औचित्य व उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए आगंतुकों का स्वागत किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी महोदया ने अपने भावुक उदबोधन मे कहा कि हमारी तहज़ीब हमको यह सिखाती है कि हम अपने बड़े बुज़ुर्गों का सम्मान करें और उनकी हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास करें उन्होंने पेंशनर्स की समयाओं को गंभीरता पूर्वक सुना और दो सप्ताह के अंदर उनका निस्तारण कराने का आश्वासंन दिया। वयोवृध पेंशनर्स को सी डी ओ महैदया,अपर ज़िलाधकारी,मुख्य कोषाधिकारी महोदय द्वारा शाल,फूल माला भेंट कर सम्मानित भी किया गया।पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष के बी सिंह तथा प्राथमिक शिक्षा पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष गुलाब चंद्र तिवारी ने ज्ञापन के माध्यम से पेंशनर्स की विभिन्न समस्याएं प्रस्तुत की।अपर जिला अधिकारी,मुख्य कोषधिकारी द्वारा बहुत सी पेंशन संबंधी जानकारियां दी गई तथा अपने स्तर से भी समस्याओं के निदान किया।कार्यक्रम का सफल संचालन नजमी कमाल ने किया।लगभग 150 पेंशनर्स तथा 40 विभागों के अधिकारी पेंशनर्स दिवस मे उपस्थित थे।कार्यक्रम के आयोजन मे कोषागार कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।अंत मे मुख्य कोषाधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सभी आगंतको हेतु कोषागार गोंडा द्वारा लंच पैकेट की भी व्यवस्था की गयी।

## केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्रदेश सह संयोजक बने इविवि के आलोक त्रिपाठी

प्रयागराज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपनी स्थापना काल से 75वें वर्ष में प्रवेश किया है। अभाविप द्वारा सम्पूर्ण राष्ट्र में इस वर्ष को अमृत महोत्सव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी में इविवि के छात्र आलोक त्रिपाठी को प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों का सह संयोजक बनाया गया है। यह जानकारी अभाविप के प्रदेश मीडिया संयोजक अभिनव मिश्र ने दी ।

उन्होंने बताया कि आलोक त्रिपाठी इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के छात्र हैं व इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई मंत्री हैं। उन्होंने बताया कि अभाविप द्वारा 7-10 दिसम्बर को राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में 10 हज़ार से अधिक कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग लिया, जिसमें भारत के प्रत्येक जिले से प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। उन्होंने बताया कि 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन में ही इस वर्ष प्रांतों के प्रांत अधिवेशन भी आयोजित किया गया।

प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालयों के सह संयोजक व इविवि इकाई के इकाई मंत्री आलोक त्रिपाठी ने कहा कि अभाविप द्वारा आयोजित किए गए राष्ट्रीय अधिवेशन कई मायनों में विशिष्ट रहा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सदैव ही छात्रों के हित के लिए कार्यरत रहते हैं। इस वर्ष अभाविप परिसर चलो अभियान निकालेगी। जिसके माध्यम से जो छात्र शैक्षिक परिसरों में नहीं जाते हैं उन्हें वहां भेजने का कार्य किया जाएगा।

## अपराधियों को सुधरने का मौका देगी पुलिस, चलाया गया जागरूकता अभियान

बागपत। बागपत पुलिस ने पुलिस लाईन में अपराधियों को सुधारने के लिए जागरूता अभियान चलाया है। सभी अपराधियों को बुलाकर उनसे डोजियर भरवाया गया। अपराधों से दूर रहने पर बल दिया गया। साथ ही अपराधों से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गयी।अपर पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में वर्ष 2021,22, 23 में जमानत पर रिहा हुए सभी अपराधियों को सुधारने का काम किया जा रहा है। बागपत के सभी थानों के डकैती व लूट के मामले में आरोपी रहे सभी अपराधियों से डोजियर तैयार कराया गया है। अपराधियों को भविष्य में अपराधों से दूर रहने के बारे में समझाया गया है। देश के सभी कानूनों का पालन करने के लिए उनको शपथ दिलाई गयी। बताया कि अपराधियों को सुधारने और उनको अपराधों से दूर करने लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

# नवागत एसपी विनीत जायसवाल ने संभाला चार्ज



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। लखनऊ से स्थानांतरित होकर जिले में आए नवागत एसपी विनीत जयसवाल ने सोमवार को देर शाम कार्यभार ग्रहण किया उनके आगमन पर समस्त राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा जनपद गोण्डा के राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी की गयी।इस दौरान जनपद में वर्तमान कानून व्यवस्था की समीक्षा की तथा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण करते हुए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये साथ ही अपराधों की रोकथाम हेतु निरन्तर पैदल गश्त करने के निर्देश दिये गए विनीत जायसवाल मूल रूप से जनपद गोरखपुर के निवासी है जो 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी है ।

उनके द्वारा पूर्व में जनपद शामली, हाथरस, अमरोहा व मुजफ्फरनगर में बतौर पुलिस अधीक्षक सेवाएं दी गई है तथा वर्तमान समय में पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ के पद पर कार्यरत थे।नवागत पुलिस अधीक्षक के आगमन को लेकर जिले की पुलिसिंग रविवार से ही काफी सतर्क और एक्शन मोड में नजर आ रही थी।सोमवार को भी पूरे दिन शहर में महकमे के लोग इसी प्रयास में लगे रहे कि साहब के आगमन से पूर्व कुछ भी ऐसा घटित न हो, जिससे उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़े।

# अपने ही विभाग के रिटायर्ड दरोगा मुकदमा दर्ज कराने के लिए चौकी व कोतवाली का चक्कर काट रहा

## फ्रेंचाईजी दिलाने के नाम एक लाख 51 हजार की ठगी का प्रकरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोण्डा। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक को गोदरेज कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर दो जालसाजों द्वारा 1.51 लाख रुपए ठग लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक एफआईआर दर्ज करने के लिए चौकी से कोतवाली तक का चक्कर काट रहा है लेकिन पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है।

मामला देहात कोतवाली क्षेत्र के रुपईडीह गाँव से जुड़ा है।यहाँ के रहने वाले पीड़ित सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक दुखहरन प्रसाद का कहना है कि बीते 9 दिसंबर को बाइक सवार दो युवक उनके पास आए और खुद को गोदरेज कंपनी का कर्मचारी बताकर उन्हे कंपनी के खाद बीज,दवा व पशु आहार की फ्रेंचाईजी दिलाने की बात कही।दोनों जालसाजों ने एक फार्म भराते हुए उनसे एक ब्लैंक चेक मांगा। कहा कि चेक पर एक हजार की धनराशि भरकर कंपनी में जमा करना होगा। दुखहरन ने फ्रेंचाईजी के लालच में आकर युवकों को अपना जरूरी दस्तावेज व चेक दे दिया। तीन दिन बाद जालसाज युवक फिर से सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक के पास गए और कहा कि चेक पानी में गिर जाने के कारण खराब हो गया है।

इस पर उन्होने युवकों को दूसरा चेक दे दिया। जालसाजों ने चेक में लिखी गयी एक हजार रुपये की धनराशि के आगे 15 की संख्या जोड़कर उसे 1.51 लाख रूपये बना दिया और उपनिरीक्षक के बेटे संदीप का हस्ताक्षर बनाकर दर्जीकुंआ स्थित बैंक की शाखा में पहुंचकर चेक का भुगतान ले लिया। पीड़ित उपनिरीक्षक दुखहरन ने बताया कि इस मामले की शिकायत लेकर वह दर्जीकुंआ स्थित पुलिस चौकी पहुंचे और पूरी घटना बताई लेकिन चौकी इंचार्ज ने उन्हें समझा-बुझाकर कर वापस कर दिया।तब से पीड़ित उपनिरीक्षक चौकी से लेकर थाने तक का चक्कर काट रहा है।लेकिन पुलिस अपने ही विभाग से रिटायर हुए दरोगा की फरियाद नहीं सुन रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात अरुण कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है और घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत का शिकायतकर्ता का ना नाम डालकर फर्जी नाम से निस्तारण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोण्डा । विकासखंड मनकापुर में तैनात सहायक विकास अधिकारी मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल की धज्जियां उड़ा रहे है।पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायत का शिकायतकर्ता का नाम ना डालकर किसी और नाम से फर्जी निस्तारण किया जा रहा है।इसे लेकर शिकायतकर्ता परेशान हैं और अफसर शासन को शत-प्रतिशत निस्तारण की रिपोर्ट भेजकर मौज काट रहे हैं।सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम जनता की शिकायतों का आसानी से निस्तारण कराने के लिए जनसुनवाई पोर्टल लांच कराया है।शासन का मकसद लोगों को घर बैठे इंसाफ दिलाने का है।पर जिले के विकासखंड मनकापुर में तैनात सहायक विकास अधिकारी की मनमानी की वजह से सरकार की इस मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। बताया जाता है कि पोर्टल पर दर्ज होने वाले अधिकतर मामलों की जांच तक नहीं की जाती।

अफसर दफ्तर में बैठे-बैठे निस्तारण की रिपोर्ट लगा देते हैं।शिकायतकर्ता से कोई फीडबैक भी नहीं लिया जाता है।शिकायतकर्ताओं के आरोपों को जांच के बिना ही किसी और के नाम से निस्तारण कर दिया जाता है।इसे लेकर शिकायत दर्ज कराने वाले परेशान हैं।वह पोर्टल पर मनमानी की शिकायत भी करते हैं।पर कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं होता।यही वजह है कि आम लोगों का विश्वास अब इस पोर्टल से उठता जा रहा है। ग्राम पंचायत विद्यानगर की निवासी एक व्यक्ति ने ग्राम पंचायत से लगे गाँव में खड़ंजे को बीच सड़क को जल जीवन मिशन के ठेकेदारों ने खोद कर बड़े-बड़े गड्ढे बना दिए थे और उसको सही नहीं कराया गया था।इसी की शिकायत शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई थी।लेकिन ब्लॉक में बैठे सहायक विकास अधिकारी आंख मूंदकर ऑफिस में बैठकर शिकायतकर्ता के नाम निस्तारण कर दिया है।वही जब इसकी जानकारी एडीओ पंचायत राकेश कुमार श्रीवास्तव से की गई तो उन्होंने बताया क्या हमारा काम नहीं है या जल जीवन मिशन का काम है।आपको जहां शिकायत करना हो कर दीजिए शिकायतकर्ता के नाम से कुछ नहीं होता है केवल संदर्भ संख्या सही होना चाहिए।

# जिलाधिकारी ने मधईपुर खन्डेराय में अवैध मिट्टी खनन का किया औचक निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। सोशल मीडिया पर प्राप्त तहसील करनैलगंज अंतर्गत परसपुर ग्राम मधईपुर खन्डेराय में हो रहे अवैध मिट्टी खनन की शिकायत का जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने औचक निरीक्षण कर लिया जायजा।अवैध मिट्टी खनन की शिकायत ट्विटर एवं सोशल मीडिया के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को मौके का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान खेत में साधारण मिट्टी का अवैध खनन 1100 घन मीटर पाया गया। इस संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक लेखपाल तथा उप जिलाधिकारी करनैलगंज विशाल कुमार को कार्यवाही करने की निर्देश दिए हैं।इसके साथ ही जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया है कि जनपद में कुल दस परमिशन मिट्टी खनन के लिए जारी किए गए हैं, इसके अतिरिक्त यदि जनपद में अवैध मिट्टी खनन करते हुए पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।उन्होंने बताया है कि जनपद में कुल दस स्थान के लिए मिट्टी खनन की वैध परमिशन जारी किया गया है। जिसमें चार परमिशन तहसील सदर गोंडा के अंतर्गत तथा छः परमिशन तहसील करनैलगंज में जारी किया गया है।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी करनैलगंज विशाल कुमार, राजस्व निरीक्षक संबंधित क्षेत्र व लेखपाल मौके पर उपस्थित रहे।

# सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने बच्चों को दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

## स्कूल में बाल चौपाल ईको फ्रेंडली क्लब और ग्रीन क्लीन ब्रिगेड का हुआ गठन

**सरकारी स्कूलों को स्वच्छ और हरा भरा बनाने के लिए सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा की अनूठी पहल**

**शिक्षिका को ग्रीन कंबोनेंट और बच्चों को मिला पर्यावरण प्रहरी सम्मान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। जिले में पुलिस में कार्यरत सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा संचालित प्रकृति संरक्षण मुहिम के तहत जनपद के सरकारी स्कूलों में बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करके उन्हें पेड़ पौधों की रक्षा और स्वच्छता हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से बाल चौपाल के संयोजन में आज शहर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सदर बाजार, कंपोजिट नगर क्षेत्र में पर्यावरण पाठशाला का आयोजन किया गया।

ट्री मैन के नाम से मशहूर पर्यावरण मित्र सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने स्वच्छता सरोकार से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता शैलेन्द्र पाण्डेय के साथ मिलकर उन्नाव जनपद को स्वच्छ तथा हरा भरा बनाने के लिए उक्त विद्यालय में '' क्लीन स्कूल , ग्रीन स्कूल'' स्लोगन का प्रारंभ करते हुए छात्र- छात्राओं , शिक्षकों को विद्यालय परिसर को स्वच्छ और हरा भरा बनाए रखने के लिए जागरूक किया और संकल्प दिलाया। सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने कहा कि वे सरकारी स्कूलों में बाल चौपाल ईको फ्रेंडली क्लब, क्लीन और ग्रीन ब्रिगेड का गठन करके बच्चों के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करेंगे। इन स्कूलों के बच्चे अपने स्तर पर ही स्कूल व आसपास में पौधे लगाकर उसकी देखभाल करेंगे। विद्यालय वाटिका व हरित विद्यालय मुहिम के तहत स्कूल को हराभरा बनायेंगे। बच्चे अपने जन्मदिवस पर स्कूल या अपने घर के आसपास कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। सरकारी स्कूल को हरा भरा और स्वच्छ बनाने के लिए बेहतर कार्य करने वाले स्कूल, शिक्षक और बच्चों को भविष्य में सम्मानित भी किया जाएगा। शहर में स्वच्छता के जनक तथा सामाजिक कार्यकर्ता शैलेन्द्र पाण्डेय ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और अपने उद्बोधन में पिछले सात वर्षों से किए जा रहे स्वच्छता जन जागरूकता महा अभियान के अनेक अनुभवों को छात्र छात्राओं के बीच में साझा किया और कहा कि विद्यालय में पड़े बिस्कुट, चिप्स आदि के रैपर और कचरा डस्टबिन में डालने की सुंदर आदत डालें। पाठशाला में शामिल बच्चों को प्रकृति तथा स्वच्छता का महत्व बताकर उन्नाव पुलिस विभाग में कार्यरत इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और स्वच्छता सरोकार से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता शैलेंद्र पाण्डेय ने सभी छात्र छात्राओं को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र नाहिद इकबाल फारूकी ने सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व के पर्यावरणीय सरोकार की सराहना करते हुए कहा कि उनकी इस अनूठी पहल से बच्चों में प्रकृति संरक्षण का भाव जागृत होगा। खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र नाहिद इकबाल फारूकी और सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा विद्यालय की प्रधान शिक्षिका डा.शिखा द्विवेदी को ग्रीन कंबोनेंट सम्मान पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । विद्यालय के चार छात्र छात्राओं सौरभ सक्सेना, अनुष्का,शीतल,मुस्कान श्रीवास्तव को भी उनके द्वारा पूर्व में आयोजित हुए बाल चौपाल रक्षा उत्सव में किए गए उत्कृष्ट पर्यावरण कार्यों के लिए पर्यावरण प्रहरी सम्मान से उपहार , मेडल और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# राम मन्दिर की स्थापना के दिन जिले में आयोजित होगे विविध कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। अयोध्या में होने वाले राम मंदिर स्थापना के दिन उन्नाव में भी होगा भव्य आयोजन बड़े चौराहे के सभी व्यापारियों ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई पूरे बड़े चौराहे में उस दिन दीपावली पर्व की तरह मनाया जाएगा कार्यक्रम का संचालन निखिल गुप्ता ने किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामजी गुप्ता ने बताया कि बड़े चौराहा से छोटे चौराहे तक लाइटिंग से रोशन किया जाएगा, झंडेश्वर महादेव मंदिर का श्रृंगार और उसके बगल में राम मंदिर का अस्थाई मंदिर बनेगा जिसमे भगवान राम परिवार सहित विराजित होंगे शाम 4 बजे से भगवान राम का राजतिलक का कार्यक्रम होगा 8 बजे महाआरती और प्रसाद वितरण होगा उसके बाद 11000 दीपक जलाएं जायेगे ,9 बजे से आतिशबाजी से पूरा आसमान रोशन होगा बैठक में अमित निगम ने लोगो से अपने घरों के बाहर 5 दीपक जलाने की अपील की कार्यक्रम की बैठक में मुकुंद बाजपेई,गोपाल गुप्ता,संजय गुप्ता,अभिषेक श्रीवास्तव, अशोक गुप्ता,विजय गुप्ता,रानू निगम,अमित आनंद,आदि समस्त व्यापारी मौजूद रहे।

# जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक डीएम की अध्यक्षता में हुई संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में बाल विकास विभाग की जिला पोषण समिति बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बिंदुवार प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिलाधिकारी को विभागीय प्रगति से अवगत कराया गया।जिलाधिकारी द्वारा बिन्दुवार समीक्षा की गई,पोषण ट्रेकर पर लाभार्थियों के वजन,गृह भ्रमण,राशन की फीडिंग की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा गुणवत्तापरक फीडिंग और सतत निरीक्षण पर जोर दिया गया।बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी द्वारा विभागीय प्रगति को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दर्शाते हुए बताया कि जिले ने प्रदेश स्तर पर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है।

सूचना वार रैंकिंग के विषय में डीपीओ ने बताया कि जनपद ने वृद्धि निगरानी के कार्य में प्रदेश स्तर पर जनपद का पांचवां स्थान, गृह भ्रमण में प्रथम,ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस आयोजन में दसवां, सामुदायिक गतिविधियों के आयोजन में तीसरा एवं राशन वितरण में द्वितीय स्थान रहा है।जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की वृद्धि निगरानी हेतु सही वजन सही लंबाई और ऊंचाई लिया जाना सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी द्वारा बीसलपुर परियोजना में उनके द्वारा किए गए भ्रमण मे मिली खामियों पर प्रभारी सीडीपीओ को सचेत किया और केन्द्रों की साफ सफाई केंद्र संचालन में सुधार हेतु निर्देशित किया।डीएम ने जनपद में चल रही हॉट कुक्ड फूड योजना की समीक्षा की गई,डीपीओ ने योजनान्तर्गत जनपद के चयनित1449 को लोकेटेड केन्द्रों के सापेक्ष 1112 केन्द्रों पर हॉट कुक मील वितरण होना बताया है। डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्वयं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करें तथा आख्या सहित उनको हॉट कुक्ड फूड योजना की वास्तविक स्थिति से अवगत कराएं।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह,मुख्य चिकित्साधिकारी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,अधिशासी अभियंता आरईडी,डा0 नीता चिकित्सा अधिकारी एनआरसी,ममता मौर्या डीएनएस यूपीटीएसयू,समस्त सीडीपीओ एवं समस्त मुख्य सेविकाएं मौजूद रहीं।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने तहसील कलीनगर कैंपस में किया धरना

## गन्ना विभाग के सुपरवाइजर की मिली भगत से सीलिंग की कृषि भूमि के बना दिए गए गन्ने के सट्टे

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पुरनपुर।कलीनगर तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की अति आवश्यक पंचायत तहसील कलीनगर प्रांगण में जिला अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह की अध्यक्षता में पंचायत संपन्न हुई।जिसका संचालन जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने किया है।

पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह कहा कि तहसील कलीनगर क्षेत्र में टाइगर रिजर्व जंगल में जाल फ़ेसिंग व तार फ़ेसिंग न होने से बाघों का आंतक भारी पैमाने पर बना हुआ कई बाघ टाइगर रिजर्व जंगल से निकल कर ग्रामीण क्षेत्रों में घूम रहें हैं।जिससे किसानों का कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है।तथा हर समय बाघों के डर का भय बना हुआ है। जनपद पीलीभीत में बाघों द्वारा दर्जनों किसानों व ग्रामीण की जान जा चुकी है।एवं टाइगर रिजर्व जंगल के वन्यजीव भारी पैमाने पर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहें हैं। जंगल विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण किसान परेशान हैं।तथा किसानों में भय व्याप्त है। जंगल विभाग तत्काल जंगल की जाल फ़ेसिंग कराये अन्यथा भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक जंगल विभाग के अधिकारियों का घेराव करेंगी।पंचायत में जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि कलीनगर तहसील के ग्राम सिमरा ता महाराजपुर में स्थित सरकारी सीलिंग की जमीन 181एकड़ भूमि पर भू माफियाओं को माधोटानडा पुलिस का पूरा संरक्षण प्राप्त है जिसके कारण भू माफियाओं के हौंसले बुलंद है।माधोटांडा पुलिस का यह रवैया न्यायोचित नहीं है। अगर अतिशीघ्र भू माफियाओं का सरकारी सीलिंग की जमीन पर कब्जा नहीं हटाया गया तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक उग्र आन्दोलन को बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।पंचायत में मंजीत सिंह,दिनेश कुमार,अरविंद यादव,बिक्रमजीत सिंह खैरा कमरूददीन,सरदार जीत सिंह,श्रीपाल सिंह यादव, जगपाल,ओमप्रकाश,नक्कू यादव,हसीना बेगम, रामकली,रिहाना बेगम,हरे राम,रामसेवक,राजेंद्र,धर्मेंद्र,शौकीन शाह,अशोक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सब्जी मंडी में रखी गुमटियों में लगी आग

## लोगों में मचा हड़कंप, दमकल ने पाया काबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोती नगर स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे लगने वाली सब्जी मंडी में रखी गुमटियों में अचानक आग लग गई।

लपटें देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे हैं। हालांकि लगभग आग पर काबू पा लिया गया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के हरदोई ब्रिज के नीचे सब्जी मंडी लगती है और पुल के नीचे गुमटियां भी रखी हैं। रविवार रात देर सब्जी कारोबारी दुकानें बंद कर अपने घर चले गए।

रात करीब 10 बजे अचानक गुमटियों में संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। एक के बाद एक करीब 10 गुमटियों में आग लग गई। अचानक आग लगने से आसपास के लोगों में अफरा तफरी का माहौल हो गया। उधर कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया।रेलवे लाइन का किनारा होने के चलते आरपीएफ-जीआरपी भी सतर्क हो गई। आग लगने की जानकारी लोगों ने दमकल विभाग को देने की कोशिश की लेकिन कोई रिपॉन्स नहीं मिला।

जिसके बाद लोगों ने फायर स्टेशन पहुँचकर घटना की जानकारी दी।उधर आग बुझाने का प्रयास भी करते रहे। सूचना के करीब एक घण्टे बाद पहुँची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया है। उधर दुकानों के अंदर गैस सिलेंडर होने के चलते दमकल कर्मियों में हड़कम्प मचा रहा। लेकिन समय रहते उन्हें बाहर निकाल लिया गया।आग लगने से सतीश किराना स्टोर, किशोर, राजू, राहुल, देवारी प्रसाद, मोनू कश्यप, हंस, कुन्नू समेत अन्य की गुमटियां जलकर राख होने से लाखों का माल जल गया।वहीं एक गुमटी में दो गैस के घरेलू सिलेंडर रखे होने से दमकल कर्मियों की मुसीबत बढ़ गई। हालाकि एक घंटे से अधिक मसक्कत के बाद शटर तोड़ कर सिलेंडर बाहर निकाले गए। दो घंटे के बाद आग में काबू पाया जा सका

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची गांव मंगदपुर,विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया

## संकल्प यात्रा में कंपोजिट विद्यालय मंगदपुर के बच्चों को निपुण होने पर ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत।भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा की एलईडी वैन द्वारा मगदपुर और दियूनी केसरपुर गांव का दौरा किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने पिछले 9 वर्षों में जो उपलब्धियां हासिल की हैं उन्हें एलईडी वैन द्वारा लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 17 योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा शिविर लगाकर गैर संचारी रोगों की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बीच आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा कार्ड बनाए जा रहे हैं। और संदिग्ध टीबी मरीजों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त देश बनाने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख सभ्यता बर्मा ने कहा कि आयुष्मान कार्ड वाला लाभार्थी स्वास्थ्य में 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज करवा सकता है। हमारी केंद्र और राज्य की सरकारे ग्रामीणों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने का कार्य कर रही है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संतराम राठौर,शकुंतला राजपूत,रामकली,धनीराम,कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम सहगल, विद्यालय के बच्चे,ग्राम प्रधान एव क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सघन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध क्लीनिक किया सील



औरास, उन्नाव। अधीक्षक ने दो सदस्यीय टीम गठित कर सघन चेकिंग अभियान चलाकर किया अवैध क्लीनिक को किया सील, नहीं दिखा पाया कंप्लीट दस्तावेज झोलाछाप डॉक्टर, जानकारी के मुताबिक औरास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत अवैध रूप से फल फूल रहे क्लीनिकों के खिलाफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास के अधीक्षक डॉध अनूप तिवारी ने दो सदस्यीय टीम गठित कर अवैध क्लिनिको पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। उसी के क्रम में सोमवार को डॉक्टर आदित्य सिंह व डॉक्टर इम्तियाज अहमद ने औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवतरा में अवैध रूप से फल फूल कर संचालित है,देवतारा निवासी घनश्याम मौर्य गुरुप्रसाद मौर्य के क्लीनिक पर छापा मारा जहां टीम को क्लीनिक के संचालक के द्वारा कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाए स्वास्थ्य टीम का पारा आसमान चढ़ गया, और तुरंत कार्यवाही करते हुए क्लीनिक को सील कर दिया वही इस संदर्भ में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास के अधीक्षक डॉ0 अनूप तिवारी से बात हुई तो उन्होंने बताया कि यह अभियान निरंतर अवैध रूप से संचालित क्लिनिको पर चलता रहेगा, प्रशासन की नजर अवैध क्लीनिकों पर टेढ़ी है।

### गन्ना क्रय केन्द्रो एवं मिलगेट पर घटतौली रोकने के लिए डीएम ने गठित की टीमों

पीलीभीत।जनपद की सभी चीनी मिलों में गन्ने की पेराई हो रही है।प्रति दिन लगभग 2.35 लाख कुंतल गन्ना खरीद हो रही है।जनपद की चीनी मिल पूरनपुर,बरखेडा पीलीभीत,बीसलपुर के अलावा शाहजहांपुर जिले की निगोही,मकसूदापुर,लखीमपुर जिले की गुलरिया तथा बरेली जिले की फरीदपुर चीनी मिल पीलीभीत के किसानो का गन्ना क्रय करती है।जिले मे कुल 188 क्रय केंद्र संचालित है।पिछले पेराई सत्र मे कुछ जगहों से अनियमित गन्ना खरीद की शिकायते भी संज्ञान मे आयी थी।वर्तमान पेराई सत्र मे गन्ना क्रय केन्द्रो पर शत प्रतिशत अनियमितता रोकने,अनियमित गन्ना खरीद रोकने,कांटों व बांटो की जाँच करने एसएमएस पर्चियों पर सही तौल की जाँच हेतु प्रवीण कुमार लक्षकार जिलाधिकारी ने एसडीएम अमरिया,पूरनपुर,कलीनगर एवं बीसलपुर की अध्यक्षता मे टीमो का गठन किया है।टीम मे एसडीएम के अलावा निरीक्षक विधिक माप विज्ञान एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक भी होंगे। यह टीमें चीनी मिल गेट एवं वाहय गन्ना क्रय केन्द्रो का आकस्मिक निरिक्षण करेंगी। निरिक्षण के दौरान यदि कोई अनियमितता मिलती है।तो डीएम के संज्ञान मे लाएंगे। इसके साथ ही विधिक कार्यवाही हेतु निरिक्षण की मूल प्रति गन्ना निरीक्षक एवं सहायक चीनी आयुक्त को भेजेंगे।

जाँच के दौरान यदि मूल तौलन यन्त्र अशुद्ध वजन देता हुआ पाया जाता है।तो चीनी मिल तौल लिपिक एवं अध्यासी के विरुद्ध विधिक माप विज्ञान द्वारा अमल मे लायी जाने वाली कार्यवाही के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश वैक्यूम पैन शुगर फैक्ट्रीज लाइसेंसिंग आर्डर,1969 के अंतर्गत अवश्यक वस्तु अधिनियम,1955 की धारा 3/7 एवं भारतीय दंड संहिता 1860 की सुसंगत धाराओं मे विधिक कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी। जिले मे अब तक जिला गन्ना अधिकारी,ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं सचिव द्वारा 149 क्रय केन्द्रो एवं मिल गेट का आकस्मिक निरिक्षण किया जा चुका है। बरखेड़ा चीनी मिल के क्रय केंद्र अहिरोला पर निरिक्षण के दौरान मानक बाँट न पाये जाने पर डीएम की तरफ से चीनी मिल बरखेड़ा की अध्यासी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।यदि जवाब संतोजनक नहीं हुआ तो जमानत जप्ती या फिर अर्थ दंड की कार्यवाही की जायेगी।

### नगर पंचायत में हुए विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

पीलीभीत।जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में नगर पंचायत पकडिया नौगवां की समीक्षा बैठक कलेक्टेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई।बैठक के दौरान नगर पंचायत में कराये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई।बैठक में नाला निर्माण व सड़क निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये नगर पंचायत के समस्त वार्डों में विकास कार्य कराये जाये।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी को नगर पंचायत का निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी रामसिंह गौतम,नगर मजिस्टेट,उप जिलाधिकारी सदर,अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण,अधिशासी अभियन्ता विद्युत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम ग्रामोउद्योग योजना के तहत बेरोजगार स्थापित कर सकते हैं उद्योग

पीलीभीत।सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य मंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एमएमजीआरवाई के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में समस्त जाति व वर्ग के बेरोजगार व्यक्ति जो ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करना चाहते हो जिनकी आयु 18 वर्ष से कम न हो एवं 50 वर्ष से अधिक न हो वह इस विभाग की बेवसाइट पर दिनांक 25.12.2023 तक आनलाईन आवेदन कर सकते है।योजनान्तर्गत अधिकतम रुपए 10 लाख ततक का ऋण बैंकों से दिलाया जाता है।

जिसमें पूँजीगत ऋण पर ब्याज की समस्त धनराशि विभाग द्वारा वहन की जाती है।अधिक जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय उपाधि महाविद्यालय के सामने, दूरभाष संख्या 9580503168, 7007058976 एवं 05882-297010 पर सम्पर्क कर सकते है।

# रामपुर गढ़ोवा के बच्चों ने जीती ब्लॉक स्तरीय चैंपियनशिप ट्राफी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। विकासखण्ड औरास में आज खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बीईओ मनींद्र कुमार, खेल शिक्षक राईसुल इस्लाम गौहर, उमेश कनौजिया, प्रदीप वर्मा,कौशल चौरसिया, धर्मेंद्र पटेल, अजय गंगवार, कुलदीप यादव व अन्य सहयोगी शिक्षकों के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

खेल कूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विभिन्न वर्गों की दौड़, गोलाफेंक, चक्काफेंक ,लंबी कूद एवं वालीबॉल के खेल कराए गए। बालको की दौड़ में 100 मीटर में हसनपुर के दीपेश, रामपुर गढ़ोवा के सुभाष व बड़ादेव के आदर्श ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये। 200 मीटर में रामपुर गढ़ोवा के सुधीर और रामपुर के ही अरमान व सिधूर के आकाश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालक में हसनपुर के शिवा, रामपुर गढ़ोवा के सुभाष व म्हरौनदा के विकास ने बाजी मारी।

जूनियर बालिकाओं की 100 मीटर दौड़ में रामपुर गढ़ोवा के खुशी और उपासना ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालिकाओं में भी रामपुर गढ़ोवा की खुशी व उपासना ने ही प्रथम व द्वितीय स्थान पाकर मेडल अपने नाम किया। 400 मीटर की दौड़ में भी रामपुर गढ़ोवा की उपासना और नीतू ने लंबे अंतराल से जीतकर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोलाफेंक प्रतियोगिता में रामपुर गढ़ोवा के सुधीर ने 28 फीट गोला फेंककर प्रथम व रामपुर के ही पवन ने द्वितीय स्थान व हसनपुर के शिवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बॉलीबाल के मैच में संयुक्त रूप से हसनपुर व रामपुर गढ़ोवा की टीम ने बाजी मारी। प्राथमिक वर्ग में 50 मीटर में दाऊद, सत्यम व संजय, 100 मीटर में दाऊद, सचिन व विवेक क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। प्राथमिक की लम्बीकूद में रामपुर गढ़ोवा न्यायपंचायत के दृगपाल खेड़ा व हसनपुर से सुनैना, वर्षा व जाह्नवी ने अपनी जगह पक्की की।100 मीटर बालिका में हसनपुर की वर्षा, दृगपाल खेड़ा की जाह्नवी व मुंशीखेड़ा की दीप्ति ने अपनी जगह पक्की की।

सभी खेलों में उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ोवा के बाजी मारने और ओवरऑल चैंपियनशिप ट्राफी अपने नाम करने पर उपस्थित सैकड़ो शिक्षकों, खंडशिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार ने बच्चों व कोच शिक्षक प्रदीप वर्मा को ढ़ेरो बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की। पुरस्कार वितरण में बच्चों के अंदर जोरदार उत्साह रहा। निर्णायक मंडल में गौहर, कुलदीप, सुनील, राजकरन, सौरभ,गिरीश, प्रीति वंदना व स्वाति द्विवेदी रहीं।साथी शिक्षकों में संगठन के पदाधिकारियों के साथ ही, समस्त एनपीआरसी, एआरपी शिक्षक, शिक्षिकाएं बहने, सौरभ, राजबहादुर, अशोक यादव, नंदकिशोर, सौरभ सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रदीप वर्मा ने इसे बच्चों की सबसे शानदार जीत बताया और जिले के खेलों में अपनी जगह पक्की करने के लिए आश्वस्त किया।

## न्यायाधीश साहसी बने रहें

सर्वोच्च न्यायालय की सेवा से रिटायर होने वाले न्यायमूर्ति संजय किशन कौल का यह कहना भारतीय लोकतन्त्र की जड़ों को मजबूती देने वाला है कि न्यायाधीशों को बेधड़क होकर बिना किसी बेखौफ-ओ-खतर के निष्पक्ष फैसले करने चाहिए क्योंकि उन्हें संवैधानिक संरक्षण मिला होता है। हमारे लोकतन्त्र की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसके महत्वपूर्ण स्तम्भ न्यायपालिका को पूरी तरह स्वतन्त्र रखा गया है और राजनैतिक दलों की बनने वाली सरकारों के प्रभाव से इसे अलग रखते हुए सीधे संविधान से शक्ति लेकर अपना दायित्व पूरा करने का कार्यभार सौंपा गया है। श्री कौल आगामी 25 दिसम्बर को रिटायर हो रहे हैं और 18 दिसम्बर से सर्वोच्च न्यायालय के 2 जनवरी तक के लिए जाड़े की छुट्टियां हो रही हैं। रिटायर होने से पूर्व पारंपरिक विदाई समारोह में मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चन्द्रचूड की मौजूगी में न्यायमूर्ति कौल ने ये विचार व्यक्त करके साफ कर दिया कि यदि मौजूदा शासन प्रणाली में न्यायाधीश ही अपना कार्य बिना किसी पक्षपात और खौफ के नहीं करेंगे तो शेष प्रशासकीय ढांचे से ऐसी अपेक्षा नहीं की जा सकती। अतः जजों या न्यायाधीशों को 'दिलेर' या 'साहसी' होना चाहिए। श्री कौल के मत में न्यायाधीशों का साहसी होना पूरे प्रशासनिक तन्त्र की निष्पक्षता के लिए बहुत जरूरी होता है। वर्तमान सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश मंडली में श्री कौल की प्रतिष्ठा अत्यन्त विशिष्ट व गौरवमयी मानी जाती है। उन्होंने जितने भी निर्णय दिये उनमें उनके निष्पक्ष व्यक्तित्व की झलक भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। कश्मीर के अनुच्छेद 370 समाप्त करने के पक्ष में उनके दिये गये फैसले में भी यह छाप दिखाई पड़ती है। उन्होंने अपने फैसले में 370 को समाप्त किये जाने के हक में फैसला देते हुए यह भी लिखा कि जम्मू-कश्मीर राज्य में नागरिकों पर हुई कथित ज्यातियों की जांच के लिए एक 'सत्य व सान्त्वना आयोग' को भी गठित किये जाने की जरूरत है। वैसे अगर गौर से देखा जाये तो स्वतन्त्रता के बाद भारत की न्यायपालिका का इतिहास बहुत ही गौरवशाली और गरिमामय रहा है केवल अपवाद के रूप में इमरजेंसी के 18 महीने के कार्यकाल को जरूर देखा जा सकता है। देश की इस सबसे बड़ी अदालत के न्यायमूर्तियों में समय पड़ने पर देश के लोकतन्त्र की मजबूती के लिए बड़े से बड़ा कदम उठाने में भी हिचकिचाहट नहीं दिखाई दी और अपने पद के स्तर को हमेशा निष्पक्ष बनाये रखने के लिए सामूहिक इस्तीफ़े तक दिये हैं। जैसा कि 1974 में केन्द्र की इन्दिरा गांधी सरकार के कार्यकाल के दौरान एक कनिष्ठ न्यायाधीश श्री अजितनाथ राय को मुख्य न्यायाधीश के पद पर बैठाने के विरोध में चार न्यामूर्तियों ने इस्तीफ़े दे दिये थे। इस घटना ने भी देश के लोकतन्त्र प्रेमियों को प्रेरणा देने का कार्य बहुत भीतर तक किया था। इससे पूर्व 1969-70 में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्तियों ने लोकप्रिय जन अवधारणा की परवाह न करते हुए केवल संविधान और कानून की कसौटी पर इन्दिरा सरकार द्वारा 14 निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण व राजा- महाराजाओं के प्रिविपर्स उन्मूलन के सरकारी फैसलों को भी अवैध करार दे दिया था। हालांकि इन्हीं मुद्दों पर 1971 में हुए लोकसभा चुनावों में इन्दिरा जी की पार्टी कांग्रेस की महाविजय हुई थी और बैंक राष्ट्रीयकरण व प्रिविपर्स उन्मूलन का विरोध करने वाली पार्टियों जनसंघ, स्वतन्त्र पार्टी, संसोपा व संगठन कांग्रेस के चौगुटा गठबन्धन को करारी हार का सामना करना पड़ा था। बाद में संविधान संशोधन करके ही ये दोनों फैसले लागू किये गये थे। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने कई और ऐतिहासिक फैसले दिये जिनमें संविधान के मूल ढांचे को न बदलने का निर्णय शामिल है। भारत के लोकतन्त्र को सर्वदा जीवन्त व कानून परक बनाये रखने के लिए और संविधान निर्माताओं के दूरदृष्टि मूलक फैसलों को हर काल में सामयिक बनाये रखने का यह निर्णय बहुचर्चित गोलकनाथ मामले में दिया गया था। इसके अलावा महाराज सिंह भारती मामले में बन्दी प्रत्यक्षीकरण का मुकदमा भी मील का पत्थर बना हुआ है। सच तो यह है कि सर्वोच्च न्यायालय भारत की स्वतन्त्रता के पिछले 76 सालों में 'अभयदीप' बन कर लोकतन्त्र के दो अन्य खम्भों विधायिका व कार्यपालिका को दिशा दिखाने का काम करता रहा है। देश की राजनीति बदलने का इस पर कोई असर नहीं पड़ता और यह संसद द्वारा बनाये गये कानूनों को भी संविधान की कसौटी पर कस कर उहें वैध या अवैध घोषित करता रहा है।

## आमजन के सपनों को साकार करता मोदी का सुशासन

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि सुशासन राष्ट्र की प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हमारा मंत्र, उद्देश्य व सिद्धांत नागरिकों को प्राथमिकता देने का है। मेरा सपना सरकार को लोगों के समीप लाने का है, ताकि वे प्रशासनिक प्रक्रिया के सक्रिय भागीदार बन सकें। सरकारी कामकाज की प्रक्रिया को आसान कर आसानी से सुशासन सुनिश्चित किया जा सकता है। उनका कहना है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां के नागरिक शासन का हिस्सा बनने के लिए अत्यधिक उत्साहित हैं। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में, निर्णय लेने की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी होना बहुत महत्वपूर्ण घटक है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के शासन में किए गए विभिन्न पहलों और सुधारों के बारे में लिखते रहते हैं। उनके शब्दों में- ÷130 करोड़ भारतीयों ने फैसला किया है कि वे भारत को आत्मानिर्भर बनाएंगे। आत्मनिर्भरता पर हमारा जोर, वैश्विक समृद्धि में योगदान करने की दृष्टि से प्रेरित है।**


डॉ. सौरभ मालवीय

प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल के दस वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। उन्होंने 26 मई, 2014 को प्रथम बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के पश्चात घोषणा की थी कि उनकी सरकार जनहित के लिए तथा अन्तयोदय के लिए कार्य करेगी। उन्होंने अपनी घोषणा में जो शब्द कहे, उस पर वह शत-प्रतिशत खरे सिद्ध हुए। उनके अब तक के संपूर्ण कार्यकाल पर दृष्टि डालें तो यह सेवा एवं सुशासन पर ही केन्द्रित रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि सुशासन राष्ट्र की प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हमारा मंत्र, उद्देश्य व सिद्धांत नागरिकों को प्राथमिकता देने का है। मेरा सपना सरकार को लोगों के समीप लाने का है, ताकि वे प्रशासनिक प्रक्रिया के सक्रिय भागीदार बन सकें। सरकारी कामकाज की प्रक्रिया को आसान कर आसानी से सुशासन सुनिश्चित किया जा सकता है। उनका कहना है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां के नागरिक शासन का हिस्सा बनने के लिए अत्यधिक उत्साहित हैं। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में, निर्णय लेने की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी होना बहुत महत्वपूर्ण घटक है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के शासन में किए गए विभिन्न पहलों और सुधारों के बारे में लिखते रहते हैं। उनके शब्दों में- ÷130 करोड़ भारतीयों ने फैसला किया है कि वे भारत को आत्मानिर्भर बनाएंगे। आत्मनिर्भरता पर हमारा जोर, वैश्विक समृद्धि में योगदान करने की दृष्टि से प्रेरित है। हमारी सरकार एक ऐसी सरकार है, जो प्रत्येक भारतीय का ध्यान रखती है और उसके लिए चिंतित रहती है। हम लोक-केंद्रित और मानवीय दृष्टिकोण से प्रेरित हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र से प्रेरित होकर हमारी सरकार ने लोक-समर्थक शासन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए हैं, जो गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित समुदाय की मदद करते हैं। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्तयोदय के मूल तत्वों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस समयावधि में उन्होंने विश्वभर के अनेक देशों में यात्राएं करके उनसे संबंध प्रगाढ़ बनाने का प्रयास किया है। इससे विश्व के अनेक देशों के साथ भारत के संबंध बेहतर हुए तथा उनके साथ अनेक रक्षा एवं व्यापारिक समझौते भी हुए। उन्होंने देश में लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक विकास के लिए अनेक जनकल्याण की योजनाएं प्रारम्भ की हैं। मोदी सरकार ने विकास का नारा दिया तथा विकास को ही प्राथमिकता दी। विगत लगभग दो दशकों में जिस प्रकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश के सभी वर्गों के लिए बिना किसी पक्षपात के कार्य किया है, उससे जनता के मध्य एक सकारात्मक संदेश गया है। विपक्षी दल आरंभ से ही भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों के मन में विष घोलने का कार्य करते आए हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के शीर्ष नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी विशेषकर नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाए। किन्तु जनता ने भारतीय जनता पार्टी को अपना अपार जनसमर्थन दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनसाधारण का विश्वास, समर्थन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। परिणामस्वरूप जनता ने केंद्र की कांग्रेस सरकार को सत्ता विहीन करके भारतीय जनता पार्टी को केंद्र की बागडौर सौंप दी। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तथा उन्होंने जनकल्याण के कार्यों की गंगा प्रवाहित कर दी। इसका परिणाम भी उत्साहजनक रहा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सराहनीय बहुमत दिलाया। इस बार भी नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने अपने जनकल्याण के कार्यों की गति को और अधिक तीव्र कर दिया। उनके कार्यों की देश ही नहीं, अपितु विश्वभर में सराहना होने लगी। विगत मई में अपने कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पुस्तिका भी जारी की थी, जिसमें सरकार द्वारा करवाए गये जनकल्याणकारी कार्यों का लेखा- जोखा था। इसके अनुसार सरकार ने देश के 80 करोड़ लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करवाई। जनधन योजना के अंतर्गत लोगों के 48.27 करोड़ खाते खोलकर उन्हें वित्तीय सेवाओं से जोड़ा गया। सुखद बात है कि इनमें से लगभग 26.54 करोड़ खाते महिलाओं के खोले गए। इस प्रकार महिलाओं को वित्तीय अधिकार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 133 करोड़ लोगों के आधार को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से जोड़ा गया था तथा उन्हें लगभग 25 लाख करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की गई। बेघर लोगों के लिए ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत 2.5 करोड़ आवासों का निर्माण करवाया गया। विशेष बात यह है कि इन आवासों में से लगभग 70 प्रतिशत में महिलाओं का नाम है अर्थात किसी में वे स्वयं स्वामी हैं तथा किसी में उनकी भागीदारी संयुक्त रूप से सम्मिलित है। इससे महिलाओं को सम्मान मिला तथा उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। अब वे केवल घर की लक्ष्मी ही नहीं हैं, अपितु स्वामी भी हैं। महिलाओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए 11.72 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया गया। इसके अतिरिक्त 6.5 करोड़ सामुदायिक शौचालयों का निर्माण करवाया गया। इस प्रकार देशभर के 4335 कस्बों एवं ग्रामों को खुले में शौच से मुक्ति दिलाई गई। महिलाओं के स्वास्थ्य के दृष्टिगत उन्हें चूल्हे के धुंए से छुटकारा दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 9.6 करोड़ एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। विगत मार्च में सरकार ने सिलेंडर पर 200 रुपये का अनुदान एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। पूर्व में महिलाओं को दूर से जल लाना पड़ता था, इसलिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत 8.67 करोड़ घरों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करवाई गई। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 69 प्रतिशत महिलाओं को लाभान्वित किया गया। इस योजना के अंतर्गत विनिर्माण, प्रसंस्करण, व्यापार या सेवा क्षेत्र में गैर-कृषि क्षेत्र में लगे आय सृजित करने वाले सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के सूक्ष्म ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है। मोदी सरकार ने कृषकों के कल्याण के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं। देशभर के 11.39 करोड़ छोटे कृषकों को प्रधानमंत्री किसान निधि के माध्यम से प्रत्येक वर्ष छह हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। इसके साथ ही 37.59 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। इसमें प्राकृतिक आपदा के कारण फसल नष्ट होने पर सरकार द्वारा किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के अंतर्गत 1.37 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सरकार ने बेरोजगारी को कम करने के लिए विशेष पग उठाए, जिसके परिणामस्वरूप युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सका। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2017 से जनवरी 2023 तक 10 लाख सरकारी नौकरियां प्रदान करने अभियान चलाया। लगभग 4.78 करोड़ नए सदस्यों ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की सदस्यता ली। स्टार्ट अप इंडिया के अंतर्गत 10.1 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा किए गए। सरकार उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के माध्यम से आगामी पांच वर्षों में 60 लाख रोजगार सृजन करने की योजना बना रही है। शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इस समयावधि में आईटीआई की संख्या 11847 से बढ़ाकर 14955 की गई। देश में 390 नए विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी जनकल्याणकारी कार्य किए हैं। इससे पूर्व देश में एम्स की संख्या केवल आठ थी, जबकि आज 23 एम्स हैं। चिकत्सीय महाविद्यालयों की संख्या भी बढ़ाई गई। पूर्व में 641 चिकित्सीय महाविद्यालय थे, जबकि अब इनकी संख्या 1341 है। इसके अतिरिक चिकित्सीय सीटों की संख्या 82466 से बढ़ाकर 152129 कर दी गई, जिससे कि अधिक छात्र प्रवेश ले सकें। इसके अतिरिक टीकारण अभियान चलाकर 220 करोड़ लोगों को कोविड के टीके लगाए गए। इसके साथ ही कोरोना काल के दौरान विदेशों से भारतीयों को स्वदेश लाया गया। इस दौरान लोगों को निःशुल्क राशन वितरण भी सुनिश्चित किया गया। परिवहन एवं यातायात के साधनों का भी विकास किया गया। सरकार द्वारा 13 वंदे भारत रेलें प्रारंभ की गई हैं। आगामी तीन वर्षों में 400 स्वदेश निर्मित ट्रेनें इसमें सम्मिलित करने का कार्य जारी है। मोदी के शासनकाल में देश ने लगभग सभी क्षेत्रों में उन्नति की है। इनमें प्रमुख रूप से अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण, अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक को अवैध घोषित करते हुए इस पर प्रतिबंध लगाना, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाना आदि सम्मिलित हैं। जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, उस समय उनके सामने अनेक चुनौतियां मुंह बाएं खड़ी थीं। ऐसी परिस्थिति में प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिपरिषद के सहयोगियों के लिए चुनौतियों का सामना करते हुए विकास के पहिये को आगे बढ़ाना सरल कोई कार्य नहीं था। किन्तु उन्होंने चुनौतियों का धैर्यपूर्वक सामना किया। उनका परिश्रम रंग लाया तथा उन्हें सफलता मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्ययोजना का आधार सिद्ध करता है कि उनके पास दूरदृष्टि ही नहीं, अपितु स्पष्ट दृष्टि भी है, तभी तो देश प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर उन्नति कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में हुए कार्यों से अत्यधिक उत्साहित दिखाई दे रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी संगठन अपनी रणनीति पर गंभीरता से कार्य कर रहा है। पार्टी नेताओं को पूर्ण आशा है कि केंद्र में तीसरी बार भी भाजपा की सरकार बनेगी।सरकार जल कल्याण की अनेक योजनाओं को लागू करने पर बल दे रही है। निःसंदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुशासन के माध्यम से देश को एक विकसित एवं शक्तिशाली देश के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

**(लेखक – लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में एसोसिएट प्रोफ़ेसर है।)**

## दिल्ली विवि में तदर्थवाद पर भारी स्थायी नियुक्ति का संकल्प

**डॉ.सीमा सिंह**

एक साथ, एक लक्ष्य और एक जुनून लेकर जब देशभर के लोग मैदान में उतरे, तभी स्वतंत्रता मिली। विश्वविद्यालयों ने इस दौरान देश की चेतना को जागृत किया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने युवा पीढ़ी में नई चेतना और विचार का संचार किया। 'कोई चरखा चलाता-वो भी आजादी के लिए, कोई विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करता- वह भी आजादी के लिए, कोई काव्य पाठ करता- वह भी आजादी के लिए। कोई किताब या अखबार में लिखता- वो भी आजादी के लिए। कोई अखबार के पर्चे बांटता था तो वह भी आजादी के लिए। यह बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारतअ2047 के लॉन्चिंग पर कहीं। जाहिर है प्रधानमंत्री समझते हैं कि युवा शक्ति साथ हो तो कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं। इसी युवा शक्ति को संवारने के लिए उन्होंने 2014 से अब तक कई प्रयास किए। वो समझ रहे हैं कि कालखंड कोई भी हो, युवा शक्ति के सहारे मुश्किल राहें आसान हो जाती हैं। छोटी-छोटी पहल जन अभियान का रूप ले लेती हैं। इस युवा शक्ति को संवारने में शिक्षकों का भविष्य सबसे अधिक मायने रखता है। उनके जीवन का स्थायित्व देश के वर्तमान और भविष्य को और अधिक उड़ान देगा। कुछ ऐसा ही नजारा दिल्ली विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालयों का है, जहां तदर्थवाद से मुक्ति और स्थायी नौकरी की दिशा में पहल ने जनअभियान का रूप ले लिया है। युवा शक्ति को दिशा देने की जिम्मेदारी जिस शिक्षक समुदाय पर है, वही तदर्थवाद का शिकार लंबे समय से रहा है। चाहे बात दिल्ली विश्वविद्यालय की हो या देशभर में रुकी अन्य स्थायी नियुक्तियों की। मोदी सरकार ने दस लाख लोगों को रोजगार देने की दिशा में पहल की। समय-समय पर रोजगार मेले कर खुद प्रधानमंत्री और सरकार लाखों लोगों को स्थाई रोजगार के सपने को साकार कर चुकी है। दिल्ली विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालयों में 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हुई। पाठ्यक्रम को समयानुकूल बनाया गया, ताकि छात्रों का भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। विद्यार्थी और शिक्षकों के बीच के अनुपात की खाई पाटने की दिशा में पहल हुई। दिल्ली विश्वविद्यालय भी इस पहल से अछूता नहीं रहा। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने पांच हजार से अधिक सीटों को भरने का बीड़ा उठाया। जाहिर है कोई भी समाज विद्यार्थियों का भविष्य शिक्षकों के भविष्य से अलगकर नहीं देख सकता है। शिक्षकों के जीवन की अनिश्चितता दूर करने के लिए स्थायी नियुक्ति आवश्यक है। शिक्षा में लंबे समय से चल रही तदर्थवाद की व्यवस्था दोनों पीढ़ी के साथ खिलवाड़ था। 15 दिसंबर, 2023 तक चार हजार नियुक्तियां दिल्ली विश्वविद्यालय में हो चुकी हैं। इसमें तीन हजार तदर्थ शिक्षक शामिल हैं जो कि स्थायी नियुक्ति पाने में सफल हुए। 900 साथी रोस्टर में परिवर्तन के कारण बाहर हुए। बाहर होने वालों में 550 तदर्थ की नियुक्ति कहीं न कहीं हो चुकी है। दिल्ली विश्वविद्यालय में समय से इंटरव्यू न होने से बैकलॉग निरंतर बढ़ता गया। नियुक्ति समय से नहीं होने के कारण ही आज यह दशा हुई कि एडहॉक से कई साथी रिटायमेंट लेने को विवश हैं। अभी हाल ही में दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थायी होने वालों में 64 की उम्र पार कर गए शिक्षक भी शामिल हैं। जीवन के इस उम्र में उनका स्थायी होना इस पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान है। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने यह बीड़ा उठाया और एक वर्ष में चार हजार स्थायी नियुक्तियां करवाईं। अभी भी एक तिहाई इंटरव्यू होने बाकी हैं। इन जगहों पर एडहॉक, गेस्ट और कॉन्ट्रैक्ट टीचर्स काम कर रहे हैं। उन्होंने कुछ दिन पूर्व नवनियुक्त शिक्षकों को एकत्र किया। वह दृश्य देखने योग्य था। स्टेडियम में बैठने का स्थान नहीं दिख रहा था। सभी कुर्सियों पर नवनियुक्त शिक्षक बैठे थे। यह कार्य यदि समय पर हुआ होता तो यह स्थिति नहीं होती। कितने ही लोगों का भविष्य इस गेस्ट और तदर्थवाद के चंगुल से मुक्ति पाने को छटपटा रहा था। कई पीढ़ियां गेस्ट और तदर्थ पद से रिटायर तक हुईं। दिल्ली विश्वविद्यालय में एक विभाग ऐसा भी है जहां 1991 के बाद स्थायी नियुक्तियां नहीं हुई हैं। ऐसी ही स्थिति कई विभागों में देखी जा सकती है। किसी को तदर्थ शिक्षकों का दर्द नहीं दिखाई दिया। ऐसा भी नहीं है कि इस दौरान शिक्षक संगठन सक्रिय नहीं रहे, लेकिन तदर्थवाद से मुक्ति का यह दौर राजनीति की भेंट चढ़ता रहा। पांच हजार से अधिक प्रोफ़ेसर को प्रमोशन दिलाने को भी सफल कार्य कुलपति के माध्यम से अब तक किया जा चुका है। कई नये विभाग भी इस दौरान खोले गए है जो भारतीय ज्ञान परंपरा को पोषित करने में सफल योगदान देते हैं। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि दिल्ली विश्वविद्यालय का नजारा बदला-बदला सा प्रतीत हो रहा है और यह सुखद भी है। उम्मीद की जा सकती है कि प्रधानमंत्री के संकल्पों पर खरा उतरने का जिस तरह का प्रयास कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने शुरू किया, वह सिलसिला अन्य जगहों पर भी चल रहा होगा। बदलाव की बयार का लाभ शिक्षक और छात्र समान रूप से उठाने में कामयाब होंगे।

### सेहत मंत्र

## पपीता ही नहीं, उसके पत्ते भी सेहत के लिए होते हैं लाभकारी

पपीता एक ऐसा फल है, जिसे हेल्थ के लिए काफी लाभदायी माना गया है। इसलिए तो जब भी कोई व्यक्ति बीमार होता है तो उसे पपीता खाने की सलाह दी जाती है। आप भी पपीते का सेवन करते ही होंगे लेकिन क्या आप जानते हैं कि पपीता ही नहीं, उसके पत्ते भी सेहत के लिए वरदान समान हैं। तो चलिए जानते हैं पपीते के पत्ते से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में? पपीते की तरह ही उसके पत्तों में भी पोषक तत्वों की भरमार होती है। पपीते के पत्ते में विटामिन ए, बी, सी, डी और ई के साथ?साथ एंटीऑक्सीडेंट्स, फलेवोनोइड्स, कैरोटीन होते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें थ्रेओनाइन, ग्लूटामेट एसिड, ग्लाइसीन, वेलिन, ल्यूसीन, लाइसिन, हिस्टीडाइन, एलानिन, प्रोलाइन जैसे 50 से अधिक अमीनो एसिड व पाचन एंजाइम्स पाए जाते हैं। यह पाचन एंजाइम्स शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइडेट व वसा को पचाने में मदद करते हैं। जो व्यक्ति कैंसर पीड़ित हैं, उन्हें पपीते के पत्ते का सेवन अवश्य करना चाहिए। पपीते के पत्ते में एंटीबैक्टीरियल तत्व व एसीटोजेन नामक तत्व पाया जाता है, जो कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने व उन्हें मारने में अहम भूमिका निभाता है। खासतौर से, गर्भाशय ग्रीवा, प्रोस्टेट, यकृत, स्तन व फ़ेफड़ों के कैंसर में यह बहुत कारगर साबित हुआ है। शायद आपको पता न हो लेकिन पपीते के पत्ते का सेवन करने से प्रतिरक्षा तंत्र काफी मजबूत होता है। दरअसल, पपीते के पत्तों में कई तरह के शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जो इम्युन सिस्टम को स्टांग बनाते हैं। अगर इसके रस का सेवन किया जाए तो खून में व्हाइट ब्लड सेल्स की मात्रा बढ़ जाती है। डेंगू ऐसी बीमारी है जिसमें व्यक्ति के प्लेटलेट्स गिरने लगते हैं। इतना ही नहीं, कई बार तो इस बीमारी के चलते व्यक्ति की जान तक चली जाती है। यहां गौर करने वाली बात है कि डेंगू से लड़ने के लिए अभी तक कोई भी दवा उपलब्ध नहीं है। लेकिन जो लोग पपीते के पत्ते का सेवन इस बीमारी में करते हैं, उससे उन्हें विशेष फायदा होता है क्योंकि पपीते के पत्ते के सेवन से शरीर में प्लेटलेटस की संख्या बढ़ने लगती है। कई अध्ययनों में यह बात साबित भी हो चुकी है।

### धर्म मंत्र

## घर की सुख-समृद्धि के लिए शिवलिंग पर शमी के पत्ते चढ़ाते समय बोलना चाहिए एक मंत्र



शिवपुराण के अनुसार शिव पूजा में फूल-पत्तियां चढ़ाने का विशेष महत्व है। शिवलिंग पर बिल्व पत्र तो सभी चढ़ाते हैं, लेकिन इसके साथ ही शमी के पत्ते भी शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। शमी वृक्ष पूजनीय और पवित्र है। घर में शमी का वृक्ष लगाने से कुंडली के और वास्तु के कई दोष दूर हो सकते हैं। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार जानें शिवजी को कैसे चढ़ाएं शमी के पत्ते.... - रोज सुबह शिव मंदिर जाएं और तांबे के लोटे में गंगाजल या पवित्र जल में गंगाजल, चावल, सफ़ेद चंदन मिलाकर शिवलिंग पर ऊँ नमः शिवाय मंत्र बोलते हुए अर्पित करें। तांबे के लोटे से जल चढ़ाने के बाद शिवलिंग पर चावल, बिल्वपत्र, सफ़ेद वस्त्र, जनेऊ और मिठाई के साथ ही शमी के पत्ते भी चढ़ाएं।

शमी पत्ते चढ़ाते समय ये मंत्र बोलें

अमंगलानां च शमनीं शमनीं दुष्कृतस्य च।<br>
दुःस्वप्रनाशिनीं धन्यां प्रपद्येहं शमीं शुभाम्।।

शमी पत्र चढ़ाने के बाद शिवजी की धूप, दीप और कर्पूर से आरती कर प्रसाद ग्रहण करें।

### पर्यटन



## लेखक और फिल्मों की वजह से मशहूर हुए हैं ये ऑफ-बीट ट्रैवल डेस्टिनेशन

अंडमान- निकोबार, असम, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, उत्तराखंड आदि राज्यों में ऐसी बहुत सारी जगहें हैं, जिनके बारे में आम लोग न के बराबर जानते हैं। हरसिल (उत्तराखंड) आने वाले लोगों की संख्या तब और अधिक बढ़ गई जब 'राम तेरी गंगा मैली' फिल्म आई, क्योंकि इस फिल्म की शूटिंग यहीं हुई थी। यही बात लेखकों के साथ भी लागू होती है। वे साधारण-सी जगहों के बारे में अपने अनुभवों को इतने दिलचस्प तरीके से लिखते हैं कि पाठकों के दिमाग पर शब्द चित्रों के रूप में अंकित हो जाते हैं। सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय ने अपनी यात्राओं के आधार पर संस्मरण लिखा 'अरे यायावर रहेगा याद'। उन्होंने इस किताब में पूर्वोत्तर के कुछ ऐसे इलाकों, कस्बों, जंगलों, माजुली जैसे द्वीप के बारे में बताया, जहां के बारे में उत्तर भारत के लोग नहीं जानते या फिर बहुत कम जानते हैं। उत्तर भारत के लोगों के मन में पूर्वोत्तर के प्रति जो डर है, उसे ट्रैवलर और राइटर खत्म करना चाहते हैं, ताकि उनमें यह विश्र्वास पैदा हो सके कि घूमने के लिहाज से पूर्वोत्तर के राज्य बेहद सुरक्षित हैं। वरिष्ठ लेखक विश्र्वनाथ त्रिपाठी ने किताब लिखी 'नंगातलाई का गांव'। हालांकि यह काल्पनिक किताब है पर किताब में गांवों की प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ आम लोगों की स्थिति, गरीबी के बारे में त्रिपाठी जी ने इतना सजीव चित्रण किया कि आज भी पर्यटक नंगातलाई का गांव ढूंढ़ते हैं। विश्र्वनाथ त्रिपाठी कहते हैं, 'मुझे लगता है कि जब आदमी पुरानी यादों या फिर आम लोगों के बारे में साधारण, लेकिन सच्ची बातों को लिखता है, तो उसका विवरण वह दिल से करता है। फिर उस गांव या शहर को देखने की चाह लोगों में पैदा हो जाती है।' त्रिपाठी जी से दशकों पहले महान साहित्यकार राहुलसांकृत्यायन ने बस, घोड़े और कभी पैदल चलकर हिमाचल के किन्नौर की यात्रा की और लिखा 'किन्नर देश में'। इसी तरह अज्ञेय ने एक फौजी ट्रक हांकते हुए पूर्वोत्तर की यात्रा की थी और लिखा 'अरे यायावर रहेगा याद'। ये किताबें आज भी भारत की दस सर्वश्रेष्ठ यात्रा संस्मरणों में शुमार हैं।

# स्वाट/सर्विलांस व देवा कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने 3 लूटेरों को दबोचा, लूटी गयी नकदी व सामान बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। एसपी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर अन्तर्जनपदीय लुटेरों को गिरफ्तार कर तीन घटनाओं का अनावरण किया गया है। गिरफ्तार लुटेरों के कब्जे से पुलिस ने लूट के 26,200/-रुपये नकद, घटना कारित करने में प्रयुक्त मोटर साइकिल, लोहे की रॉड, एक अदद मोबाइल, तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल एन्टेलीजेन्स एवं डिजिटल डेटा की मदद से लूट की तीन घटनाओं का सफल अनावरण कर अन्तर्जनपदीय 03 शातिर लुटेरों सोमिल कुमार पुत्र चन्द्र प्रकाश रावत निवासी मोहनगंज मजरे इब्राहिमपुर कला थाना देवा, राजेन्द्र चौहान उर्फ टुट्टा पुत्र नरेश चौहान निवासी पीड़ थाना देवा व संजय चौहान पुत्र रामनरेश निवासी खेवली थाना देवा को नरैनी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से लूट/चोरी के कुल 26,200/- रुपये नकद, 01 अदद मोबाइल फोन, घटना कारित करने में प्रयुक्त एक अदद मोटर साइकिल टीवीएस स्पोर्ट ठघ 32 क्ष 9758, 01 अदद लोहे की रॉड व 01 अदद तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्तगण का एक गैंग है जो संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु बाराबंकी व आस-पास के जनपदों में लूट व चोरी आदि जैसी घटनाएं कारित करते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 01.12.2023 को थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत हाजी काजीपुर पर स्थित शराब की दुकान के सेल्समैन की मोटर साइकिल की डिग्गी से नकदी चोरी करने, दिनांक 11.12.2023 की रात्रि को थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मलूकपुर स्थित देशी शराब के ठेका के सेल्समैन से नकदी छीन लेने व दिनांक 16.12.2023 को विशुनपुर धर्मकांटा के पास से एक व्यक्ति से मोबाइल व नकदी छीन लेने की घटना कारित की गई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना देवा पर अभियोग पंजीकृत है।

# गेट पर यात्रा करना युवक को पड़ा भरी

## चंडीगढ़ से गोरखपुर जा रहा था वापस अपने घर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। ट्रेन के गेट पर खड़े होकर यात्रा कर रहा एक युवक भरी पड़ गया यात्रा कर रहे युवक अचानक तीस फीट गहरी नहर में गिर युवक के साथियों की सूचना पर पुलिस ने युवक की तलाश गोताखोरों व एसडीआरएफ की टीमों के साथ शुरु किया।

गोरखपुर जनपद के हरपुर बुदहट थानाक्षेत्र के विजयनगर रेड़ा निवासी मंगलेश चौहान (22) पुत्र भोला चौहान शिमला में कारपेंटर का कार्य करता था। शनिवार को चंडीगढ़ से अपने साथियों के साथ जननायक ट्रेन से सवार होकर पैतृक गांव जा रहा था युवक जनरल बोगी में बैठा था। बोगी में भीड़ के चलते गेट पर खड़े होकर यात्रा करने के दौरान वह अचानक ट्रेन से नीचे गिर गया। जिस समय ट्रेन से युवक नीचे गिर ट्रेन बाराबंकी के पैतीपुर रेलवे स्टेशन की शारदा नहर से गुजर रही थी। युवक को नहर में गिरता देख साथी चिल्लाने लगे। ट्रेन पर सवार अन्य लोगों ने पुलिस को जानकारी जानकारी दिया। युवक के साथियों ने बुढ़वल स्टेशन पर ट्रेन के रुकने के बाद घटाना की सूचना अधिकारियों को दी। रेलवे जीआरपी व बड्डूपुर पुलिस ने स्थानीय लोगों और एनडीआरएफ की मदद से युवक नहर में तलाश शुरू की। थानाध्यक्ष ज्योति वर्मा ने बताया कि युवक की तलाश जारी है अभी तक युवक का कुछ आता पता नहीं चला जल्द ही युवक को ढूंढ निकाला जाएगा।

# हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष के चाचा का आकस्मिक निधन पर राजनेताओ ने जताया शोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष एवं पत्रकार पाटेश्वरी प्रसाद के चाचा सुंदर लाल का सोमवार को सुबह नगर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह लगभग 70 वर्ष के थे। वह अपने तीन भाइयों में मंझले थे। उनके आकस्मिक निधन से पूरा परिवार शोकाकुल है। वह अपने पीछे चार पुत्रों और दो पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। बीती रात सीने में दर्द की समस्या के बाद पुत्र सत्येन्द्र कुमार, संदीप कुमार, शिव कुमार, अखिलेश कुमार और भाई नन्हें लाल व जितेन्द्र कुमार उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें प्रारम्भिक परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर पैतृक ग्राम मदारन, रसौली में लाया गया। जहां अंतिम दर्शन के बाद बड़े बेटे सत्येन्द्र कुमार 'गुड्डू' ने उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। बताते चलें कि स्व. सुन्दर लाल एक नेक दिल इंसान तथा उत्तम व्यवहार के धनी व्यक्ति थे। वह गांव के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने में सक्षम तथा सरल स्वभाव के कारण सभी के प्रिय थे। उनके मौत से पूरे गांव में शोक व्याप्त है। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, पूर्व सांसद डॉ. पी.एल पुनिया, सासंद उपेन्द्र सिंह रावत, गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा, कांग्रेस नेता शिवशंकर शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी, रत्नेश कुमार, संतोष शुक्ला, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, सत्यवान वर्मा, सरदार राजा सिंह, कैलाश बिहारी कुरील, प्रदीप कुमार सहित कई लोगों ने पत्रकार पाटेश्वरी प्रसाद के चाचा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया।



फाइल फोटो।

# प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी छन्नुलाल से किया सीधा संवाद

## लाभार्थी बोला, अगर नहीं होता आयुष्मान कार्ड तो खड़ा नहीं हो पाता आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बरकी ग्राम सभा में आयोजित हुये 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी छन्नुलाल से सीधे संवाद किया।

सेवापुरी बिहड़ा गांव के निवासी छन्नुलाल (28) ने प्रधानमंत्री से कहा कि वह साल 2005 में पेड़ से नीचे गिर गए थे, जिसके कारण मेरे बाएं पैर की कूल्हे की हड्डी टूट गयी थी। इससे मैं बहुत दुखी व परेशान था। प्राइवेट अस्पतालों में डेढ़ से दो लाख रुपये का खर्चा आ रहा था। लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वह प्राइवेट में इलाज कराने के किए असमर्थ थे। मैं कई सालों तक ऐसे ही परेशान रहा लेकिन अभी कुछ माह पहले क्षेत्र की आशा दीदी से मुलाकात हुई तो उन्होंने मुझे आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी दी। योजना के पात्र लाभार्थी होने से मेरा आयुष्मान कार्ड भी बन गया। इसी आयुष्मान कार्ड की मदद से इसी साल मेरा आठ सितंबर को मेरा बड़े चिकित्सालाय में निःशुल्क इलाज हुआ। अगर आयुष्मान कार्ड नहीं होता तो आज मैं अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाता और न ही ठीक से चल पाता। इसके लिए मैं आपको (प्रधानमंत्री) कोटि-कोटि नमन करता हूं।

प्रधानमंत्री ने सवाल किया कि अस्पताल से मिली दवा खा रहे हैं। लाभार्थी के हां कहने पर प्रधानमंत्री ने जन औषधि केंद्र से दवा लेने की बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि जन औषधि केंद्र में सबसे सस्ती दवाएं मिलती हैं। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जन औषधि केंद्र से दवा लेने के बारे में बताएं। इसके साथ आयुष्मान भारत योजना के सभी लाभार्थियों को जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनाकर योजना के तहत निःशुल्क पांच लाख रुपये तक के उपचार का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करें। संवाद से पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए स्टाल का भ्रमण किया।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने वहां तैनात मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी से स्टालों पर दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। यहां पहला स्टॉल आयुष्मान भारतऽ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का था एवं दूसरे स्टाल स्वास्थ्य शिविर से संबन्धित था, जिसमे आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दी जाने वाली सेवाओं को प्रदर्शित किया गया था।

# तीन दिवसीय मेले और धनुष यज्ञ में पहुचे भाजपा जिलाध्यक्ष

देवा, बाराबंकी। विकास खण्ड देवा के पीड गांव में आयोजित 178 वा तीन दिवसीय धनुष यज्ञ मेले का सोमवार पूजा अर्चना के बाद बिधिवत शुभारम्भ हुआ जिसके चलते पीड गांव लोगों की भीड़ जुटने लगी है।

देवा क्षेत्र के पीड गांव में पंडित गयादीन महाराज द्वारा संस्थापित 178 वा धनुष यज्ञ मेला का उद्घाटन सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्या व बतकही के सयोजक मनीष परिहार ने संयुक्त रूप से प्राचीन धनुष की पूजा अर्चना व दीप जलाकर किया इस अवसर जिला महामंत्री संदीप गुप्ता,अशोक त्रिपाठी, देवा चेयरमैन मो.हारून मेला अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा मेला प्रबंधक राम लखन मिश्रा,संरक्षक रामचंद्र मिश्रा, ललित कुमार मिश्रा, सीताकात मिश्रा उमेश रावत प्रधान पुनीत मिश्रा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे ।

# श्रीकृष्ण जन्म स्थान और शाही ईदगाह मामले में टली सुनवाई, अब 11 जनवरी को होगी सुनवाई

प्रयागराज। इलाबाद हाईकोर्ट ने श्री कृष्ण जन्म स्थान और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में कोर्ट कमिश्नर नियक्त किये जाने के मामले में आज सुनवाई टाल दी है। कोर्ट अब 11 जनवरी को सुनवाई करेगी।

इसके पहले कोर्ट में सुन्नी वक्फ बोर्ड की ओर से अर्जी दाखिल कर कहा गया कि उसने कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति आदेश के खिलाफ विशेष याचिका दाखिल की है। याचिका पर नौ जनवरी को सुनवाई होनी है। इस पर हिन्दू पक्ष की ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किये जाने पर रोक नहीं लगाई है, जिस पर कोर्ट ने 11 जनवरी को सुनवाई का फैसला किया है।

# नमो ऐप की कार्यशाला बैठक में पढ़ाया सफलता का पाठ

गाजियाबाद। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महानगर इकाई ने नमो ऐप की कार्यशाला बैठक का आयोजन नेहरु नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर किया । जिसमें गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने मंडल प्रभारी व मंडल संयोजक को नमो एप की सफलता का पाठ पढ़ाया।महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि हमें बूथ पर पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के साथ सघन अभियान चलाकर प्रत्येक शहरी व ग्रामीण बूथ पर लोगों के फोन में नमो ऐप डाउनलोड कराना है।सभी मोर्चे अपने क्षेत्र के लाभार्थियों से व्यापक सम्पर्क करने में जुट जाएं नमो ऐप डाउनलोड कराएं तथा उनके साथ सेल्फी लेकर अपने नमो ऐप पर अपलोड करें।युवा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने बताया युवा मोर्चा के कार्यकर्ता नए मतदाता बने नवजवानो से सम्पर्क करते हुए उनके फोन में नमो ऐप डाउनलोड कराया तथा जनपद के सभी महाविद्यालय, प्रोफ़ेशनल शिक्षण संस्थान एवं विश्वविद्यालय में कैम्प लगाकर आम विद्यार्थियों को नमो डाउनलोड भी करा रहे हैं। जिन शिक्षण संस्थानों के मालिक, प्रबंधक या प्रिंसिपल अपनी विचारधारा से जुड़े उन संस्थानों की सूची बनाकर अपने संस्थानों के शिक्षक, कर्मचारियों व सभी विद्यार्थियों के फोन में नमो ऐप डाउनलोड करने के बारे में बताया।

नमो ऐप की जिला महानगर टोली के साथ भाजपा कार्यालय पर बैठककर नमो ऐप डाउनलोड की जानकारी ली गई । बैठक के दौरान समस्त नमो एप की महानगर से लगाई गई टीम से नमो ऐप के महानगर संयोजक गोपाल अग्रवाल, सह संयोजक, समस्त मंडल प्रभारी , मंडल संयोजक उपस्थित रहे ।

# ज्ञानवापी और काशी विश्वनाथ मंदिर के स्वामित्व विवाद की पोषणीयता पर हाईकोर्ट में फैसला 19 दिसम्बर को

प्रयागराज। वाराणसी के ज्ञानवापी और काशी विश्वनाथ मंदिर के बीच स्वामित्व विवाद मामले को लेकर वाराणसी में चल रहे सिविल वाद की पोषणीयता के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट 19 दिसम्बर को फैसला सुनाएगा।हिन्दू पक्ष के 1991 के मुकदमे को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। अंजुमन इंतेजामिया कमेटी और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में 1991 में वाराणसी की अदालत में दायर मूल वाद की पोषणीयता को चुनौती दी है। वाराणसी कोर्ट में सिविल वाद दायर है। 08 दिसम्बर को हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। कुल 5 याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है। दो याचिकाएं सिविल वाद की पोषणीयता और तीन याचिकाएं एएसआई सर्वे आदेश के खिलाफ हैं।

# किसानों को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया तेलांगाना

प्रतापगढ़। अन्तर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष-2023 के अन्तर्गत मिलेट्स के उपभोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद के 50 कृषकों के एक बैच को भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान राजेन्द्र नगर हैदराबाद-तेलंगाना में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भेजा गया। मुख्य विकास अधिकारी राकेश कुमार एवं जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने सोमवार को विकास भवन से हरी झण्डी दिखाकर बस से उन्हें रवाना किया ।

कृषकों का दल संस्थान में पहुँचकर श्री अन्न की फसलों के बारे में जानकारी प्राप्त करेगें तथा मिलेट्स से निर्मित होने वाले उत्पाद एवं उनके उपभोग व स्वास्थ्य को उनसे होने वाले फायदे के बारे में जानकारी संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा प्राप्त करेगें। उनके द्वारा प्राप्त की गयी जानकारी को उनके माध्यम से जनपद के अन्य कृषकों को गोष्ठी, मेला के माध्यम से प्रदान करायी जायेगी जिससे अधिक से अधिक कृषकों को मिलेट्स के प्रति जागरूक/प्रेरित किया जा सके जिसके दृष्टिगत जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड से महिला एवं पुरूष कृषकों को प्रशिक्षण में प्रतिभाग कराया जा रहा है। एफ0पी0ओ0 एवं महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को शामिल किया गया है।

महिला कृषकों में सरोजा, कमला, गीतांजली, मालती आदि सहित कुल 20 महिला कृषक तथा पुरूष कृषकों में राजेन्द्र सिंह चौहान, शिव प्रसाद, राम प्यारे, शेर बहादुर सिंह, जवाहिर सिंह, अभय प्रताप, त्रिभुवन सिंह आदि सहित कुल 30 पुरूष कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

# ग्रामीण अंचलो में बसती है खेल प्रतिभा : गौतम पाठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। हैदरगढ़ विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बीजापुर ग्राउंड में हो रहे युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि रामदेव सिंह ने फीता काट कर किया शुभारंभ, खेल प्रतियोगिता को शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया, तथा साथ ही साथ खेल प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया, इस मौके पर प्रधान बीजापुर गौतम पाठक, महादेव पाठक सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी व क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित थे।

# इनरव्हील क्लब की डी सी विजिट बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मसौली समाजसेवी संस्था इनरव्हील क्लब की डी सी विसिट की बैठक सम्पन हुई जिसमे संस्था की डिस्ट्रिक्ट चैयरमैन सुषमा अग्रवाल के शतायु वर्ष पूर्ण होने पर लोकार्पर्ण हैप्पी स्कूल बनाने पर चर्चा की गयी।

संस्था की अध्यक्षा कुसुम जैन की अध्यक्षता एव डा.अर्पिता के संचालन मे आयोजित बैठक मे सिविल लाइंस तिराहे पर कीर्ति स्तम्भ बनाने का जहा लोकार्पण किया गया तथा प्राथमिक विद्यालय अकबराबाद को हैप्पी स्कूल बनाने के लिए विद्यालय को इन्वेटर, स्मार्ट टी वी व बच्चो को बैठने के लिए बेंच उपलब्ध करायी गयी तथा बलरामपुर अस्पताल को ऑक्सीजन कंसन्टर्टर उपलब्ध कराने पर चर्चा की गयी तथा दो व्हील चेयर व दो साईकिल उपलब्ध करायी गयी तथा 18 अध्यापको वेशन विल्दर अवार्ड से सम्मानित किया गया ।



इस मौक़ेपर ज़ोनल हेड स्मृता अग्रवाल, डा.आभा वर्मा, मीडिया प्रभारी गिरीश अरोरा मधु झुनझुनवाला, कोषाध्यक्ष रेनू जायसवाल, आई एस ओ अलका श्रीर्ष, विनीता जयसवाल, जयश्री गुटगुटिया, अनु सिंह, रजनी वर्मा, साधना वर्मा, निरुपमा निगम, सुनीता जैन, रुचि, ममता चंद्रा, सरिता, रंजीत कौर, रचना अग्रवाल, संगीता गुप्ता, कंाति गुप्ता, कल्पना जैन, प्रतिभा खरे, पूनम डलमिया, मोनिका चंद्रा सहित समस्त संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

# ऑल इन्डिया प्यामे इन्सानियत फोरम ने जिला जेल में वितरित किए कम्बल

## संगठन का जरूरत मन्दों की सहायता करना सराहनीय कार्य है: डॉ.अनुपमा टिबड़ेवाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आल इन्डिया प्यामे इन्सानियत फोरम बारबंकी इकाई ने सोमवार को जिला जेल मे मौलाना अब्दुल अली हसनी नदवी,जेल अधीक्षक कुंदन कुमार मिश्रा,डा.ब्रजेश कुमार सीएमएस जिला अस्पताल,डा.अनुपमा टिबड़ेवाल प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं निदेशक अनुपमा हॉस्पिटल, डा.रोहित प्रसाद सर्जन जिला अस्पताल के द्वारा लगभग 100 कैदियों को कंबल वितरित किए गये। वहीं, आल इन्डिया प्यामे इन्सानियत फोरम ने जिला जेल के अधिकारियों को उनकी ईमानदारी और ईमानदाराना काम के लिए धन्यवाद दिया, जिनके नेतृत्व में कैदियों के बीच कंबल का वितरण संभव हुआ।

इस अवसर पर डा.अनुपमा टिबड़ेवाल ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने कैदियों को बहुत आवश्यक सहायता प्रदान की है। उन्होंने आगे कहा कि आज की दौर में ऐसे हर प्रयास को आगे बढ़ाया जाना चाहिए और उनका मनोबल भी बढ़ाया जाना चाहिए। जिला जेल के जिम्मेदारों ने भी सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया और उनसे समाज में मानवता और भाईचारे के साथ रहने की अपील की। और कहा की हमसे जो मदद हो सकेगी हम करेंगे।

इस दौरान संगठन के संयोजक मौलाना आसिम नदवी के साथ मौलाना कसीम अख्तर नदवी, मौलाना नईम अख्तर नदवी, शफीक चैधरी आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# मंदिर निर्माण की धनराशि सौंपी गई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। समाज सेवा फाउंडेशन लखनऊ के अध्यक्ष आशीष सिंह सिसोदिया द्वारा दो दिन पूर्व बबुरी गांव के रानी बाग स्थित माता दुर्गा मंदिर निर्माण एवं पठकन पुरवा के बाबा जगमोहन दास श्री रामलीला समिति स्थल पर बने शिव मंदिर के सुंदरीकरण हेतु की गई एक एक लाख रुपए की घोषणा को पूरा करने के क्रम में सोमवार को वहां के पुजारी को नगद धनराशि प्रदान की गई।

श्री सिसोदिया के प्रतिनिधि के रूप में रामबाबू मिश्र दिवाकर बाबा अजय तिवारी आर्यन कौशल तथा प्रभाकर तिवारी ने दोनों स्थलों के पुजारी को उक्त सम्मान राशि प्रदान की।

डॉ सिसोदिया की टीम सबसे पहले बबुरी गांव स्थित रानी बाग में स्थापित मां दुर्गा मंदिर पर पहुंची जहां संत शिरोमणि के नामौजूदगी में उनकी पत्नी साध्वी अर्चना को एक लाख रुपए की नकद धनराशि प्रदान की गई। इसी कड़ी में टीम ने पटकनपुरवा पहुंचकर शिव मंदिर के समक्ष मंदिर की देखरेख करने वाले पुजारी प्रवेश बाजपेई, अंशुल श्रीवास्तव, विष्णु दत्त बाजपेई मधुसूदन जी, संतोष अवस्थी, दुर्गेश तिवारी एवं गुड्डू मौर्य को टीम ने एक लाख रुपए की नकद धनराशि प्रदान की। उक्त धनराशि पाने के बाद दोनों धार्मिक स्थलों के पुजारी ने कहा कि डॉ आशीष सिंह सिसोदिया जी के सहयोग से अब इस मंदिर को भव्यता मिल सकेगी। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए डॉक्टर सिसोदिया को धन्यवाद भी दिया।

## पाटीदार या रिंकू को दूसरे वनडे में मिल सकता है पदार्पण का मौका, श्रृंखला जीतने पर भारत की नजरें

एजेंसी

गक्बेरहा (दक्षिण अफ्रीका)। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय में मंगलवार को यहां जब मैदान पर उतरेगी तब उसके सामने बेहद प्रतिभाशाली रजत पाटीदार या आकर्षक बल्लेबाजी करने वाले रिंकू सिंह में से किसी एक को पदार्पण का मौका देने की चुनौती से निपटना होगा। अर्शदीप सिंह और आवेश खान जैसे युवा तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम को श्रृंखला का पहला मैच आठ विकेट से जीतने में कोई परेशानी नहीं हुई। कप्तान लोकेश राहुल की अगुवाई में भारतीय टीम को 2022 में वनडे श्रृंखला में 0-3 की करारी हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में वह इस मैच को जीतकर पिछली नाकामी को पीछे छोड़ना चाहेंगे। अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस मैच के बाद टेस्ट टीम से जुड़ गये जिससे मध्यक्रम में एक जगह खाली है। रिंकू ने पिछले कुछ समय में




अपनी बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टी20 मैचों में अपनी तकनीक और समझदारी की छाप छोड़ी है। दक्षिण अफ्रीका में उछाल वाली पिचों पर भी उनकी बल्लेबाजी सहज दिखी। टीम में हालांकि फिलहाल उनकी भूमिका फिनिशर की है ऐसे में चौथे क्रम के बल्लेबाज अय्यर की जगह एकादश में जगह के लिए पाटीदार का दावा ज्यादा मजबूत है क्योंकि घरेलू मैचों वह मध्यप्रदेश के लिए इसी क्रम पर बल्लेबाजी करते है। पाटीदार 2022 में भी भारतीय वनडे टीम में जगह बनाने में सफल रहे थे लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला था। इसके बाद एड़ी की सर्जरी के कारण उन्हें एक साल तक संघर्ष करना पड़ा। टीम ने इस श्रृंखला में मैच फिनिशर की भूमिका अनुभवी संजू सैमसन को दी है जो राहुल के बाद छठे क्रम पर बल्लेबाजी करेंगे। लिस्ट ए क्रिकेट में रिंकू का औसत लगभग 50 का है ऐसे में टीम प्रबंधन दोनों के नाम पर गंभीरता से विचार करेगा। इस मैच में पाटीदार और रिंकू दोनों को पदार्पण का मौका मिल सकता है लेकिन इसके लिए तिलक वर्मा या सैमसन को बाहर होना होगा जिसकी संभावना कम दिखती है। पहले मैच में तिलक को सिर्फ तीन गेंद खेलने का मौका मिला जबकि सैमसन को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। पहले मैच में युवा सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने नाबाद अर्धशतक लगाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए दिग्गज क्विंटन डिकॉक के संन्यास के बाद टीम में सामंजस्य बैठाने की चुनौती है। डिकॉक की प्रवाहमय बल्लेबाजी के कारण रासी वैन डेर डुसेन, हेनरिक क्लासेन्स और डेविड मिलर जैसे बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका मिलता था। उनकी गैरमौजूदगी में टीम के शीर्ष क्रम के सामने भारत के स्विंग गेंदबाजों के खिलाफ सतर्कता से बल्लेबाजी करने की चुनौती होगी।

### टीमें

भारतः लोकेश राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़, बी साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, अर्शदीप सिंह, अवेश खान, रिंकू सिंह, आकाश दीप, युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुंदर।

दक्षिण अफ्रीकाः एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जोरजी, रीजी हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, एंडिले फ़ेहलुकवायो, तबरेज शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन, काइल वेरिन , लिजाद विलियम्स।

## इसमें कोई शक नहीं कि पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में हरा सकता हैः हफीज

एजेंसी

पर्थ। पर्थ में पाकिस्तान की करारी हार के बावजूद टीम निदेशक मोहम्मद हफीज का मानना है कि उनके पास ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में हराने की प्रतिभा है। पर्थ में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 487 रन बनाए, जवाब में पाकिस्तान की टीम 271 रनों पर सिमट गई और पहला पारी के आधार ऑस्ट्रेलिया को 216 रनों की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 5 विकेट पर 233 रन बनाकर घोषित कर दी और पाकिस्तान को 450 रनों का लक्ष्य दिया, लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी टीम केवल 30.2 ओवरों में 89 रन पर ढेर हो गई। श्रृंखला के शुरूआती मुकाबले में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन पर मैच के बाद हफीज ने कहा, ''मैंने अपनी तैयारी के दौरान देखा है कि इन लोगों में कितनी प्रतिभा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे ऑस्ट्रेलिया को यहां ऑस्ट्रेलिया में हरा सकते हैं। लेकिन जाहिर है, हम क्रियान्वयन के लिहाज से




ऐसा नहीं कर सके। योजना वहां थी और हमने उसके अनुसार तैयारी की। मेरा अब भी मानना है कि एक टीम के रूप में, पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया को यहां ऑस्ट्रेलिया में हरा सकता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हमें अपने कौशल का प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, ''हम अपने कौशल को क्रियानवित नहीं कर सके। हमने टीम के लिए योजनाएँ बनाईं, लेकिन दुर्भाग्य से, एक टीम के रूप में, हम अपनी योजनाओं को क्रियानवित नहीं कर सके। जाहिर है, लोग ऐसा करना चाहते थे, लेकिन ईमानदारी से कहूँ तो उन्होंने कभी खुद को लागू नहीं किया। एक टीम के रूप में हमने कुछ सामरिक गलतियाँ कीं। कुछ परिस्थितियाँ थीं जहाँ हम हावी हो सकते थे। हम तैयार थे, लेकिन हमारा कार्यान्वयन अच्छा नहीं था।''

## हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण काइल जैमीसन को बांग्लादेश वनडे से दिया गया आराम

एजेंसी

नेल्सन। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को हैमस्ट्रिंग में जकड़न के कारण बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के शेष मैचों के लिए आराम दिया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोमवार को उक्त जानकारी दी। जैमीसन बांग्लादेश के खिलाफ 27 दिसंबर से शुरू होने वाली आगामी टी20 सीरीज के लिए टीम में वापसी कर सकते हैं। बेन सियर्स, जिन्हें रविवार के मैच से पहले ब्लैककैप्स गेंदबाजी आक्रमण के कवर के रूप में लाया गया था, अब नेल्सन और नेपियर में क्रमशः 20 और 23 दिसंबर को होने वाले शेष मैचों के लिए टीम के साथ रहेंगे। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि जैमीसन को आराम देने का निर्णय व्यापक कार्यक्रम को ध्यान में रखकर किया गया है।



उन्होंने कहा, हमारे सामने बहुत सारा क्रिकेट है और हम बिना कोई अनावश्यक जोखिम उठाए यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि काइल सर्वोत्तम स्थान पर रहे। जैसा कि हमने एकदिवसीय टीम का चयन करते समय संकेत दिया था, हम श्रृंखला को कुछ नए खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के अवसर के रूप में देखते हैं, और बेन उस श्रेणी में फिट बैठता है।

## 2025 में नए फीफा क्लब विश्व कप की मेजबानी करेगा अमेरिका

एजेंसी

जिनेवा। फीफा ने रविवार को संशोधित फीफा क्लब विश्व कप के कार्यक्रम और विस्तृत जानकारी की घोषणा की, जिसका पहला संस्करण 2025 में संयुक्त राज्य अमेरिका में खेला जाएगा। फीफा परिषद ने 2023 फीफा क्लब विश्व कप सेमीफाइनल से पहले सऊदी अरब के जेद्दा में रविवार को बैठक की, जिसमें नए 32-टीम आयोजन के कई प्रमुख सिद्धांत बनाए गए, जो 15 जून से 13 जुलाई, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। वर्तमान वार्षिक क्लब विश्व कप प्रारूप के विपरीत, नई संरचना में टूर्नामेंट हर चार साल में केवल एक बार होता है। क्लब नई मानक रैंकिंग के साथ टूर्नामेंट के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं, जो हमेशा की तरह जीत के लिए तीन अंक और ड्रॉ के लिए एक अंक देता है, साथ ही यूरोप को छोड़कर पांच संघों की महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं के प्रत्येक चरण में प्रगति के लिए तीन अंक देता है। यूरोपीय



क्लबों की कार्यप्रणाली अधिक जटिल है, जो यूईएफए चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण में जीत के लिए दो अंक और योग्यता के लिए चार अंक देते हैं। फीफा ने एक बयान में कहा, ''हाल के चार सत्रों में खेल मानदंडों के आधार पर उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, परिसंघ के प्रासंगिक प्रीमियर क्लब प्रतियोगिता के समूह चरण से शुरू करके, और संबंधित टूर्नामेंट में प्रत्येक खेल के परिणाम को प्रोत्साहित करने के लिए, निम्नलिखित पद्धति नई मानक रैंकिंग को मंजूरी दे दी गई। 2025 के टूर्नामेंट में यूरोप से 12 टीमें, दक्षिण अमेरिका से छह, एशिया, अफ्रीका और उत्तरी और मध्य अमेरिका से चार-चार, ओशिनिया से एक और मेजबान देश से एक अतिरिक्त टीम शामिल होगी। टूर्नामेंट का समूह चरण एकल-गेम राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेलने वाले प्रति समूह चार टीमों के आठ समूहों से बना है, जिसमें प्रति समूह शीर्ष दो टीमें 16 के दौर में आगे बढ़ती हैं। एक सीधा एकल-मैच नॉकआउट चरण शुरू होता है 16वें राउंड से फ़ाइनल तक, और कोई तीसरे स्थान का प्ले-ऑफ़ आयोजित नहीं किया जाएगा। संशोधित क्लब विश्व कप के अलावा, फीफा ने एक नई वार्षिक वैश्विक क्लब प्रतियोगिता के गठन की भी घोषणा की, जिसे इंटरकांटिनेंटल कप के नाम से जाना जाएगा। वर्तमान क्लब विश्व कप प्रारूप की संरचना के समान, इंटरकांटिनेंटल कप में प्रत्येक परिसंघ के महाद्वीपीय खिताब विजेता एक-दूसरे के खिलाफ होंगे। यूईएफए चैंपियंस लीग विजेताओं को अन्य संघों के क्लबों के बीच एक अंतरमहाद्वीपीय प्ले-ऑफ के विजेताओं का सामना करने के लिए फाइनल में बाई दी जाएगी।

## सिराज का समर्थन करने के लिए अधिक गेंदबाजी विकल्प हासिल करना प्राथमिकताः आरसीबी क्रिकेट निदेशक

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबट ने सोमवार को कहा कि आगामी आईपीएल नीलामी में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का समर्थन करने के लिए अधिक गेंदबाजी विकल्प हासिल करना टीम की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। आरसीबी ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान फाफ डु प्लेसिस, ग्लेन मैक्सवेल और सिराज समेत 18 खिलाड़ियों को रिटेन (टीम में बरकरार) किया है और 11 खिलाड़ियों को रिलीज (टीम से बाहर) कर दिया है। जिन खिलाड़ियों को रिलीज किया गया है उनमें मध्यम तेज गेंदबाज हर्षल पटेल, श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की तिकड़ी शामिल हैं। इससे टीम की गेंदबाजी कमजोर हुई है। बोबाट ने यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में कहा, '' हम जो करते हैं मोहम्मद सिराज उसका मुख्य हिस्सा है।

## आईपीएल में बेहद कम संवाद के साथ फ्रेंचाइजी से बाहर किये जाने पर खिलाड़ियों में निराशा

एजेंसी

बेंगलुरु। सिद्धार्थ कौल पिछले कई वर्षों से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन इस तेज गेंदबाज को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए 2022 और 2023 सत्र में सिर्फ एक आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) मैच खेलने का मौका मिला और टीम ने इस साल उन्हें रिलीज (फ्रेंचाइजी से बाहर) कर दिया। कौल ने 2021 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पांच मैचों में 10 विकेट लिये। वह 2022 में 10 मैचों में 19 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज थे। इस साल उन्होंने 10 मैचों में 16 विकेट लेकर पंजाब को चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। तेज गेंदबाजों के लिए असरहीन भारतीय पिचों में शानदार प्रदर्शन के बाद भी कौल को दो सत्र में सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला। भारत के लिए तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 खेलने वाले 33 साल के खिलाड़ी को इस बात की निराशा है कि उन्हें आईपीएल के पिछले दो सत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका नहीं मिला। कौल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' मैं ऐसा नहीं कहूंगा कि इससे मुझे कोई निराशा नहीं है। मैं भी इंसान हू लेकिन ऐसे मामले में आपके हाथ में कुछ भी नहीं होता है।'' उन्होंने कहा, '' मैं हालांकि इससे निराश होकर खेल छोड़ने के बारे में सोच भी नहीं सकता। मुझे प्रथम श्रेणी में पदार्पण के 11 साल बाद भारत के लिए खेलने का मौका मिला था। मुझे वह विश्वास था मैं फिर से यह मौका बना सकता हूं।'' इस 33 साल के गेंदबाज को उम्मीद है कि मंगलवार को होने वाली नीलामी में उनके नाम पर बोली लगेगी और उन्हें अपनी काबीलियत को साबित करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, '' मैं कर्म में विश्वास रखता हूं। मेरा काम प्रदर्शन करना है। घरेलू मैचों के मेरे आंकड़े सबके सामने हैं। मै किसी को भी दोषी नहीं ठहराऊंगा (रिटेन नहीं किए जाने के लिए) क्योंकि टीम (आरसीबी) के पास इस साल नयी कोचिंग टीम है। इस आईपीएल के लिए वे जो नया संयोजन चाहते हैं।'' भारतीय टीम के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने भी इस फ्रेंचाइजी पर बिना ज्यादा बातचीत किये बिना ही टीम से हटाने का आरोप लगाया था। चहल ने यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के पोडकास्ट पर कहा था, '' मुझे टीम से हटाये जाने का तरीका वास्तव में बुरा लगा था। किसी ने फोन पर बात करना भी सही नहीं समझा था। कम से कम इस बारे में खिलाड़ी से बात तो करो ।'' भारतीय टीम के एक पूर्व खिलाड़ी ने भी गोपनीयता की शर्त पर कहा, '' मेरे पास 10 सेंकंड का कॉल आया था और इतना ही कहा गया कि अपको टीम में नहीं रखा जायेगा। इस बारे में ना तो कोई बातचीत हुई, ना ही कोई कारण बताया गया कि मुझे क्यों बाहर किया जा रहा है।

## वित्तीय धोखाधड़ी मामले में नियोमैक्स की 207 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

एजेंसी




नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मदुरै स्थित नियोमैक्स समूह की कंपनियों के 207 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को जब्त किया है। जांच एजेंसी ने समूह के खिलाफ यह कार्रवाई वित्तीय धोखाधड़ी के एक मामले में धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की है। ईडी ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि मदुरै स्थित नियोमैक्स समूह की कंपनियों द्वारा की गई वित्तीय धोखाधड़ी के एक मामले में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत तमिलनाडु में विभिन्न स्थानों पर 207 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाली अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने तमिलनाडु पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर यह कार्रवाई की है। जांच एजेंसी के मुताबिक नियोमैक्स समूह की कंपनियों ने कथित तौर पर 12-30 फीसदी ब्याज के साथ उच्च रिटर्न का वादा करके कई निवेशकों को विभिन्न परियोजनाओं (प्लॉट विकास) में लाखों रुपये जमा कराकर धोखा दिया है। ईडी ने कहा कि नियोमैक्स प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड समूह ने अपराध से अर्जित आय को छुपाने के लिए अपने बही-खातों में 'हेर-फ़ेर' किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक समूह के लेखा परीक्षक ने अपने बयान में यह स्वीकार किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'शानदार' वार्नर एक और साल टेस्ट क्रिकेट खेल सकते हैंः हीली

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर इयान हीली का मानना है कि डेविड वार्नर पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक जड़ने वाले प्रदर्शन को अगर जारी रखे तो वह एक और साल तक टेस्ट क्रिकेट खेल सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में वार्नर की 211 गेंदों पर 164 रन की पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 360 रन से जीत दर्ज की। माना जा रहा है कि सिडनी में अपने घरेलू मैदान पर इस श्रृंखला का आखिरी मैच खेलने के बाद वह टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। हीली ने एसईएन रेडियो से कहा, '' मुझे उसके बारे में जो बात पसंद है वह है उसका लगातार खेलने के बावजूद फिटनेस बनाये रखना। हम सभी जानते हैं कि वह कितना फिट है क्योंकि उसने विकेटों के बीच अपनी तेज दौड़ को बनाये रखी है। मुझे यह काफी पसंद आया। हीली ने कहा, '' अगर वह इस तरह से बल्लेबाजी करता है, तो मेरा मानना है कि वह एक और संन्यास के लिए एक और साल का समय ले सकता है। टेस्ट क्रिकेट में पिछले कुछ समय से वह फुटवर्क के कारण संघर्ष कर रहा था लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ फुटवर्क, संतुलन और बल्ले की गति सब कुछ बेहतरीन रहा। वार्नर को पिछले कुछ समय में खराब प्रदर्शन के कारण काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। टीम के उनके पूर्व साथी मिचेल जॉनसन ने कहा था कि पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला को वार्नर की जगह लेने वाले सलामी बल्लेबाज को मौका देने के लिए इंस्तेमाल करना चाहिये था लेकिन हीली उनकी बातों से सहमत नहीं है। इस पूर्व दिग्गज विकेटकीपर ने कहा, '' वार्नर ने पहली पारी के दौरान मुश्किल परिस्थियों में 160 (164) रन बनाये जिससे ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट मैच जीता। यह आसान नहीं था।

### सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश का बेहतरीन मौका, कीमत 6,199 रुपये प्रति ग्राम

**नई दिल्ली।** सरकार एक बार फिर सोना में निवेश करने का बेहतरीन मौका दे रही है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) की तीसरी किस्त निवेश के लिए (आज) सोमवार से खुल गई। इसमें 22 दिसंबर तक निवेश का मौका है। बॉन्ड 28 दिसंबर को जारी किए जाएंगे। इस बार रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एसजीबी के लिए इश्यू प्राइस 6,199 रुपये प्रति ग्राम तय किया है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड एक सरकारी बॉन्ड होता है। ये बॉन्ड एक ग्राम सोने का होता है। इस बॉन्ड की कीमत एक ग्राम सोने के बराबर होगी। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में आप 24 कैरेट यानी 99.9 फीसदी शुद्ध सोने में निवेश करते हैं। इसे आरबीआई की तरफ से जारी किया जाता है। एसजीबी में निवेश करने पर 2.50 फीसदी का सालाना ब्याज मिलता है। पैसों की जरूरत पड़ने पर बॉन्ड के बदले लोन भी लिया जा सकता है। इस बॉन्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन करने और डिजिटल माध्यम से भुगतान करने वाले निवेशकों को अंकित मूल्य से 50 रुपये प्रति ग्राम की छूट मिलेगी। एसजीबी की मैच्योरिटी पीरियड आठ साल रहती है। मैच्योरिटी पूरा होने के बाद इससे होने वाले लाभ पर कोई टैक्स नहीं लगता। अगर आप पांच साल बाद अपना पैसा निकालते हैं, तो इससे होने वाले लाभ पर 20.80 फीसदी टैक्स लगता है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड को आप अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (स्मॉल फाइनेंस बैंकों, पेमेंट बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर), स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल), नामित डाकघरों और स्टॉक एक्सचेंजों-नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (बीएसई) के माध्यम से खरीद सकते हैं। इस बॉन्ड में निवेश करने की अधिकतम सीमा व्यक्तियों के लिए चार किलोग्राम, एचयूएफ (हिंदू अविभाजित परिवार) के लिए चार किलोग्राम और न्यासों तथा समान संस्थाओं के लिए 20 किलोग्राम निर्धारित है।

### कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में तेजी का रुख कायम है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 77 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक आज दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन कारोबार की शुरुआत में ब्रेंड क्रूड 0.32 डॉलर यानी 0.42 फीसदी की उछाल के साथ 76.87 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.32 डॉलर यानी 0.45 फीसदी की बढ़त के साथ 71.75 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## देश के सर्राफा बाजारों में गिरावट सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को देश के सर्राफा बाजारों में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार में सोने के भाव में 250 से 400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। आज आई गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर बाजारों में सोना 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे लुढ़क गया है। इसी तरह चांदी में भी आज नरमी नजर आ रही है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में आज चांदी करीब 500 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट के साथ 78 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 62,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह



अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना 62,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,4000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा कोलकाता में 24 कैरेट सोना 62,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 62,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## देश में सालाना आधार पर चीनी का उत्पादन 11 फीसदी गिरकर 74.05 लाख टन हुआ

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में एक अक्टूबर से 15 दिसंबर के दौरान चीनी का उत्पादन 74.05 लाख टन रहा है। पिछले चीनी विपणन वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में 82.95 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। सालाना आधार पर चीनी के उत्पादन में 11 फीसदी की गिरावट आई है। हालांकि, चालू चीनी मिलों की संख्या सालाना आधार पर 497 ही है। चीनी मिलों के संगठन इंडियन शुगर मिल एसोशिएशन (इस्मा) ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 दिसंबर तक चीनी का उत्पादन सालाना आधार पर 11 फीसदी घटकर 74.05 लाख टन रहा है, जो पिछले चीनी विपणन वर्ष की इसी अवधि में 82.95 लाख टन था। इस्मा ने



इसकी मुख्य वजह महाराष्ट्र और कर्नाटक में चीनी का कम उत्पादन बताया है। इस्मा के मुताबिक चालू चीनी विपणन वर्ष में महाराष्ट्र और कर्नाटक की चीनी मिल में पिछले चीनी विपणन वर्ष की तुलना में करीब 10-15 दिन बाद काम शुरू हुआ। आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन पिछले चीनी विपणन वर्ष की तुलना में 33.02 लाख टन से घटकर 24.45 लाख टन रहा है। इसी तरह कर्नाटक में उत्पादन 19.20 लाख टन से घटकर 16.95 लाख टन हो गया है। उद्योग संगठन इस्मा के मुताबिक उत्तर प्रदेश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 15 दिसंबर तक चीनी का चीनी उत्पादन बढ़कर 22.11 लाख टन हो गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 20.26 लाख टन रहा था। इस्मा ने पिछले हफ्ते अनुमान लगाया था कि चीनी विपणन वर्ष 2023-24 के दौरान कुल चीनी का उत्पादन 325 लाख टन (इथेनॉल के लिए उपयोग के बिना) होने की उम्मीद है। देश के पास अभी 56 लाख टन चीनी का भंडारण है, जबकि खपत 285 लाख टन रहने का अनुमान है। सरकार ने घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए चालू विपणन वर्ष 2023-24 में चीनी निर्यात की अनुमति नहीं दी है। पिछले चीनी विपणन वर्ष 2022-23 में भारत ने 64 लाख टन चीनी का निर्यात किया था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक होता।

# सुरक्षा मुद्दे पर सांसदों का निलंबन लोकतंत्र की हत्या : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सुरक्षा के मुद्दे पर हंगामा करने के कारण संसद के दोनों सदनों से 47 सांसदों को निलंबित कर निरंकुशता और तानाशाही का परिचय दिया है। कांग्रेस अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट कर कहा कि संसद की सुरक्षा महत्वपूर्ण है और इस बारे में विपक्षी दलों के नेताओं ने जब गृहमंत्री अमित शाह से संसद में बयान देने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सदन में आने की मांग की तो सरकार ने मांग पर विचार करने की बजाय यह मांग करने वाले सांसदों को ही निलंबित कर दिया। ऐसा कर निरंकुश मोदी-सरकार ने सभी लोकतांत्रिक मानदंडों को कूड़ेदान में फेंक दिया। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने निलंबन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि न केवल लोकसभा में बल्कि आज राज्यसभा में भी 'खून-खराबा' कर दिया गया। इसके साथ ही 13 दिसंबर की घटना पर गृह मंत्री द्वारा बयान देने की मांग करने और विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति देने की मांग करने पर इंडिया गठबंधन के 45 सांसदों को निलंबित कर दिया। संयोग से, मैं भी अपने 19 साल के संसदीय करियर में पहली बार इस सम्मान सूची में शामिल हो गया हूं। उन्होंने कहा,यह भारत में लोकतंत्र की हत्या है। चौंकाने वाले सुरक्षा उल्लंघन पर गृह मंत्री से बयान की मांग करने के लिए इंडिया गठबंधन के 13 सांसदों को 14 दिसंबर को लोकसभा से निलंबित किया गया आज फिर गठबंधन के 33 और सांसदों, जिनमें कई सदन के नेता शामिल हैं, को वैध मांग करने के लिए लोकसभा से निलंबित कर दिया गया। तानाशाही का दूसरा नाम मोदीशाही है और यह लोकतंत्र की हत्या है।

## कांग्रेस ने ऑनलाइन चंदा एकत्र करने के लिए शुरू किया 'डोनेट फॉर देश' अभियान

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव से कुछ महीने, पहले सोमवार को ऑनलाइन चंदा एकत्र करने के लिए 'डोनेट फॉर देश' नाम से अभियान शुरू किया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां एक कार्यक्रम में इस अभियान की शुरुआत की। खरगे ने कहा कि 'डोनेट फॉर देश' अभियान के माध्यम से कांग्रेस आम जनता से मदद लेकर देश को आगे ले जाने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस को हमेशा ही आम जनता की मदद मिलती रही है। महात्मा गांधी ने भी देशवासियों की मदद लेकर देश को आजादी दिलाई थी।यह अभियान पूरे देश में एक मुहिम बन रहा है, जिसमें लोग आगे आकर देश के लिए डोनेट कर रहे हैं। खरगे ने कहा, ''अगर सिर्फ अमीरों पर भरोसा करके काम करते जाएंगे तो आगे आपको उनके कार्यक्रम और नीतियों को मानना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की इकलौती पार्टी है जो गरीबों के साथ है। देश की मुख्य विपक्षी पार्टी 28 दिसंबर को अपने 138वें स्थापना दिवस से पहले इस अभियान के माध्यम से लोगों से 138 रुपये, 1,380 रुपये, 13,800 रुपये या फिर इससे 10 गुना राशि चंदे के रूप में देने की अपील कर रही है। कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि पार्टी धन की तंगी से जूझ रही है और 'भाजपा की चुनाव मशीनरी' से लड़ने के लिए पैसे की कमी का सामना कर रही है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा अधिकतर चुनावी बांड हासिल कर रही है, क्योंकि यह योजना इस तरह बनाई गई है जिससे सत्ताधारी दल को फायदा हो।

# जम्मू कश्मीर पुनर्गठन तथा केन्द्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयकों पर संसद की मुहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए किये प्रावधानों को जम्मू-कश्मीर और पुड्डुचेरी विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने से संबंधित दो विधेयकों को सोमवार को राज्यसभा ने विपक्ष के हंगामे के बीच अल्प चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

ये दोनों विधेयक लोकसभा पहले ही पारित कर चुकी है। इस तरह से इन पर अब संसद की मुहर लग गयी है। दोबारा के स्थगन तथा भोजनावकाश के बाद कार्यवाही शुरू होने पर विपक्ष ने संसद की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुये नारेबाजी शुरू कर दी। भारी शोरगुल के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक 2023 और केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 को पेश करने के लिए नाम पुकारा। श्री राय ने हंगामे के बीच इन दोनों विधेयकों को सदन के पटल पर रखा। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 में संशोधन किया गया है। अब इसमें संशोधन कर जम्मू-कश्मीर विधानसभा की सभी निर्वाचित सीटों में से एक तिहाई महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। यह आरक्षण विधानसभा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर भी लागू होगा। केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम 1963 में संशोधन करने के उद्देश्य से केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 लाया गया है। इसमें कुछ विशेष केंद्र शासित प्रदेशों के लिए विधानसभाओं की स्थापना और मंत्रिपरिषद के गठन का प्रावधान करता है। यह संशोधन पुड्डुचेरी विधानसभा की सभी निर्वाचित सीटों में से एक तिहाई महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है। यह विधानसभा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर भी लागू होगा। सभापति ने भारी शोरगुल के बीच इन दोनों विधेयकों पर एक साथ चर्चा शुरू करायी। इस दौरान 10 मिनट तक चली अल्प चर्चा में 13 सदस्यों ने भाग लिया। अन्नाद्रमुक के एम थंबी दुरई ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी की जानी चाहिए। तेलुगु देशम पार्टी के कनकमेदला रविन्द्र कुमार ने भी जम्मू-कश्मीर में तत्काल चुनाव कराये जाने चाहिए। इसके बाद श्री राय ने इन दोनों विधेयकों को पारित किये जाने का प्रस्ताव किया। सदन ने ध्वनिमत से एक एक कर इन दोनों विधेयकों को पारित कर दिया। लोकसभा इन दोनों विधेयकों को पहले ही पारित कर चुकी है। इस तरह इन पर संसद की मुहर लग गयी है।

# जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में एक के बाद एक चार बार भूकंप के झटके

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सोमवार को मध्यम तीव्रता वाला एक के बाद एक चार बार भूकंप के झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.5 मापी गयी।

अधिकारियों ने कहा कि इस दौरान जानमाल या संपत्ति के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र, जो देश में भूकंप की गतिविधियों पर नजर रकती है, ने कहा कि रिक्टर पैमाने पर 5.5 की तीव्रता वाला पहला भूकंप अपराह्न लगभग 1548 बजे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में आया। भूकंप का केंद्र 33.41 अक्षांश और 76.70 देशांतर पर लद्दाख के कारगिल क्षेत्र में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे स्थित था। इसके लगभग 13 मिनट बाद रिक्टर पैमाने पर 3.8 तीव्रता का एक और भूकंप



आया जिसका केंद्र करगिल में और 10 किलोमीटर की गहराई में था। लगभग उसी समय रिक्टर पैमाने पर 4.8 की तीव्रता वाला एक मामूली भूकंप आया, जिसका केंद्र जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ क्षेत्र में था। जम्मू-कश्मीर में शाम लगभग 16.18 बजे भूकंप का चौथा झटका महसूस किया गया जिसका केंद्र किश्तवाड़ में था और इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.6 मापी गई। एनसीएस ने चौथे भूकंप के बारे में एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ह्ल3.6 तीव्रता का भूकंप, सोमवार को 16:18:08 आईएसटी, अक्षांशः 33.37 और देशांतरः 76.57, गहराईः 10 किमी, क्षेत्रः किश्तवाड़, जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर भूकंप के दृष्टिकोण से संवेदनशील है। नियमित रूप से छोटे झटकों के अलावा, पूर्ववर्ती राज्य के लगभग सभी हिस्सों में मध्यम से बड़े भूकंप आए हैं। गत आठ अक्टूबर, 2005 की सुबह इस क्षेत्र में सबसे घातक भूकंपों में से एक आया था। इस भूकंप ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर दस्तक दी थी और इसके कारण उत्तरी पाकिस्तान और जम्मू-कश्मीर में 80 हजार से ज्यादा मौतें हुई थीं। कश्मीर घाटी भूकंप के प्रति बहुत संवेदनशील है क्योंकि यह पीर पंजाल और जास्कर के बीच स्थित है। जम्मू-कश्मीर के अन्य उत्तरी हिस्से बहुत प्रभावित हैं। जास्कर और लद्दाख पर्वतमाला के साथ एनडब्ल्यू-एसई ट्रेंडिंग स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट चलता है, जो जम्मू-कश्मीर में सबसे लंबा है।

# 21वीं सदी का भारत बनाने में आईआईटी खड़गपुर की अहम भूमिका: मुर्मु

एजेंसी

खड़गपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर जैसे संस्थानों की नवाचार और प्रौद्योगिकी के माध्यम से 21वीं सदी का भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि उन्हें प्रौद्योगिकी विकसित करने और उसे लागू करने के लिए क्रांतिकारी प्रयास करने होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि तकनीकी पर हर किसी का अधिकार होना चाहिए. इसका उपयोग सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाना चाहिए न कि समाज में दूरियां बढ़ाने के लिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान प्रणाली आम लोगों के जीवन को सरल बनाने वाली प्रौद्योगिकी का सबसे अच्छा उदाहरण है।



श्रीमती मुर्मु ने आज आईआईटी खड़गपुर के 69वें दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाई और संबोधित करते हुए कहा कि आईआईटी प्रणाली की पूरी दुनिया में प्रतिष्ठा है। आईआईटी को प्रतिभा और प्रौद्योगिकी का ऊष्मायन केंद्र माना जाता है। उन्होंने कहा कि आईआईटी खड़गपुर को देश का पहला आईआईटी होने का गौरव प्राप्त है। इस संस्था ने लगभग 73 वर्षों की अपनी यात्रा में महान प्रतिभाओं को निखारा है और देश के विकास में इसका योगदान अतुलनीय है। राष्ट्रपति ने इस बात पर खुशी जतायी कि केंद्र सरकार की आईआईटी के अंतर्राष्ट्रीयकरण और वैश्वीकरण की नीति के अनुरूप, आईआईटी खड़गपुर अन्य वैश्विक संस्थानों के साथ गठबंधन और सहयोग पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आईआईटी खड़गपुर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में मदद करेगा बल्कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम होगा। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि दुनिया की सबसे पुरानी ज्ञान परंपरा वाले इतने विशाल देश का एक भी शैक्षणिक संस्थान दुनिया के शीर्ष 50 शैक्षणिक संस्थानों में शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि रैंकिंग की दौड़ अच्छी शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है. लेकिन अच्छी रैंकिंग न केवल दुनिया भर के छात्रों और अच्छे संकाय को आकर्षित करती है बल्कि देश की प्रतिष्ठा भी बढ़ाती है।देश की सबसे पुरानी आईआईटी होने के नाते आईआईटी खड़गपुर को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि आज भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है, नए मानक स्थापित कर रहा है और एक प्रमुख विश्व शक्ति के रूप में उभर रहा है।

## केजरीवाल के दिल्ली मॉडल से डरते हैं मोदी : आप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे अधिक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिल्ली मॉडल से डरते हैं। आप के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने श्री केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से मिले दोबारा समन पर प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री के ख़िलाफ़ लगाये गये सारे आरोप बेबुनियाद और फर्जी है। उन्होंने कहा कि कथित शराब घोटाला फ़र्जी मामला है। इसमें कुछ नहीं है। श्री पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री के ख़िलाफ़ जो भी सवाल खड़े करते हैं उन्हें या तो निलंबित करा दिया जाता है या फिर उन्हें गिरफ़्तार कर लिया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी से जो भी प्रश्न पूछने की कोशिश करता है उसे ख़त्म करने की सारी कोशिशें करते हैं। आप नेता ने कहा कि श्री मोदी सबसे ज़्यादा श्री केजरीवाल से डरते हैं। वह श्री केजरीवाल की राजनीति और दिल्ली मॉडल से डरते हैं। उन्होंने कहा कि जो मोदी जी के सामने समर्पण कर देता है, उन्हें सारे मामलों में क्लीन चिट मिल जाती है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के शराब घोटाले मामले में ईडी ने श्री केजरीवाल को एक बार फिर नोटिस भेजा है। ईडी ने उन्हें नोटिस भेजकर 21 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है।

## नरेंद्र सिंह तोमर का सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष बनना तय

भोपाल। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह तोमर का सर्वसम्मति से मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष बनना तय हो गया है। सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ ही मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों की ओर से भी आज उनके नाम का औपचारिक प्रस्ताव सचिवालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। नवगठित सोलहवीं विधानसभा के चार दिवसीय सत्र के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए श्री तोमर के नाम का प्रस्ताव मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और श्री भूपेंद्र सिंह की ओर से किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह, डॉ राजेंद्र कुमार सिंह और जयवर्धन सिंह की ओर से भी श्री तोमर के नाम का प्रस्ताव रखा गया। इसका समर्थन क्रमशः नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रहलाद पटेल, राजेंद्र शुक्ल, रामनिवास रावत, हेमंत कटारे और तुलसी सिलावट की ओर से किया गया। इसी के साथ अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन की तिथि 20 दिसंबर को श्री तोमर का सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित होना तय हो गया। केंद्र और राज्य सरकार में मंत्री के रूप में अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों को संभाल चुके श्री तोमर इस बार मुरैना जिले की दिमनी विधानसभा सीट से निर्वाचित हुए हैं। श्री तोमर का जन्म मुरैना जिले की पोरसा तहसील के औरेठी गांव में 12 जून 1957 को हुआ। उनके पिता श्री मुंशी सिंह तोमर पेशे से किसान थे। स्नातक तक शिक्षा हासिल करने वाले श्री तोमर केंद्र और राज्य सरकार में महत्वपूर्ण विभागों का दायित्व मंत्री के रूप में संभालते आए हैं। वे संगठन में भी महत्वपूर्ण पदों पर रहे और वे कुशल प्रशासक के साथ ही बेहतर संगठक तथा समन्वयक के रूप में पहचाने जाते हैं।

## इंडियन स्पेस एसोसिएशन ने दूरसंचार विधेयक 2023 को दूरदर्शी बताया

नयी दिल्ली। अंतरिक्ष उद्योग क्षेत्र की कंपनियों के मंच इंडियन स्पेस एसोसिएशन (आईएसपीए) ने दूरसंचार विधेयक को सोमवार को लोक सभा में पेश किए जाने का स्वागत करते हुए आज के दिन को' ऐतिहासिक दिन'बताया है। संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एके भट्ट (सेवानिवृत्त) ने एक बयान में कहा कि उपग्रहसंचार के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन को प्रशासनिक तरीके से करने के प्रावधान वाले विधेयक को प्रस्तुत करने का सरकार का निर्णय 'एक बड़ा ही प्रगतिशील और दूरदर्शी निर्णय है।ह्न उन्होंने कहा कि भारत में स्पेक्ट्रम आवंटन को वैश्विक स्तर पर एक तरह से अपनाए जा रही प्रशासनिक पद्धति के माध्यम से करने का निर्णय देश के लिए अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि इससे भारत में उभरते हुए अंतरिक्ष क्षेत्र में विकास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और इस क्षेत्र के सभी हितधारकों के लिए एक समान अवसर सुनिश्चित होंगे। उन्होंने कहा कि सैटकॉम के लिए प्रशासनिक पद्धति से स्पेक्ट्रम आवंटित करके, भारत खुद को अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ जोड़ सकता है, वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दे सकता है। इससे नवाचार को बढ़ावा देने, स्टार्टअप के लिए अवसर पैदा करने और वैश्विक उपग्रह बाजार में देश की स्थिति को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोक सभा में विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामे और शोरगुल के बीच लोकसभा में इस विधेयक को पेश किया। यह विधेयक भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 की जगह लेगा। विधेयक में सरकार को उपभोक्ताओं के हित, बाजार में प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने, दूरसंचार नेटवर्क की उपलब्धता या निरंतरता और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रवेश शुल्क, लाइसेंस शुल्क, जुर्माना आदि माफ करने की शक्ति प्रदान करने का प्रावधान भी है। विधेयक में दूरसंचार कंपनियों के लिए अनुपयोगी स्पेक्ट्रम को सरकार को लौटाने, शेयरिंग, ट्रेडिंग और लीज पर देने की अनुमति भी दिये जाने का प्रावधान है।

# पेज एक का शेष

### एक दिन में...

लेकिन विपक्षी सदस्य शोर शराबा करते रहे जिसे देखते हुए श्री धनखड ने कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। निलंबित किये जाने वाले सदस्यों में कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश, ऐमी याज्ञिक, नारायण भाई राठवा, सैयद नासिर हुसैन, फूलो देवी नेताम, शक्ति सिंह गोहिल, के सी वेणुगोपाल, रजनी पाटिल, रंजीत रंजन, इमरान प्रतापगढ़ी, रणदीप सुरजेवाला, तृणमूल कांग्रेस के सुखेंदू शेखर राय, मोहम्मद नदीमुल हक, अबीर रंजन विश्वास, शांतनु सेन, मौसम नूर, प्रकाश चिक बारीक, समीरुल इस्लाम, द्रमुक के एम षणमुगम, एन आर इलंगो, कनिमोझी एन वी एन सोमू, आर गिरिराजन, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार झा, फैयाज अहमद , मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वी शिवादासन, जनता दल युनाईटेड के रामनाथ ठाकुर, अनिल प्रसाद हेगडे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की वंदना चव्हाण, समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव, जावेद अली खान, झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माझी, केरल कांग्रेस - एम के जोस के मणि और आचंलिक गण मोर्चा के अजीत कुमार भुईयां शामिल हैं। जिन सदस्यों का निलंबन और उनके आचरण का मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा गया है उनमें कांग्रेस की जेबी माथेर हीशाम, एल हनुमंतैया, नीरज डांगी, राजमणि पटेल, कुमार केतकर, जी सी चंद्रशेखर, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विस्वम, संदोष कुमार पी, द्रमुक के एम मोहम्मद अब्दुल्ला, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जान ब्रिटास और ए ए रहीम शामिल हैं। तृणमूल कांग्रेस के सदन में नेता डेरेक ओ ब्रायन को भी पिछले सप्ताह इसी मुद्दे पर सदन से निलंबित कर उनके आचरण का मामला भी सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था। इस तरह अब तक विपक्ष के 46 सदस्यों को निलंबित किया जा चुका है।

विपक्ष पिछले सप्ताह से ही संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर हंगामा कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि इस मुद्दे पर सदन में चर्चा करायी जाए और गृहमंत्री अमित शाह वक्तव्य दें। उधर सभापति ने कहा है कि सुरक्षा में चूक की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है और मामले की जांच की जा रही है। इस मुद्दे पर बने गतिरोध के कारण पिछले सप्ताह दो दिन कोई विधायी कामकाज नहीं हो सका जबकि आज शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हुआ। हालांकि सरकार ने हंगामे के बीच जम्मू कश्मीर से संबंधित दो विधेयक पारित कराये।चार बार के स्थगन के बाद तीन बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने हंगामा कर रहे कांग्रेस समेत विपक्षी सदस्यों का नाम लिया।उसके बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सदन ने अवमानना का गंभीर संज्ञान लिया है। उन्होंने विपक्ष के 33 का नाम पुकारा और सभी सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित किए गए सदस्यों में कल्याण बनर्जी, ए राजा, दयानिधि मारन, डॉक्टर के जयकुमार, अपरूपा पोद्दार, प्रसून बनर्जी, ईटी मोहम्मद बशीर, जी शेलवम, सी एन अन्नादुराई, अधीर रंजन चौधरी, डॉक्टर टी सुमती, के नवास क़ानी, के वीरास्वामी, एन के प्रेमचन्द्रन, प्रो सौग़त राय, शताब्दी राय, असीत कुमार मल, कौशलेंद्र कुमार, अंटो अंटोनी, एस एस पलानीमाणक्कम, अब्दुल खालिक, थिरुनवुकरासर, विजय वसंथ, प्रतिमा मण्डल, काकोली घोष, के मुरलीधरन, सुनील कुमार मंडल, एस रामलिंगम, के सुरेश, अमर सिंह, राजमोहन उन्नीथन, गौरव गोगोई, टी आर बालू शामिल हैं। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि इन सदस्यों ने बार बार आग्रह करने के बावजूद सदन में तख़्तियाँ लेकर आये। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कांग्रेस के डॉक्टर के जयकुमार, विजय वसंथ और अब्दुल खालिक को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट लंबित रहने तक निलंबित कर दिया गया है। यह तीनों अध्यक्ष के आसन के समीप जा नारेबाज़ी की तख़्तियाँ लहराई। इससे पहले बुधवार को विपक्ष के चौदह सदस्यों को निलंबित किया गया था।

### लखनऊ पीजीआई ...

जान नहीं बचाई जा सकी। इस बीच पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, आईसीयू और आस-पास भर्ती अन्य मरीजों को दूसरे विभागों में शिफ्टकर सुरक्षित किया गया। निदेशक डॉ. आरके धीमन का कहना है कि ओटी में मॉनीटर की स्पार्क से आग लगी थी। कुछ ही देर में आग वर्क स्टेशन और ओटी में फैल गई। फायर सिस्टम सक्रिय किया गया। मरीजों को पोस्ट क्रिएटिव यूनिट में शिफ्ट कराया गया। ओटी में सर्जरी के लिए ले जाई गई महिला को नहीं बचाया गया। बच्चे को बचाने की नाकाम कोशिश हुई। घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

### चिड़ियाघर में हिप्पो ...

अवकाश रहता है। इस वजह से हमले की जानकारी देर से हो पाई। जिस हिप्पो ने कर्मचारी सूरज पर हमला किया है उसे कुछ दिन पहले ही कानपुर चिड़ियाघर से लखनऊ शिफ्ट किया गया था। बिना किसी सिक्योरिटी के कर्मचारियों को हिप्पो के बाड़े में जाने देने पर सवाल उठ रहे हैं। इसके पीछे लापरवाही भी सामने आ रही है। मारा गया कर्मचारी करीब 12 साल से चिड़ियाघर में सफाई कर्मचारी के रूप में काम कर रहा था। उसे ?5500 रुपए की फिक्स सैलरी पर रखा गया था। इससे पहले राजू नामक कर्मी पर भी हिप्पो ने हमला कर घायल कर दिया था। मारे गए सूरज के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूरज कंपवेल रोड बरौरा थाना ठाकुरगंज का निवासी था। उसके परिवार में एक बेटा एक बेटी व पत्नी है। सूरज की मौत के बाद परिवार में अब कोई कमाने वाला नहीं है।

### तीन प्रतिमाओं में ...

शुरू हो जाएगा। इस अदभुद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री, सेना के अधिकारी, एलएण्डटी.,टाटा, अंबानी,अडानी समूह के शीर्ष लोगों को भी बुलाया गया है। कार्यक्रम में कई अन्य देशों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सभी परम्पराओं के साधु-सन्त के साथ ही किसी भी क्षेत्र में देश का सम्मान बढ़ाने वाले सभी प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया गया है। रामघाट चौराहा स्थित कार्यशाला में नव-निर्मित पत्रकार कक्ष में उन्होंने कहा कि कारसेवकपुरम में एक हजार हवारोधी अच्छा और सुंदर आवास तैयार किया गया है। महंत नृत्यगोपाल दास के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र में 850 लोगों के ठहरने की ऐसी ही व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अयोध्या और अयोध्या छावनी में मठ, मंदिर, धर्मशाला और परिवारों में 600 लोगों के रहने की व्यवस्था है। इसके लिए सम्बन्धित लोगों ने स्वेच्छा से सहमति दी है। नवस्थापित तीर्थक्षेत्रपुरम (बाग बिजैसी) में टिन का नगर बसाया गया है। इसमें छह नलकूप, छह रसोई घर और दस बिस्तरों वाला एक अस्पताल स्थापित किया जा रहा है। देश भर के लगभग डेढ़ सौ चिकित्सकों ने इसमें क्रमिक सेवा के लिए अपनी स्वीकृति दी है। इसके साथ नगर के हर कोने में लंगर,भोजनालय,भण्डारा,अन्नक्षेत्र चलेंगे। इसके साथ ही मौसम को देखते हुए कई स्थानों पर चाय की व्यवस्था भी की जा रही है। साथ में कुछ खाने को भी होगा। कुल दो हजार शौचालयों का निर्माण भी विचाराधीन है। नगर को गंदगी, मक्खी, मच्छर से मुक्त रखने के प्रयास भी किए जा रहे है। जाड़े के हिसाब से अलाव की व्यवस्था भी होगी। ट्रस्ट महामंत्री ने बताया कि सरकारी व्यवस्था के अलावा तीर्थक्षेत्रपुरम बाग बिजैसी, हाइवे के पास मैदान में, रामसेवकपुरम और कारसेवकपुरम में वाहन पार्किंग का इंतजाम ट्रस्ट की तरफ से किया गया है। ट्रस्ट के महामंत्री ने बताया कि करीब चार हजार सन्तों को आमंत्रण भेजा गया है। प्रयास है कि सभी परम्पराओं के सन्त आएं। सभी कमिश्नरी का प्रतिनिधित्व हो। सभी शंकराचार्य महामण्डलेश्वर सिख और बौद्ध पंथ के शीर्ष सन्तों को बुलावा भेजा गया है। स्वामी नारायण, आर्ट ऑफ लिविंग, गायत्री परिवार, मीडिया हाउस, खेल, किसान, कला जगत के प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया गया है। 2200 गृहस्थों का चयन भी इसके लिए किया गया है। 1992 से 1984 के बीच सक्रिय पत्रकारों को भी बुलावा भेजा गया है। हुतात्माओं के परिजन, लेखक, साहित्यकार, कवि, उद्योगजगत के लोग, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। काशी के गणेश्वर शास्त्री द्राविड़, लक्ष्मीकांत दीक्षित (कर्मकांड) पूजा सम्पन्न कराएंगे। प्राण-प्रतिष्ठा पूजन के बाद 48 दिन की मंडल पूजा होगी जो विश्वप्रसन्न तीर्थ के नेतृत्व में होगी।

### मोदी की गांरटी...

कहा कि काशी की आय बढ़ाने के लिए डबल इंजन की सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने स्मार्ट सिटी के तहत यूनिफाइड टूरिस्ट पास सिस्टम की भी जानकारी दी साथ ही वाराणसी की टूरिस्ट वेबसाइट के बारे में भी बताया, जिसे आज लांच किया गया है। उन्होंने भोजपुरी में ही कहा कि, ह्ल जे बाहर से आवला ओके थोड़ी न पता ह कि ई मलइयो क मौसम हव, जाड़ा में चूड़ मटर क आनंद कोई बाहरी कइसे जान पाई, गोदौलिया क चाट हो चाहे रामनगर क लस्सी ई सब जानकारी वेबसाइट पर मिल जाई। प्रधानमंत्री ने दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से न्यू भाऊपुर जंक्शन के बीच शुरू हुए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर, चित्रकूट में लगने वाले 800 मेगावाट के सौर ऊर्जा पार्क सहित लोकार्पित और शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कृषि में ड्रोन टेक्नोलॉजी के महत्व पर कहा कि ड्रोन हमारी कृषि व्यवस्था का भविष्य गढ़ने वाला है। सरकार ने नमो ड्रोन दीदी का शुभारंभ किया है। इस अभियान के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को ड्रोन चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्होंने बनास डेयरी प्लांट का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका निर्माण बनारस में तेजी से हो रहा है। अगले एक-दो महीने में ये पूरा हो जाएगा। बनास डेयरी काशी में 500 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों से पूर्वांचल का पूरा इलाका बहुत उपेक्षित रहा है, मगर महादेव के आशीर्वाद से मोदी आपकी सेवा में जुटा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के पीछे काशी के मेरे स्वजनों की ताकत है। आप हमेशा मेरे साथ खड़े रहते हैं मेरे संकल्पों को सशक्त करते हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने वाराणसी से चार नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होने कहा कि आज वाराणसी से दिल्ली के लिए एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू हुई है। आज से मऊ-दोहरीघाट ट्रेन भी शुरू हो रही है, इस लाइन के शुरू होने से बड़हलगंज, हाटा, आदि क्षेत्र के लोगों को बहुत फायदा होने वाला है। इसके बाद अपने संबोधन की शुरुआत भोजपुरी भाषा में की। उन्होने कहा ह्ल काशी के सब लोगन के हमार प्रणाम बा। का कहल जाला बनारस में..जिया राजा बनारस। श्री मोदी अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर रविवार को यहां पहुंचे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री जयवीर सिंह, अनिल राजभर, रविन्द्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र दयालु समेत अन्य गणमान्य और भारी संख्या में काशी की जनता मौजूद रही।

# मौलिक कर्तव्यों को याद करने वाला दिन : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री ने विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर सोमवार को हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र, गढ़ी कैंट, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की पुस्तिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्पसंख्यक समुदाय के सभी लोगों को विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन भारतवर्ष की एकता और अखंडता के संरक्षण व संवर्धन हेतु हमारे मौलिक कर्तव्यों को याद करने का दिन है। भारत की एकता और अखंडता का मूल भी हमारी यही सांस्कृतिक विभिन्नताओं में पाए जाने वाली एकरूपता है। अनेकता में एकता का यही भाव देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। हमारी भारतीय संस्कृति सभी पंथ मार्ग, संप्रदायों का सम्मान करने की रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की संस्कृति और सामर्थ्य का विस्तार संपूर्ण विश्व में हो रहा है। उनके द्वारा दिए गए मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास द्वारा नये भारत में हर वर्ग के सशक्तिकरण का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना की जागृति का केंद्र रहा है। राज्य सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व बढ़ाए जाने एवं अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किए जाने हेतु ङ्कमुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजनाङ्क प्रारम्भ की गई है। राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय के परिवारों की मेधावी छात्राओं की शिक्षा हेतु विशेष अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर नल से जल, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालयों का निर्माण, आवास योजना सहित अनेक प्रकार की योजनाओं के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार ने जन समस्याओं के समाधान के लिए कार्य किये हैं।

# जुगाड़ वाहनों पर कार्रवाई के सम्बन्ध में सघन अभियान चलाया जाये : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में परिवहन व्यावसायियों की समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में एक बैठक हुई। जिलाधिकारी को बैठक में ऑल इण्डिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के पदाधिकारियों आदि ने सिडकुल हरिद्वार में पार्किंग आदि की समस्या के सम्बन्ध में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जो गाड़ियां पार्किंग के बाहर खड़ी रहती हैं, उनसे भी पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पार्किंग का ठेकेदार केवल पार्किंग के अन्दर ही पार्किंग शुल्क की वसूली कर सकता है। पार्किंग के बाहर जो भी गाड़ी अगर व्यवस्था के अधीन नहीं खड़ी है, तो उसका चालान काटा जाये। परिवहन व्यवसायियों ने बैठक में सिडकुल हरिद्वार भगवानपुर, रुड़की इण्डस्ट्रीयल क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय के निमार्ण का प्रकरण जिलाधिकारी के सामने रखा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को इस संबंध में 15 दिन के भीतर निर्माण के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में सिडकुल हरिद्वार एवं भगवानपुर इण्डस्ट्रीयल एरिया में ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी गर्ब्याल को परिवहन व्यावसायियों ने बैठक में जुगाड़ वाहन व ई-रिक्शा से हो रही दिक्कतों से भी अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जुगाड़ वाहनों पर कार्रवाई करने के सम्बन्ध में एक सघन अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए। भगवानपुर से ईमलीखेडा-धनौरी बहादराबाद रोड पर ट्रको की नो एंट्री का प्रकरण बैठक में रखा। बैठक में परिवहन व्यावसायियों ने इण्डस्ट्रीयल एरिया भगवानपुर एवं रूडकी की सड़कों की मरम्मत तथा पुर्ननिर्माण का प्रकरण रखा, तो सम्बन्धित अधिकारियों ने वस्तुस्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

# संक्षिप्त समाचार

## राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजनाओं हेतु होगा बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण

नैनीताल। शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजनाओं हेतु संस्थान के प्रमुख और नोडल अधिकारियों का बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण किया जाना है। इसके लिये जनपद में शिविर लगाये जा रहे हैं। जनपद के मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे ने बताया कि भारत सरकार के माध्यम से छात्रवृत्ति योजनाओं के सत्यापन हेतु अधिकृत अधिकारियों का राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर योजनावार राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी, जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों, संस्थान के प्रमुख और संस्थान के नोडल अधिकारियों का बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण समयबद्ध रूप से किए जाने के निर्देश मिले हैं। जनपद नैनीताल में अनुसूचित, पिछड़ी जाति, जनजाति व दिव्यांग आदि वर्गों की छात्रवृत्ति प्रकिया को पूरा करने के लिए जनपद में 19 दिसंबर को सुबह 10 बजे से समाज कल्याण कार्यालय विकास भवन भीमताल, 20 को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हल्द्वानी, 21 को एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी, 22 और 23 को खंड शिक्षा कार्यालय विकासखंड रामनगर और 24 से 26 दिसंबर तक समाज कल्याण कार्यालय विकास भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। बताया कि निर्धारित तिथि और संस्थान के कोड और आधार कार्ड आदि प्रणाम पत्र लाने अनिवार्य हैं।

## मोबाइल कारोबारी के पकड़े मोबाइल, कुमाऊं कमिश्नर ने दिए जीएसटी जांच के निर्देश

हल्द्वानी। हल्द्वानी में जीएसटी चोरी को लेकर कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत बेहद सख्त नजर आ रहे हैं। आज उन्होंने नैनीताल रोड कोऑपरेटिव बैंक तिराहे के पास स्कूटी पर बड़ी संख्या में मोबाइल ले जा रहे हैं दो लोगों को पूछताछ के लिए अपने पास बुला लिया। इस दौरान मोबाइल ले जा रहे व्यक्तियों ने बताया कि यह मोबाइल फोन हल्द्वानी के एक कारोबारी के हैं, जिनकी शहर में मोबाइल की बड़ी दुकान है। उसको कमिश्नर दीपक रावत अपने कैंप ऑफिस ले गए और जीएसटी के अधिकारियों से मोबाइल के जीएसटी से जुड़े कागजात को चेक किया जा रहा है। उन्होंने कहा जीएसटी चोरी को किसी भी कीमत और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जीएसटी चोरी पर इससे पहले भी उनके द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है और आज एक बार फिर से मोबाइल की जीएसटी से जुड़े कागजात को चेक किया जा रहा है।

## खनन कारोबारी का एसडीएम कोर्ट में अर्धनग्न प्रदर्शन

हल्द्वानी। खनन और वाहनों की फिटनेस निजी हाथों में देने के विरोध में खनन कारोबारी ने एसडीएम कोर्ट के प्रांगण में अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया। सोमवार को बड़ी संख्या में एसडीएम कोर्ट में एकत्रित हुए खनन कारोबारी ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। कारोबारी ने सरकार से वाहनों की फिटनेस को निजी हाथों से वापस लेने की मांग की। मामले में ठोस कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। इस दौरान गोला के सभी 11 गेट से जुड़े खनन कारोबारी मौजूद रहे।

## खेलों की तरह कार्य क्षेत्र में भी रणनीति आवश्यक : प्रवीण झा

हरिद्वार। बीएचईएल स्पोर्ट्स क्लब, हरिद्वार के तत्वावधान में तीन दिवसीय, बीएचईएल अन्तर इकाई कैरम प्रतियोगिता आज यहां शुरू हुई। सेक्टर-2 स्थित खेल भवन में आयोजित इस टूर्नामेंट का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा ने, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक (प्रभारी) सीएफएफपी विवेक कुमार रायजादा की उपस्थिति में किया।

झा ने सभी खिलाड़ियों तथा निर्णायकों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रवीण चन्द्र झा ने कहा कि खेल हमें सिखाते हैं कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, किस प्रकार मिल जुलकर कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह खेलों में जीत के लिए रणनीति बनाई जाती है, ठीक उसी तरह हमें अपने कार्य क्षेत्र में भी सुनियोजित रणनीति के साथ काम करना चाहिए। श्री झा ने सभी टीमों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए।

उल्लेखनीय है कि इस अन्तर इकाई कैरम प्रतियोगिता में बीएचईएल की 09 इकाइयों की टीमें भाग ले रही हैं। साथ ही 06 इकाइयों की महिला टीमें भी इस आयोजन में प्रतिभाग कर रहीं हैं। प्रतियोगिता के दौरान हरिद्वार टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी नरेंद्र कुमार ने सभी टीमों को खेल भावना की शपथ भी दिलायी।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक आलोक कुमार, अध्यक्ष अजय कुमार एवं महासचिव अभिनव आशीष आदि ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कई महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी तथा यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## सरकारी कार्यक्रमों को पार्टी कार्यक्रम बनाने पर भड़के कांग्रेसी

नई टिहरी। जिला कांग्रेस के कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने डीएम मयूर दीक्षित से मिलकर सरकारी कार्यक्रमों को एक पार्टी विशेष का कार्यक्रम बनाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए पत्र सौंपकर सुधार न होने पर कार्यक्रमों के बहिष्कार की चेतावनी दी। सोमवार को कांग्रेसियों का प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जनता दरबार के दौरान डीएम दीक्षित से ने मिला। डीएम दीक्षित को पत्र सौंपकर सरकारी कार्यक्रमों में कांग्रेस के प्रतिनिधियों की उपेक्षा के साथ संचालक पार्टी विशेष के व्यक्ति को बनाने सहित तमाम तरह के आरोप लगाते हुए कार्यक्रमों को पार्टी विशेष का कार्यक्रम बनाने का आरोप लगाया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि विगत लंबे समय से यह देखने में आ रहा है, कि जनपद में हो रहे राजकीय कार्यक्रमों एवं जनपद स्तरीय विभागीय कार्यक्रमों में प्रतिपक्ष के प्रतिनिधियों और पार्टी संगठन के पदाधिकारी को आमंत्रित नहीं किया जा रहा है। साथ ही जनपद स्तरीय विभागों के हो रहे कार्यक्रमों में भी प्रतिपक्ष एवं पार्टी संगठन पदाधिकारियों को आमंत्रण नहीं दिया जा रहा है। जहां पर आमंत्रण दिया भी जा रहा है, तो वहां पर प्रतिपक्ष के नेताओं का समान नहीं दिया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस के सचिव सैयद मुशर्रफ अली और शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पंवार, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत, प्रदेश कांग्रेस के सदस्य देवेंद्र नौडियाल ब्लॉक अध्यक्ष साहब सिंह सजवान ने कहा कि जनपद स्तरीय कार्यक्रम में एक ऐसे व्यक्ति के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया जाता है जो एक पार्टी विशेष का प्रवक्ता है। उन्होंने कहा कि आधिकारियों-कर्मचारियों और कार्यक्रम के आयोजकों का व्यवहार रहा, तो आने वाले समय में हम पूरे जनपद में सभी कार्यक्रमों का जमकर विरोध करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष आशा रावत, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलदीप पंवार, प्रदेश सचिव सैयद मुशर्रफ अली, पीसीसी सदस्य देवेंद्र नौटियाल, महिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी रावत, अनीता शाह, ब्लॉक अध्यक्ष साहब सिंह सजवान, नगर अध्यक्ष शक्ति प्रसाद जोशी, मनीष पंत, श्यामलाल शाह, दिनेश कृषाली आदि मौजूद रहे।

# एम्स ऋषिकेश को लीवर ट्रांसप्लांट की मिली मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश को लीवर ट्रांसप्लांट की मंजूरी मिलने के बाद संस्थान ने इस जटिल प्रक्रिया को शुरू करने से पहले देशभर के नामी लीवर ट्रांसप्लांट शल्य चिकित्सकों के साथ सीएमई के माध्यम से व्यापक चर्चा की। वक्ताओं ने इस प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों से निपटने और उसे सरलीकृत करने की आवश्यकता जतायी।

संस्थान के गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी व गेस्ट्रोसर्जिकल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व एम्स ऋषिकेश के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर समीरन नंदी ने कहा कि तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों के बल पर भारत दुनिया में लीवर प्रत्यारोपण के अग्रणी केंद्रों में से एक बन गया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अंग दान और अंग प्रत्यारोपण को विनियमित करने वाले कानून किस प्रकार अस्तित्व में आए। प्रोफ़ेसर समीरन ने कहा कि अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया में हालांकि अभी भी बहुत बाधाएं हैं, लेकिन भारत ने लीवर प्रत्यारोपण के क्षेत्र में एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने लीवर प्रत्यारोपण की संख्या के मामले में भारत को शीर्ष तीन देशों में से एक बताया।

उल्लेखनीय है कि एम्स ऋषिकेश को कुछ समय पूर्व ही लीवर ट्रांसप्लांट की अनुमति मिली है। इस सम्बंध में संस्थान की निदेशक प्रोफ़ेसर मीनू सिंह ने मेडिकल व सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागों के साथ घनिष्ठ समन्वय और पूर्ण समर्थन प्रदान करके अस्पताल में लीवर प्रत्यारोपण शुरू करने हेतु अपने दृष्टिकोण से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि लीवर ट्रांसप्लांट शुरू होने से एम्स ऋषिकेश स्वास्थ्य क्षेत्र में और मजबूत हो सकेगा। पीजीआई चंडीगढ़ के पूर्व निदेशक और संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि प्रोफ़ेसर वाई. के. चावला ने अपने अनुभवों के आधार पर लीवर प्रत्यारोपण स्थापित करने में सरकारी संस्थानों के सामने आने वाली चुनौतियों और उन्हें कैसे पार पाया जाए, इस सम्बंध में बताया। एम्स ऋषिकेश के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के प्रमुख और कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष डॉ. रोहित गुप्ता ने लीवर प्रत्यारोपण की स्थापना व इसकी

### संस्थान में शीघ्र शुरू होगी ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया : प्रो मीनू सिंह

आवश्यकताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इस विषय पर व्याख्यान देने के लिए देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों को सम्बोधित करते हुए अगले साल तक संस्थान में लीवर ट्रांसप्लांट शुरू करने की योजना साझा की। इस दौरान विश्व प्रसिद्ध हेपेटोलॉजिस्ट, प्रोफ़ेसर शिव कुमार सरीन ने प्रत्यारोपण से पहले अंग दाताओं के चयन और ट्रांसप्लांट की तैयारी के बारे में चर्चा की। संस्थान की इमरजेंसी मेडिसिन की एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. पूनम अरोड़ा ने किसी रोगी के ब्रेन डेड की अवधारणा के बारे में बात रखी। जबकि आईएलबीएस के लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन प्रोफ़ेसर विनियेंद्र पामेचा ने चर्चा को आगे बढाते हुए सफल लीवर ट्रांसप्लांट सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सकों, सर्जनों और प्रशासन से आवश्यक समन्वय स्थापित करने की बात कही।

## घनसाली क्षेत्र में कच्ची शराब बनाकर बेचने की शिकायत की

नई टिहरी। जनता दर्शन कार्यक्रम में डीएम मयूर दीक्षित ने आम लोगों की शिकायतों को सुनते हुए 66 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। आम लोगों की शिकायतों के निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण हो। शिकायतों को रिपीटेशन न हो।

जिला सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में ग्राम जाख पट्टी उदयकोट के आजाद सिंह नेगी ने चंबा कोटी कॉलोनी में विभागीय भूमि पर अवैध खोखे को लेकर हो रही दिक्कत से अवगत कराते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग के जारी नोटिस के बावजूद कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। जिस पर डीएम ने एसडीएम टिहरी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जाखणीधार ब्लाक के ग्राम प्रधान मंदार संगीता रावत ने म्यूदी मंदार से बौराड़ी तक सड़क की खराब हलात से अवगत कराते हुए जल्द से जल्द सड़क को ठीक करवाने की मांग की। जिस पर डीएम ने प्रांतीय खंड लोग निर्माण विभाग के ईई को कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

# आकांक्षी जनपद विकास योजनाओं के संबंध में अधिकारियों ने ली बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। आईएफएस उपेन्द्र सिंह रावत व आईएफएस आलोक अभिताभ डिमरी ने सोमवार को आकांक्षी जनपद की दृष्टि से हरिद्वार का भ्रमण किया। उपेन्द्र सिंह रावत एवं आलोक अभिताभ डिमरी की डामकोठी में जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन के साथ आकांक्षी जनपद में संचालित हो रही विभिन्न विकास योजनाओं के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई, जिसमें विस्तार से इन योजनाओं के सम्बन्ध में विचार विमर्श हुआ। इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को कैसे दिलाया जा सकता है, के सम्बन्ध में कई महत्वपूर्ण सुझाव बैठक में सामने आये। बैठक में उपेन्द्र सिंह रावत एवं आलोक अभिताभ डिमरी को अधिकारियों ने अनीमिया मुक्त हरिद्वार अभियान का जिक्र करते हुये बताया कि अनीमिया को दूर करने के लिये अध्यापकों व आंगनबाड़ी वर्कर्स का पूरा सहयोग लिया जा रहा है। रीड एलॉग एप का जिक्र करते हुए अधिकारियों ने बताया कि इसके माध्यम से बच्चों को आसानी से साक्षर किया जा रहा है। अभी तक 32 हजार से अधिक यूजर इस एप के जनपद में हो गये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सीएसआर मद से भी शिक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। बैठक में अधिकारियों ने प्रोजेक्ट मीठी गंगा के सम्बन्ध में बताया कि जिस तरह अमूल दूध के क्षेत्र में कार्य कर रहा है, उसी तरह जनपद हरिद्वार भी शहद उत्पादन के क्षेत्र में मीठी गंगा प्रोजेक्ट के तहत कोआपरेटिव के माध्यम से कार्य कर रहा है, जिसके लिये इरमा का सहयोग लिया जा रहा है। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि आकांक्षी जनपद के तौर पर जनपद हरिद्वार का विभिन्न देशों के राजदूतों ने भ्रमण किया तथा उन्होंने यहां चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की प्रशंसा की। इसी तरह बांग्लादेश के सिविल सर्विस के अधिकारियों ने जनपद का भ्रमण किया तथा यहां के मॉडल की स्टडी करने के पश्चात वे इसे अपने देश में भी लागू करने पर विचार कर रहे हैं। घाटों का जिक्र करते हुये अधिकारियों ने बताया कि घाटों के रखरखाव के लिये 18 स्वयंसेवी संस्थाओं, आखाड़ों से टाइअप हो चुका है।

# कुविवि के डॉ. जोशी उच्च शिक्षा निदेशालय से साहित्यिक चोरी रोकने के विशेषज्ञ नामित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। कुमाऊं विवि के पुस्तकालय एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. युगल जोशी को प्रदेश के उच्च शिक्षा निदेशालय ने 'मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना' के अंतर्गत 'प्लेगरिज्म' यानी सहित्यिक चोरी रोकने के विशेषज्ञ के रूप में नामित कर दिया है। प्रदेश के उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. चंद्र दत्त सूंठा की ओर से इस संबंध में डॉ. जोशी को पत्र भेजकर जानकारी दी गयी है।

इधर बताया गया है कि मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों एवं राज्य विश्वविद्यालयों में उच्च गुणवत्ता युक्त शैक्षणिक वातावरण के विकास एवं विविधीकरण, शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण, पर्यावरण परिवर्तन, नई तकनीकों को बढ़ावा दिये जाने तथा यहां कार्यरत प्राध्यापकों एवं संस्थागत छात्रों व शोध अध्येताओं को शोध कार्यों हेतु प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से शुरू की गयी है।


योजना से लाभान्वित होने के लिये यहां कार्यरत प्राध्यापक एवं संस्थागत छात्रों व शोध अध्येता तथा प्रमुख शोध अन्वेषक व सह शोध अन्वेषक विज्ञान, कला, मानविकी, गृह विज्ञान व वाणिज्य प्रबंधन आदि विषयों में आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत शोध हेतु 15 से 18 लाख रुपये तक की अनुदान राशि का प्रावधान है। शोध कार्य हेतु पांच हजार रुपये प्रति माह की दर से शोध मानदेय भी देय होगा।

## देश की दो तहसीलों में होगा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

देहरादून। बेंगलुरु के प्रतिष्ठित एनआईएमएचएएनएस संस्थान के कन्वोकेशन सेन्टर में नमन कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम निमास बेंगलुरु एवं आश्रय हस्ता ट्रस्ट के सहयोग से व्यापक ग्रामीण मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के रूप में कियान्वित किया जायेगा। यह प्रोजेक्ट उत्तराखंड के जनपद पिथौरागढ़ के मनुस्यारी तहसील और कर्नाटक राज्य के हसन जिले के बेल्लूर तहसील में सम्पादित किया जायेगा, जिसकी अवधि 03 वर्ष होगी। आयोजन के तहत उक्त तहसीलों की सम्पूर्ण जनसंख्या की मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूर्ण करने का निर्णय लिया गया है। यह कार्यक्रम मानव के सम्पूर्ण जीवन काल- गर्भावस्था से लेकर मृत अवस्था तक के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन पर आधारित है। इस प्रोजेक्ट को तीन वर्ष की अवधि के अन्तराल में पूर्ण किया जायेगा। एनआईएमएचएएनएस द्वारा इस कार्यक्रम को समग्र रूप से कियान्वित करने के लिये एक रोड मैप विकसित किया गया है।

# श्रीलंका भारत के विकास में महत्वपूर्ण भागीदार है : लोक सभा अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता




## श्रीलंका के संसदीय शिष्टमंडल ने लोक सभा अध्यक्ष से मुलाकात की

नई दिल्ली। श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अबेवर्धना के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए संसदीय शिष्टमंडल ने सोमवार को संसद भवन परिसर में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। बिरला ने भारत यात्रा पर आए शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि दोनों देश न केवल पड़ोसी हैं बल्कि इतिहास, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्य की साझी विरासत के कारण एक दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं । दोनों देशों में लोकतंत्र के महत्व का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि लोकतंत्र के साझे मूल्य प्रगति और एकता की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक सिद्धांतों की प्रतिबद्धता के फलस्वरूप हमारे समाज सशक्त हुए हैं। समावेशी शासन को बढ़ावा मिला है और यह सुनिश्चित हुआ है कि हमारे नागरिकों की आवाज विधायी कक्षों के भीतर उठाई जाए। बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के लिए श्रीलंका रणनीतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पड़ोसी देश है। आर्थिक रूप से और पर्यटन स्थल के रूप में, श्रीलंका भारत के विकास में एक महत्वपूर्ण भागीदार रहा है। अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की कि दोनों देशों के बीच लंबे समय से विकसित हुए संबंध समय के साथ और मजबूत होंगे। बिरला ने देश के विकास में संसद की भूमिका के बारे में भी विस्तार से बात की और शिष्टमंडल के सदस्यों से ऐसे कानून लाने का आग्रह किया, जिससे उनके देश में आर्थिक और सामाजिक विकास हो। बिरला ने यह आशा व्यक्त की कि भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत रहेंगे, जिससे आने वाले समय में दोनों देशों के संबंध और घनिष्ठ होंगे। आर्थिक विकास की सराहना करते हुए श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अबेवर्धना ने अनेक क्षेत्रों में भारत द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत की सहायता से बुनियादी सुविधाओं की अनेक परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं, जिससे श्रीलंका के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने भारत की शिक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि श्रीलंका के छात्रों के साथ सहयोग से उन्हें अत्यधिक लाभ होगा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063